


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 32 | रांची, शनिवार, 11 जनवरी 2025 (पौष शुक्ल 12, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com




## 'वी विल कम बैक' के नारे के साथ भाजपा के हो गए रघुवर

प्रात: नागपुरी संवाददाता

- राजनीतिक में जय-पराजय जीवन का हिस्सा
- कुछ माह इंतजार, फिर सदन से सड़क तक संघर्ष



**रांची।** 'वी विल कम बैक' के नारे के साथ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रहे रघुवर दास ने शुक्रवार (10 जनवरी 2025) को बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। रांची स्थित बीजेपी दफ्तर में एक समारोह में रघुवर दास ने दूसरी बार भाजपा की सदस्यता ली। बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद रघुवर दास ने नेताओं-कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा- 'ओडिशा के राज्यपाल पद से त्यागपत्र देकर अब वो पुरानी भूमिका में लौट रहे हैं। राज्यपाल होना गरिमा की बात होती है, लेकिन संगठन का दास होना गर्व की बात होती है।'

**राजनीतिक में जय-पराजय जीवन का हिस्सा :** रघुवर दास ने कहा कि राजनीतिक जीवन में हार जीत लगी रहती है। जय-पराजय जीवन का हिस्सा है। लोगों ने वो दिन भी देखा है, जब 1984 में भाजपा के दो सांसद थे, तब विपक्षी हम दो हमारे दो बोलकर हमारी खिल्ली उड़ाते थे। लेकिन जैसा आप सभी को पता है कि भाजपा का जन्म ही हुआ है राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए, ना कि सत्ता सुख भोगने के लिए।

उन्होंने कहा कि सत्ता हमारे लिए साधन है, जनता की सेवा करने का। सत्ता मेवा का साधन नहीं है। देश के लोगों ने भाजपा का शासन देखा है। इसी कारण लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र में एनडीए की सरकार आई है। आज देश के 22 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार हैं।

**कुछ महीने इंतजार, फिर सदन से सड़क तक संघर्ष :** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि झारखंड की जनता ने जो जनादेश दिया है, उसका वो उसका सम्मान करते हैं। झारखंड की जनता ने इंडिया गठबंधन की सरकार को राज करने का बहुमत दिया है। इंडिया गठबंधन ने चुनाव में जो वादे किए थे, उसी के आधार पर उन्हें जनादेश मिला है।

शेष पेज 08 पर

### 2024 के जनादेश से सबक लेने की जरूरत

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 से सबक लेते हुए 2025 के नए वर्ष में नई ऊर्जा, नई उमंग और नए उत्साह के साथ सभी बीजेपी कार्यकर्ताओं को जनहित के लिए लड़ना-जूझना है और विजयी होना है। रघुवर दास ने कहा कि 10 जनवरी का दिन उनके लिए ऐतिहासिक दिन है। 1980 में इसी दिन वो भाजपा के प्राथमिक सदस्य बने थे और अब दूसरी बार बीजेपी की सदस्यता ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले राज्यपाल बनाए जाने पर 26 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर जब अपना इस्तीफा सौंपा था, तो वो उनके जीवन का काफी भावुक पल था।

## सफलता से अधिक नाकामियां सिखाती हैं : प्रधानमंत्री मोदी



- पीएम ने निखिल कामत के साथ पॉडकास्ट में लिया हिस्सा

**नई दिल्ली।** जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामत ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पॉडकास्ट में बातचीत की। इस दौरान पीएम ने सफलता के बारे में बात की और चंद्रयान का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-2 की असफलता के बाद मैं जितना वैज्ञानिकों का आत्मविश्वास बढ़ा सकता था मैंने बढ़ाया। उसका नतीजा चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग थी।

**'चंद्रयान-2 के दौरान कई लोगों ने कहा था कि मत जाइए' :** पीएम मोदी ने कहा, 'जिस समय चंद्रयान-2 की लॉन्चिंग थी, उस समय कई लोगों ने कहा था कि मुझे वहां नहीं जाना चाहिए। मैंने पूछा क्यों नहीं जाना चाहिए, तो लोगों ने कहा कि इसका पता नहीं होता कि सफल होगा भी या नहीं। कई देश विफल हो चुके हैं। फिर आप जाएंगे, तो आप पर आ जाएगा। इस पर मैंने कहा कि तो क्या हुआ? अपयश लेने की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है क्या। मैं गया और हुआ ऐसा की चंद्रयान-2 की लॉन्चिंग के आखिरी समय हम असफल हो गए।'

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली विस चुनाव की अधिसूचना जारी, नामांकन प्रक्रिया भी हुई शुरू

**नई दिल्ली।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय (सीईओ) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं, अधिसूचना जारी होने के साथ ही आज 11 बजे से प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बता दें कि शनिवार व रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण नामांकन की प्रक्रिया बंद रहेगी। इसके बाद फिर प्रत्याशी नामांकन कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के मुताबिक सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त आरओ कार्यालय में 11 बजे से तीन बजे के बीच उम्मीदवार पर्चा दाखिल कर सकेंगे।

### देश को मिले 35 नए आईआरएस अधिकारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने आज पलासमुद्रम (आंध्र प्रदेश) स्थित राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर) अधिकारियों के 74वें बैच की पासिंग आउट परेड की अध्यक्षता की। इस समारोह में अधिकारियों के कठोर प्रशिक्षण का समापन हुआ तथा भारत के आर्थिक हितों की रक्षा करने वाले कर्मयोगी के रूप में उनकी यात्रा की शुरुआत हुई। इस बैच में 35 अधिकारी शामिल हुए, जिनमें 25 पुरुष तथा 10 महिला अधिकारी शामिल थीं, जिन्होंने कार्यक्रम के दौरान असाधारण अनुशासन एवं प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

### सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप को हश मनी केस में बिना शर्त किया बरी



**अमेरिका।** नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति पद की शपथ से पहले बड़ी राहत मिली है। बता दें कि, सुप्रीम कोर्ट ने हश मनी केस में फैसला सुनाते हुए उनके आपराधिक चुप्पी धन मामले (हश मनी केस) में बिना शर्त बरी कर दिया गया है।

शेष पेज 08 पर

# तोपचांची झील का होगा विकास खुलेंगे रोजगार के नए द्वार: हेमंत

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। राज्य सरकार धनबाद जिले की तोपचांची झील को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए एक प्रभावी कार्य योजना पर काम कर रही है। झील का सौंदर्यकरण पर्यावरण के अनुकूल तरीके से किया जाएगा, जिससे इसे एक उत्कृष्ट पर्यटन स्थल के रूप में पहचान मिल सके।

**प्राकृतिक सौंदर्य का मिलेगा लाभ :** मुख्यमंत्री ने बताया कि झारखंड प्रकृति के अनमोल खजाने से भरा हुआ है। यह राज्य घने जंगलों, पहाड़ियों और नदियों से घिरा हुआ है। इसलिए, राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि देश और दुनिया के लोग इस राज्य की खूबसूरती से परिचित हों। इसके लिए पर्यटन की संभावनाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग, वन विभाग और नगर विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि पर्यटन को बढ़ावा देने में प्रभावी कार्य हो सके।

शेष पेज 08 पर



### आईटी टावर से बढ़ेगी तकनीकी आत्मनिर्भरता

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड को तकनीकी रूप से समृद्ध करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रांची के नामकुम का आईटी टावर झारखंड को डिजिटल युग में नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। यह अत्याधुनिक आईटी टावर ना केवल झारखंड की तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करता है, बल्कि राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि आईटी टावर झारखंड के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार का नया द्वार खोलेगा। यह राज्य को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनने में मदद करेगा।

शेष पेज 08 पर

#### तकनीकी और डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र

आईटी टावर को झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण की देखरेख में विकसित किया गया है। ये तकनीकी और डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इसकी संरचना G + 5 फ्लोर की है और क्षेत्रफल लगभग 40,000 वर्ग फीट है।

## सीएम हेमंत ने धनबाद हिंसक झड़प की जांच के दिए आदेश

प्रात: नागपुरी संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में दो गुटों में हुई हिंसक झड़प की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने झड़प में घायल बाघमारा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) पुरुषोत्तम कुमार सिंह के पिता अशोक सिंह से वीडियो कॉल पर बात की और उनके इलाज से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने घायल एसडीपीओ के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।


**घायल एसडीपीओ के परिजन को दिया आश्वासन :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इस घटना को लेकर राज्य सरकार आपके परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उनके इलाज को लेकर जो भी सहयोग की जरूरत होगी, राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। अगर जरूरत पड़े तो एयर लिफ्ट कर बेहतर जगह भेजने के लिए लिए सरकार तैयार है। सरकार हॉस्पिटल के मैनेजमेंट से बात भी करेगी।

**अधिकारी व कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर सरकार प्रतिबद्ध :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी श्रेणी के अधिकारी और कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। कर्तव्य निर्वहन के दौरान सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने और सरकारी कर्मियों के साथ होने वाली किसी भी तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शेष पेज 08 पर

## अलकायदा का संदिग्ध आतंकी शहबाज लोहरदगा से गिरफ्तार

प्रात: नागपुरी संवाददाता



- राजस्थान में ली थी आतंकी ट्रेनिंग
- दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने झारखंड एटीएस के सहयोग से किया गिरफ्तार
- 22 अगस्त 2024 को भी राजधानी रांची, लोहरदगा व हजारीबाग में की थी छापेमारी

**रांची।** अलकायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) आतंकी संगठन से जुड़े एक संदिग्ध अभियुक्त शाहबाज अंसारी को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने झारखंड एटीएस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी लोहरदगा के सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित चितरी गांव से हुई है। शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल उसे कोर्ट में पेश करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले जाएगी। पूर्व में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के साथ मिलकर 22 अगस्त 2024 को रांची, लोहरदगा और हजारीबाग में छापेमारी की थी। उस छापेमारी में दिल्ली पुलिस ने अलकायदा मॉड्यूल के मास्टर माइंड डॉ. इश्तियाक अहमद को रांची से गिरफ्तार किया था। जो रांची के एक बड़े निजी अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के पद पर कार्यरत था। इसके अलावा, मदरसा चलाने वाले मुफ्ती रहमतुल्ला, मतीउर रहमान, रिजवान बाबर और फैजान अहमद भी गिरफ्तार हुए थे। हजारीबाग का फैजान अहमद लोहसिंघना में दवा का कारोबार करता था। इस मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल में (कांड संख्या 301/24) मामला दर्ज हुआ था। गिरफ्तार डॉ. इश्तियाक, फैजान अहमद व अन्य से पूछताछ के बाद ही शाहबाज अंसारी की गिरफ्तारी हुई है।

**राजस्थान में आतंकी प्रशिक्षण लेने में शामिल था शहबाज :** दिल्ली पुलिस की पूछताछ में यह जानकारी मिली है कि राजस्थान के चौपानकी (भिवाड़ी) के पहाड़ी इलाके में अलकायदा मॉड्यूल का ट्रेनिंग कैंप चल रहा था। उक्त कैंप में शाहबाज अंसारी भी शामिल था। जिसे शुक्रवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया। इससे पहले राजस्थान के चौपानकी के पहाड़ी इलाके में प्रशिक्षण लेने वाले छह संदिग्धों को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया था।

शेष पेज 08 पर

## लालू यादव के करीबी राजद विधायक आलोक मेहता के 16 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

प्रात: नागपुरी संवाददाता



**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व रेल मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की पार्टी के विधायक आलोक मेहता के 16 ठिकाने पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापेमारी की है। ईडी की अलग-अलग टीम पूर्व मंत्री आलोक मेहता के पटना, समस्तीपुर, वैशाली, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के 16 ठिकानों पर पहुंची है। आलोक मेहता पर बैंक लोन से जुड़े मामलों में गड़बड़ी करने का आरोप लगा है। इन्हीं सब गड़बड़ियों की जांच करने के लिए ईडी के अधिकारी उनके ठिकानों पर पहुंचे हैं।

बता दें कि मामला वैशाली कोऑपरेटिव बैंक से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि इसमें करोड़ों रुपए के हेरफेर को लेकर जांच चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार, वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी के आरोपों के तहत ईडी ने यह कार्रवाई की है। ईडी ने पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता के पटना, वैशाली, समस्तीपुर से लेकर कोलकाता, वाराणसी और दिल्ली के ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी ने पटना में राजद विधायक के सरकारी और निजी आवास पर भी छापेमारी की है।

**मंत्री बनने के बाद पिता को दे दिया बैंक चेयरमैन का पद :** बताया जा रहा है कि आलोक मेहता पहले को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन खुद बने थे।

शेष पेज 08 पर



### अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली सालगिरह आज

**अयोध्या।** भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ समारोह शनिवार से शुरू होने जा रहा है। रामलला को सोने चांदी से जड़ित वस्त्र और आभूषण से भव्य शृंगार के बाद मुख्यमंत्री योगी महाआरती करके समारोह का आगाज करेंगे। जिसका लाइव प्रसारण किया जायेगा।

शेष पेज 08 पर

## किसे आरक्षण, किसे नहीं...कार्यपालिका और विधायिका का तय करना काम: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसियां



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह तय करना कार्यपालिका और विधायिका का काम है कि जिन लोगों ने कोटा का लाभ लिया और जो दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा की स्थिति में आ गए, उन्हें आरक्षण के दायरे से बाहर रखा जाए या नहीं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने बृहस्पतिवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान पिछले साल अगस्त में सुप्रीम कोर्ट के सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ के फैसले का हवाला देते हुए यह टिप्पणी की। जस्टिस गवई ने कहा, हमने अपना विचार दिया है कि पिछले 75 वर्षों को ध्यान में रखते हुए ऐसे लोगों को आरक्षण से बाहर रखा जाना चाहिए, जिन्हें पूर्व में लाभ मिलता रहा और जो दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा की स्थिति मंध हैं, लेकिन यह निर्णय लेना कार्यपालिका और विधायिका पर है। संविधान पीठ ने फैसले में कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) के भीतर उप-वर्गीकरण करने का सांविधानिक अधिकार है, जिससे कि उन जातियों के उत्थान के लिए आरक्षण दिया जा सके जो सामाजिक व शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी हैं।

शेष पेज 08 पर

## केंद्र सरकार ने भरी राज्यों की तिजोरी झारखंड को मिले ₹ 5722.10 करोड़

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को राज्य सरकारों को 1,73,030 करोड़ रुपए का कर हस्तांतरण जारी किया है, जबकि दिसंबर 2024 में 89,086 करोड़ रुपए का हस्तांतरण किया गया था। राज्यों को पूंजीगत व्यय में तेजी लाने तथा उनके विकास एवं कल्याण संबंधी व्ययों के वित्तपोषण में सक्षम बनाने के लिए इस माह अधिक राशि हस्तांतरित की जा रही है।



- मोदी सरकार ने दिसंबर 2024 में 89,086 करोड़ रुपए किया था हस्तांतरण

केंद्र सरकार द्वारा आंध्र प्रदेश को 7002.52 करोड़ रुपए, अरुणालचल प्रदेश को 3040.14 करोड़ रुपए, असम को 5412.38 करोड़ रुपए, बिहार को 17403.36 करोड़ रुपए, छत्तीसगढ़ को 5895.13 करोड़ रुपए, गोवा को 667.91 करोड़ रुपए, गुजरात को 6017.99 करोड़ रुपए, हरियाणा को 1891.22 करोड़ रुपए, हिमाचल प्रदेश को 1436.16 करोड़ रुपए, झारखंड को 5722.10 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए हैं।

शेष पेज 08 पर

## देश के अभिन्न अंग हैं प्रवासी भारतीय: द्रौपदी मुर्मू

एजेंसियां

- विकसित भारत के लक्ष्य में होगी महत्वपूर्ण भूमिका
- तीन दिनी 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का समापन



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि प्रवासी भारतीय देश की सर्वश्रेष्ठ पहचान और राष्ट्र के अभिन्न अंग हैं तथा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने यहां तीन दिवसीय 18वें प्रवासी भारतीय दिवस 2025 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, ''विकसित भारत एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसमें विदेशों में रहने वाले लोगों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय और उत्साही भागीदारी की आवश्यकता है।''

मुर्मू ने कहा कि प्रवासी समुदाय की वैश्विक उपस्थिति और उनकी उपलब्धियां उन्हें भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने की स्थिति में रखती हैं। उन्होंने कहा, ''भारतीय प्रवासी हमारे देश की सर्वश्रेष्ठता का प्रतिनिधित्व करते हैं और वे अपने साथ न केवल इस पवित्र भूमि में अर्जित ज्ञान और कौशल लेकर गए हैं, बल्कि वे मूल्य और लोकाचार भी लेकर गए हैं, जो सहस्राब्दियों से हमारी सभ्यता की नींव रहे हैं।''चाहे वह प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता का क्षेत्र हो, भारतीय प्रवासियों ने हर जगह अपनी छाप छोड़ी है, जिसे विश्व स्वीकार करता है व सम्मान देता है।

शेष पेज 08 पर

### 27 लोगों को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को भुवनेश्वर के जनता मैदान में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस के समापन समारोह में भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रपति ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 27 प्रवासी भारतीयों को 'प्रभास भारतीय सम्मान' से सम्मानित किया।

## रांची में 200 बिस्तरों वाले अस्पताल की केंद्रीय कोयला मंत्री ने रखी आधारशिला



- कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं से होगा युक्त

**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रांची के कांके स्थित रिनपास के समीप 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी। यह अस्पताल कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं से युक्त होगा। इस परियोजना का उद्देश्य झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

शेष पेज 08 पर

# रक्तदान की तरह पुस्तक दान भी है महान कार्य : उपायुक्त

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के विभिन्न स्थानों पर 39 पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया है। पतरातू प्रखंड में डीसी चंदन कुमार और विधायक रोशन लाल चौधरी ने ज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया। इस दौरान डीसी ने बताया कि यह ज्ञान केंद्र विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा में सहायक होगा।



इस दौरान विधायक रोशन लाल चौधरी एवं उपायुक्त चंदन कुमार ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू पंचायत में पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिले के वरीय अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों की उपस्थिति में अन्य पंचायतों में पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया गया। विधायक रोशन लाल चौधरी ने पंचायत ज्ञान केंद्र के माध्यम से होने वाले फायदों के प्रति सभी को जानकारी दी। उन्होंने इसका पूरा लाभ लेने की सभी से अपील की। साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी को अन्य लोगों को भी इसके प्रति जानकारी देने व जागरूक करने की अपील की। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि पंचायत स्तर पर पंचायत ज्ञान केंद्र की शुरूआत होना शिक्षा के क्षेत्र में एक बहुत बड़ा कदम है। अब बच्चों को अपने क्षेत्र के पंचायत में ही पुस्तकालय की सुविधा मिलेगी।

मौके पर उन्होंने सभी जिले वासियों से पंचायत ज्ञान केंद्र का पूरा लाभ लेने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान की तरह ही पुस्तक दान भी एक महादान है। उपायुक्त ने जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी जिले वासियों से अपने पास बड़ी पुरानी अथवा नई किताबों को दान करने सहित अन्य माध्यमों से पंचायत ज्ञान केंद्र को सहयोग करने की अपील की। रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत दोहकातु, गोला प्रखंड अंतर्गत कोराम्बे, साड़म, सूत्री, चाडी, बरियातू, चोकाद, सोसोकला, पतरातू प्रखंड अंतर्गत चोरधरा, पालू, लबगा, पतरातू, चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बड़किपोना, भूचुंगडीह, चितरपुर पूर्वी, मायल, दुलमी प्रखंड अंतर्गत उसरा, सिकनी, सिरु, मांडू प्रखंड अंतर्गत कुजू पूर्वी, कुजू पश्चिमी, ओरला, आरा उत्तरी, बड़गाँव, बुमरी, हेसागढ़ा, पिण्डरा, तापीन, सोनडीहा, सारूबेड़ा, नावाडीह, लईयो उत्तरी, माण्डूडीह, केदला उत्तरी, बारूघुटू मध्य, बारूघुटू पूर्वी, बारूघुटू उत्तरी, मंझलाचुम्बा, लईयो दक्षिणी पंचायत में पंचायत ज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया गया।

## डीसी ने जरूरतमंद लोगों को ओढ़ाया कंबल

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में बढ़ती ठंड की वजह से आम जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। शाम ढलने के बाद ठंड की वजह से सड़कों पर भी लोग कम ही निकल रहे हैं। लेकिन कुछ ऐसे लोग इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड में सड़क पर ही रहने को मजबूर हैं। ठंड में लोगों के बीच रात में डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार पहुंचे। उन्होंने उन जरूरतमंद लोगों को कंबल ओढ़ाया और ठंड से राहत दी। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और सड़कों पर ठंड से परेशान लोगों को जब कंबल की गर्माहट मिली, तो उन्होंने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। डीसी चंदन कुमार ने शुक्रवार को कहा कि पूरे जिले में कंबल वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। ऐसा प्रयास रहता है कि कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचे। दिन में कंबल लेने वालों की संख्या तो बहुत रहती है, लेकिन जरूरतमंद तो वही है जो रात खुले आसमान के नीचे गुजारने को मजबूर है। यही वजह है कि रात में अधिकारियों के साथ वे खुद सड़क पर निकले, ताकि जरूरतमंदों तक कंबल पहुंच सके।



## बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के चल रहे लोगों को डीटीओ ने पहनाया माला





प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात नियमों का पालन कराने के लिए लोगों में जागरूकता लाने को लेकर जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर अभियान चलाया गया।

इस दौरान बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट लगाए हुए चल रहे चालकों को माला पहना एवं गुलदस्ता देकर शर्मिंदा किया गया। साथ ही वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर से जरूर करने की अपील की गई।

मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया । वहीं ज़िले के सभी लोगों से अपील कर कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः पालन करें। अगर दोपहिया वाहन चलाते हैं तो हेलमेट जरूर पहने। चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। वाहन चलाते समय नशा न करें, रैश ड्राइविंग न करें।सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान जिले के समाहरणालय परिसर, सुभाष चौक, पटेल चौक, नईसराय चौक, कोठार चौक सहित कई अन्य स्थलों पर भी जिला परिवहन कार्यालय के पदाधिकारी, कर्मी एवं यातायात पुलिस पदाधिकारियों के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया।

## संक्षिप्त

### बाइक की टक्कर में पति की मौत, पत्नी घायल

**खूंटी।** खूंटी-रांची मुख्य मार्ग पर तजना नदी के पास गुरुवार देर रात दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई सीधी टक्कर में बेलांगी निवासी दिनेश महतो की मौत हो गई, जबकि दिनेश की पत्नी रानी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक का शुक्रवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दिनेश महतो और उनकी पत्नी गुरुवार रात को खूंटी से अपने गांव बेलांगी जा रहे थे। तजना नदी के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक ने दिनेश की बाइक को ठोकर मार दी। इससे दिनेश और उनकी पत्नी घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को केएस गंगा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दिनेश महतो को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष काशीनाथ महतो अस्ताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिलकरढांढस बंधाया। काशीनाथ महतो ने कहा कि दिनेश महतो भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता थे।

### क्षत्रिय महासभा मिलन समारोह 20 जनवरी को

**सिल्ली।** सिल्ली राजबाड़ी परिसर में शुक्रवार को क्षत्रिय महासभा सिल्ली की एक बैठक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में क्षत्रिय समाज की मजबूती को लेकर चर्चा की गई। वहीं हिरण पार्क के समीप आगामी 20 जनवरी को क्षत्रिय महासभा सिल्ली का मिलन समारोह का आयोजन का निर्णय लिया गया है। सम्मेलन को सफल आयोजन को लेकर एक तैयारी समिति का गठन किया गया। जिसमें भरत देव साय, गौरीनाथ सिंह, विंध्याचल राय, संजीत सिंह देव, कुंदन सिंह, रुद्राक्ष सिंह देव आदि शामिल हैं। राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने सिल्ली नगर के सभी सदस्यों को सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया।

### चुटूपालू घाटी में एलपीजी लदा टैंकर पलटा

**रामगढ़।** रांची -हजारीबाग फोरलेन मार्ग के चुटूपालू घाटी में 10 जनवरी को एलपीजी ले जा रहा एक टैंकर पलट गया। जिस कारण सड़क जाम हो गया। टैंकर पारादीप से काठमांडू जा रहा था। घटना की सूचना पाकर रामगढ़ पुलिस पूरी मौके पर पहुंची । उसके बाद हाइड्रा और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाकर एलपीजी भरे टैंकर को उठाया गया। हालांकि दुर्घटना में गैस लीक नही हुई जिससे कोई नुकसान नही हुआ। टैंकर के चालक मो. शमशेर आलम ने बताया कि घाटी के ऊपर रुककर उसने चाय पी और फिर उसने टैंक को बाहर निकाला।

## इटकी में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को लेकर महोत्सव आज

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**इटकी।** इटकी के श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में शनिवार को केन्द्रीय हिन्दु जागरण समिति के तत्वाधान में अयोध्या के श्रीराम मंदिर का भव्य वार्षिक महोत्सव मनाया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजकों द्वारा वृहद रूप से तैयारी की गई है। जगन्नाथ मंदिर परिसर के अलावे मुख्य शिव मंदिर, देवी मंडप और महाबीर मंदिर को पताका, विद्युत सहित अन्य सामग्रियों से साज सज्जा किया जा रहा है। केन्द्रीय हिन्दु जागरण समिति के अध्यक्ष कृष्णा राम तिवारी ने बताया कि सुबह दस बजे से सुन्दर काण्ड महापाठ, दो बजे से भंडरा और संध्या छह बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण सहित कई अनुष्ठान किये जायेंगे। श्री तिवारी ने बड़ी संख्या में श्रदालुओं को श्री राम मन्दिर उत्सव में भाग लेने का आग्रह किया है।



## कांग्रेस ने निकाला बाबा साहेब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के जरिये शुक्रवार को तोरपा में बाबा साहेब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। मार्च का नेतृत्व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा और तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता ने किया। सम्मान मार्च में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और प्रदेश के सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।




रैली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। रैली एनएचपीसी गेट से शुरू होकर मेन रोड होते हुए कोटेंगसेरा स्थित पेट्रोल पंप के जाकर सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जरिये संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान किये जाने के विरोध में मार्च निकाला गया है। कांग्रेस किसी भी हाल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान बर्दास्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करती है। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ अंबेडकर के अपमान के विरोध में पूरे देश में बाबा साहेब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि तीन से 26 जनवरी तक देश के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार का मार्च निकाला जा रहा है। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और झारखंड के सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर को अपमानित करना भाजपा की फितरत है। उन्होंने कहा कि

इस देश की अस्मिता और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस के जरिये यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सम्मान मार्च में कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन खान, कांग्रेस के प्रभारी अमरेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, अदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विल्सन टोपनो सहित अन्य शामिल थे।

## हिंदी दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

- हिंदी भाषा भारतीय संस्कृति और विरासत का प्रतीक : कुलाधिपति बैजनाथ साह

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** 10 जनवरी को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



प्रतियोगिता हिंदी एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज विषय पर आधारित थी जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई और विषय आधारित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में चंद्रशेखर को प्रथम, सुधा को द्वितीय और किशोर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अन्य विद्यार्थियों में निशा, यशोदा, गायत्री, छाया, पुष्पा, अंचला ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बैजनाथ साह ने इस अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि हिंदी भाषा भारतीय संस्कृति और विरासत का प्रतीक है। यह विश्व भर के हिंदी भाषियों को जोड़ने का माध्यम है। राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि विश्व हिंदी दिवस न केवल हिंदी भाषा को रेखांकित करता है बल्कि यह हिंदी भाषियों को अपनी भाषा पर गर्व करने का अवसर भी देता है। प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने भी इस अवसर पर सभी को बधाई दी और कहा कि हमें हिंदी के प्रचार-प्रसार में योगदान करने का संकल्प लेना चाहिए ताकि हिंदी भाषा विश्व स्तर पर अपनी पहचान और मजबूत कर सके। कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने कहा कि विश्व हिंदी दिवस हिंदी भाषा की महत्ता को समझने और उसे वैश्विक पहचान दिलाने का अवसर है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ मनमीत कौर ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी भाषा भारतीय संस्कृति और परंपराओं का परिचायक है। इसे विश्व भर में फैलाकर सांस्कृतिक पहचान को मजबूत किया जाना चाहिए। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अंजनी कुमार मिश्रा ने कहा कि हिंदी विश्वभर के हिंदी भाषियों और भारतीय मूल के लोगों को आपस में जोड़ने का माध्यम है। मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, विभाग के अन्य व्याख्यातगण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### हाइवा एवं ट्रक में टक्कर, घटना स्थल से हाइवा को चुपके से हटाया

**सिल्ली।** हाइवा एवं ट्रक में बीते रात जोरदार टक्कर हो गया। इससे ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना गुरुवार की देर रात सिल्ली टाटा मार्ग पर बनता महतो टोला के समीप हुई। घटना के बाद हाइवा मालिक शुक्रवार की तड़के ही अपने हाइवा को हटाने सफल रहा। जबकि ट्रक उसी जगह दिन तक पड़ा हुआ था। महतो टोला के ग्रामीणों ने बताया कि हाइवा रोज दिन बालू ढुलाई करता है। घटना में टोला में निमार्णाधीन बसंती मंदिर के लिए रखे गए दो हजार ईंट में से काफी ईंट क्षतिग्रस्त हो गए। इस मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना से संबंधित कोई भी मामला थाना में दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस ने बताया हाइवा पर बालु लोड नहीं था। उक्त हाइवा सोनाहातू थाना क्षेत्र के एड्रेमहातु निवासी मनोज महतो उर्फ फौजी की बताई जाती है।



### दिव्यांग बच्चों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

**राहे।** समावेशी शिक्षा अंतर्गत राहे प्रखंड बीआरसी कार्यालय में दिव्यांग बच्चों के उन्मुखीकरण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में उपस्थित आंगनबाड़ी सेविका, शिक्षक और शिक्षिकाओं को दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं उनका शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इस दौरान 21 प्रकार के दिव्यंकता के बारे में बताया गया ।साथ ही उन्हें पेंशन, पहचान प्रमाण पत्र, बनाने एवं प्रप्ति की सुविधा के बारे में बताया गया। कार्यशाला में 30 आंगनबाड़ी सेविका ,10 शिक्षक शिक्षिकाएं ओर 20 अभिभावक मौजूद थे ।मौके पर बीईओ शान्ति मुनि तिर्की, बीपीओ प्रवीण कुमार, रिसर्च शिक्षक अनिमेष कुमार, सत्येंद्र मेहता, भानुमति कुमारी, देवव्रत मुखर्जी, नरेंद्र कुमार, सावित्री कुमारी आदि मौजूद थे।

### रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में परमदीप सिंह कालरा को जीत का मिला प्रमाणपत्र

**रामगढ़।** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में 10 जनवरी को गुरुद्वारा इलेक्शन कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र सिंह चमन ने सुबह के दीवान में परमदीप सिंह कालरा व हरमीत सिंह कालरा को संयुक्त रूप से जीत का सर्टिफिकेट प्रदान किया ।परमदीप सिंह कालरा ने प्रधान पद का चुनाव जीता है। वहीं, प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने इलेक्शन कमेटी के नरेंद्र सिंह चमन, कंवलजीत सिंह लांबा, हरजाप सिंह गांधी,हरमिंदर सिंह जौली, गुरप्रीत सिंह चाना, नरेंद्र पाल सिंह गुजराल,अमरपाल सिंह आनंद को सरोपा देकर सम्मानित किया। साथ ही नव नियुक्त प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने हैप्पी छाबड़ा व अमरजीत सिंह सैनी को सरोपा देकर सम्मानित किया। नव नियुक्त प्रधान ने आशु कालरा व जगजीत सिंह को धन्यवाद किया । नव नियुक्त प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने परमिंदर सिंह जस्सल को सरोपा देकर सम्मानित किया। स्त्री सत्संग की प्रधान बलविंदर कौर व माता महेंद्र कौर ने नव नियुक्त प्रधान परमदीप सिंह कालरा को सवेरे की दीवान में सरोपा भेंट किया। नव नियुक्त प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने सभी साध संगत एवं इलेक्शन कमिटी का धन्यवाद दिया।



### कंप्यूटर शिक्षा के बिना हम अधूरे हैं: ज्योति डोडराय

**खूंटी।** जिले के मूरहू प्रखंड स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में सुदूरवर्ती गांवों के 60 छात्र-छात्राओं को जन शिक्षण संस्थान विकास भारती खूंटी के माध्यम से निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा दी जा रही है। शुक्रवार को संस्थान में डिप्लोमा कोर्स पूरा कर चुके 40 बच्चों की दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गयी, जिसमे पर्यवेक्षक के रूप में मुरहू की मुखिया ज्योति डोडराय उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में कंप्यूटर के बिना शिक्षा अधूरी है।

## छात्राओं ने किया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का भ्रमण

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कालामाटी की कक्षा 12वीं की 64 विज्ञान छात्राओं ने हाल ही में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) जमशेदपुर का शैक्षणिक दौरा किया।



यह प्रेरणादायक दौरा संपूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं को प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए तैयार करना और उनके शैक्षणिक दृष्टिकोण को व्यापक बनाना है। एनआईटी जमशेदपुर के प्रोफेसर और छात्रों ने इस शैक्षणिक यात्रा का आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित तरीके से किया। दौरे के दौरान छात्राओं ने संस्थान की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। गणित प्रयोगशाला में उन्नत सॉफ्टवेयर का उपयोग, भौतिकी प्रयोगशाला में प्रकाश और फोटोइलेक्ट्रिक उत्सर्जन जैसे प्रयोग और रसायन प्रयोगशाला में अल्ट्रावॉयलेट विकिरण एवं तरंगदैर्ध्य अध्ययन जैसे आधुनिक शोध कार्यों ने छात्राओं को तकनीकी शिक्षा की गहराई से रू ब रू कराया। यह शैक्षणिक भ्रमण उपायुक्त लोकेश मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि संपूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को प्रेरणादायक और व्यावहारिक ज्ञान सीखने का अवसर प्रदान करना है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़े और वे प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में सफल हों। एनआईटी जमशेदपुर का यह दौरा छात्राओं के लिए एक नई दिशा और बड़े सपने देखने की प्रेरणा साबित हुआ है।

## खूंटी में 41 एकड़ खेत में लगी अफीम की फसल को पुलिस ने किया नष्ट

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के जरिये खूंटी जिले में अफीम के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस के जरिये खूंटी, अड़की, मारंगहादा, सायको थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में 41 एकड़ क्षेत्रफल में लगी अफीम की अवैध फसल को ट्रैक्टर से रौंदकर कर नष्ट दिया गया। खूंटी थाना के ग्राम अरगोड़ी में चार एकड़ ,मुरहू थाना के ग्राम बुंडूम माइल में सात एकड़, अड़की थाना के ग्राम रायतोड़ांग में 15 एकड़, मारंगहादा थाना के ग्राम कुजराम में पांच एकड़, सायको थाना के ग्राम बुरजू में 10 एकड खेत में लगे फसल को पुलिस ने नष्ट किया ।



## पंचायत भवन में तैनात होंगे रात्रिप्रहरी, 39 ज्ञान केंद्र का हुआ उद्घाटन

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला पंचायती राज कार्यालय की ओर से किए जा रहे कार्यों को लेकर शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक के दौरान जिला पंचायतीराज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों, संचालित योजनाओं आदि की जानकारी उपायुक्त, उपविकास आयुक्त सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों को दी गई। पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना के तहत जिले के अलग-अलग प्रखंडों में स्थित पंचायत भवनों में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पंचायत भवनों में वर्तमान में रात्रि प्रहरी की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन 3 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्राप्त राशि के व्यय हेतु योजना बनाते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पंचायत ज्ञान केंद्र की समीक्षा के क्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की पूर्व से चिन्हित 47 पंचायत में 39 पंचायत में पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन 10 जनवरी 2025 को किया जा रहा है। जिस पर उपायुक्त ने शेष पंचायतों में भी जल्द से जल्द पंचायत ज्ञान केंद्र शुरू करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने जिले वासियों को पंचायत ज्ञान केंद्र के सफल संचालन के लिए पुरानी किताबें दान कर अथवा किसी अन्य माध्यम से सहयोग करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पंचायत भवनों के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित निर्गत किए जाने वाले अन्य दस्तावेजों को लेकर डिजिटल पंचायत योजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 15 वे वित्त आयोग के तहत हो रहे कार्यों के संबंध में उपायुक्त ने टाइड एवं अनटाइड फंड के तहत ली गई योजनाओं एवं उनके तहत पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त

### रांची उपायुक्त से मिलीं क्षेत्रीय पासपोर्ट पदाधिकारी

**रांची।** राज्य की क्षेत्रीय पासपोर्ट पदाधिकारी (आईएफएस) मनिता के. ने शुक्रवार को रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से मुलाकात की। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त से यह उनकी अनौपचारिक मुलाकात थी। मौके पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने उन्हें मोमेंटो एवं शॉल भेंट किया।

### रघुवर दास राज्य के फ्लॉप नेता : कैलाश यादव

**रांची :** शुक्रवार को झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने भाजपा नेता पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व राज्यपाल रघुवर दास के बीजेपी वापसी करने पर कहा कि रघुवर दास एक असफल मुख्यमंत्री और राज्यपाल साबित हुए हैं। बीजेपी के शीर्ष नेताओं के आदेश पर पार्टी में वापसी महज एक इवेंट नाटक है और पार्टी में चल रहे भीषण घमासान को शांत करने की नाकाम कोशिश है। यादव ने कहा कि रघुवर दास राज्य के लिए फ्लॉप नेता हैं जब मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने हाथी उड़ाकर राज्यवासियों को बेवकूफ बनाने का काम किया और राज्य का जनता का पैसा बर्बाद किया। उनका मुख्यमंत्री और राज्यपाल का कार्यकाल बिल्कुल असफल और फेल रहा है। इसलिए रघुवर की पार्टी में वापसी होने से झारखंड के जनता को की फायदा नहीं होगा।

### श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का विशाल भंडारा आज

**रांची :** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुताहा तालाब रांची के तत्वावधान में श्री राम लला जन्म भूमि के प्रथम वार्षिक महोत्सव के उपलब्ध में श्री चैती दुर्गा मंदिर में भव्य कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें मंदिर में सुबह 11:00 बजे से मंदिर में पूजा अर्चना किया जाएगा एवं दोपहर 1:00 बजे से विशाल भंडारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासमिति के मुख्य संरक्षक श्री किशोर साहू,रमेश सिंह, उदय साहू,राजकुमार गुप्ता,अध्यक्ष श्री शंकर दुबे, कुमार राजा, शेकर गुप्ता, दीपू सिंह, गणेश सिंह, गोपाल पारीक, विशाल कृष्णा, दीनदयाल,मेहश चन्द्रा एवं संस्था के सभी पदाधिकारी गण एवं सदस्य गण के द्वारा ये कार्यक्रम कों सफल बनाया जा रहा है। यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दिया।

### श्री श्याम मन्दिर में पुत्रदा एकादशी उत्सव मना

**रांची :** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में दिनांक 10 जनवरी 2025 को पुत्रदा एकादशी उत्सव अत्यन्त श्रद्धा भक्ति के साथ उत्साह पूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम देव को प्रातः नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर गुलाब , रजनीगन्धा , जरबेरा , गुलदाऊदी, बेला, गैंदा से मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम बजरंगबली का भी इस अवसर पर विषेश श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे पावन ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगण कतार में लगकर पावन ज्योत में आहुति प्रदान कर मनोवांछित फल की कामना कर रहे थे। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का महासम्मेलन आज से

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में 11 और 12 जनवरी, 2025 को गुरूनानक स्कूल सभागार में सैन्य महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें झारखंड के लगभग 10 जिलों के 800 पूर्व सैनिक एवं सैन्य मातृशक्ति भाग लेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रहित, समाजहित और सैन्य हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत बर्चा की जाएगी।

इस कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी, पीवीएसएमए वी एस एम एस एम (वी) एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एयर वाईस मार्शल एचपी सिंह, वीर चक्र, वीएसएम (वी) भी इस महासम्मेलन में सम्मानित राष्ट्रीय अतिथि के रूप में भाग लेंगे। यह सम्मेलन पूर्व सैनिकों की कल्याणकारी योजनाओं, उनकी समस्याओं के समाधान, और सैनिक समुदाय के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए प्रभावी कदमों पर विचार करेगा।

इसके अलावा, सैन्य मामलों में सुधार और पूर्व सैनिकों के अधिकारों को लेकर भी गंभीर चर्चा की जाएगी। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के महासम्मेलन का उद्देश्य सेन्य समुदाय की आवाज को अधिक सशक्त बनाना और उनके अधिकारों की रक्षा




करना है। सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी पूर्व सैनिकों को संगठन की ओर से एकजुट होकर अपने मुद्दों पर काम करने का एक अवसर मिलेगा।

प्रदेश अध्यक्ष कर्नल अखौरी रंजन सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरे प्रांत एवं देश में छोटे छोटे समूहों में बिखरे हुए सैन्य समाज को एक छत नीचे ताने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही पूर्व सैनिकों की प्रतिभा एवं कौशल को समाज के सामने ला कर राष्ट्र निर्माण में उनकी रचनात्मक भूमिका को सुनिश्चित करना है। इस आयोजन से झारखंड राज्य के पूर्व सैनिकों के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। वे अपने अधिकारों के लिए एक सामूहिक दृष्टिकोण अपनाएंगे।

# रोजगार को देश सेवा के अवसर के रूप में अपनाएं पेशेवर : कोयला मंत्री

## आईआईसीएम में युवा अधिकारियों को किया संबोधित



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने रांची स्थित आईआईसीएम का दौरा किया। वहां उन्होंने युवा प्रबंधन प्रशिक्षुओं और 'ज्योति कार्यक्रम' के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला प्रतिभागियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके योगदान को मान्यता देना आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री ने युवा पेशेवरों को यह संदेश दिया कि वे अपने कार्य को केवल एक रोजगार के रूप में नहीं देखें, बल्कि इसे देश सेवा के एक अवसर के रूप में अपनाएं। उन्होंने युवाओं को अपने कार्यक्षेत्र में नई सोच और नवाचार को शामिल करने का भी आह्वान किया। श्री रेड्डी ने इस अवसर पर पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

**अन्य गणमान्य ने विचार रखें**

कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त ने महिलाओं की भूमिका कोयला उद्योग में सशक्त बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कोयला क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाना और उनके साथ तालमेल बिठाना समय की मांग है। अपर कोयला सचिव श्रीमती विस्मिता तेज ने महिला प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके योगदान को कोयला क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम. प्रसाद ने आईआईसीएम की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आईआईसीएम कोयला क्षेत्र के युवाओं को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने और उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत**

यह आयोजन न केवल कोयला क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को रेखांकित करता है, बल्कि उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित भी करता है। आईआईसीएम की इस पहल और मंत्री के संदेश से युवा प्रतिभागियों को अपने कार्यक्षेत्र में सर्वोत्तम योगदान देने की प्रेरणा मिली।

# मुख्यमंत्री से बीएसएफ के अधिकारियों ने की मुलाकात



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

रांची, 10 जनवरी । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के आईजी केएस बनियाल, बीएसएफ डीआईजी गणेश, बीएसएफ डिप्टी कमांडेंट विनोद एवं संत जेवियर्स एक्सआईएसएस के फादर अजीत खेस ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नूतन वर्ष की मंगलकामनाएं दी।

# रांची पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर को किया गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** नशे के सौदागरों के खिलाफ रांची पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। सुखदेव नगर इलाके से रांची पुलिस ने तीन ब्राउन शुगर तस्करों को गिरफ्तार किया है। तीनों तस्कर बिहार के सासाराम से ब्राउन शुगर लाकर रांची में बेचा करते थे।

**सासाराम की भाभी जी है सरगना**

राजधानी में ड्रग्स का कारोबार करने वाले तस्कर बिहार के सासाराम से ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थ तस्करी करके रांची में लाते हैं। बिहार के सासाराम की रहने वाली एक महिला जिसे तस्कर भाभी जी के नाम से जानते हैं, वह ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थों की सप्लाई करती है। पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के द्वारा सुखदेव नगर इलाके से 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन ड्रग्स पैडलर को गिरफ्तार किया गया। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के बाद मैदान के पास कुछ ड्रग्स पैडलर ब्राउन शुगर बेच रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद एक टीम गठित नशे के तस्करों को दबोचने के लिए पुलिस की टीम भेजी गई। बड़ा मैदान से तीन ड्रग्स पैडलर ब्राउन शुगर बेचते हुए रंगे हाथ धरे गए। गिरफ्तार नशे के तस्करों में कन्हैया कुमार, हिमांशु ठाकुर और राकेश कुमार शामिल हैं। ब्राउन शुगर भी बरामद तीनों ड्रग्स पैडलर्स को गिरफ्तार करने के बाद जब उनकी तलाशी ली गई तो गिरफ्तार कन्हैया के पास से 10.46 ग्राम, हिमांशु ठाकुर के पास से सात पुड़िया और राकेश कुमार के पास से छह पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि रांची में ब्राउन शुगर का मुख्य सरगना कन्हैया कुमार ही है। कन्हैया कुमार रांची के कई इलाकों में ब्राउन शुगर की सप्लाई किया करता था।



# डॉ. सी. जगनाथन बने सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय का कुलपति डॉ. सी. जगनाथन को नियुक्त किया गया है। उन्होंने विवि के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक स्थित कुलपति कार्यालय में 10 जनवरी को पदभार संभाला। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे।

डॉ. जगनाथन ने स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई मदुरै कामराज यूनिवर्सिटी से की है। बाद में उन्होंने नीदरलैंड्स से जियोइनफॉर्मेटिक्स में मास्टर्स और फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, देहरादून से पीएचडी की पढ़ाई की। वे इसरो में वैज्ञानिक सहायक/वैज्ञानिक पद पर कार्य करने के अलावा यूके के साउथैंपटन विश्वविद्यालय में वरिष्ठ रिसर्चर के तौर पर भी काम कर चुके हैं। अध्यापन और शोध के क्षेत्र में उनका तीन दशकों का लंबा अनुभव रहा है।

इस दौरान उनके एक सौ पचास से ज्यादा रिसर्च पेपर और पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कारों से भी नवाजा जा चुका है। एसबीयू में पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे बीआईटी, मेसरा के डिपार्टमेंट ऑफ रिमोट सेंसिंग में प्रोफेसर, एचओडी एवं डीन (रिसर्च, इनोवेशन एवं एंटरप्रेन्योरशिप) जैसे पदों पर रहे। देश-विदेश के कई फंडेड रिसर्च प्रोजेक्ट में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है।

डॉ. जगनाथन की नियुक्ति पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक एवं सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने उन्हें शुभकामनाएं दी। बधाई संदेश प्रेषित किया है।

# रांची मौसम केंद्र में रक्तदान सहित फ्री चेकअप कैंप का आयोजन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** मौसम विज्ञान विभाग की सेवा के 150 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में भारत मौसम विज्ञान विभाग देशभर में कई कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। यह 15 जनवरी, 2025 तक चलेगा। इसके मद्देनजर रांची मौसम केंद्र भी विभित्र कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इस कड़ी में गुरुवार को एयरपोर्ट कॉलोनी स्थित बैडमिंटन इनडोर स्टेडियम में रांची मौसम केन्द्र के कार्मिकों के मध्य एक बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कार्यालय के लगभग 25 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आज मौसम केंद्र एवं आर्किड मेडिकल सेंटर द्वारा बिरसा मुंडा हवाई अड्डा के पुराने टर्मिनल भवन स्थित सम्मलेन कक्ष में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया।



कैंप में रक्तदान शिविर के साथ-साथ फ्री बीपी, आरबीएस, प्लस, आंख की जांच की गई। इसमें लगभग 45 लोगों ने शिरकत किया और 15 लोगों ने रक्तदान किए। इस शिविर में मौसम केंद्र के सहकर्मियों के अलावा एयरपोर्ट अथॉरिटी के विभिन्न अनुभागों के कर्मी, एयरलाइंस, सीआईएसएफ के कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की।

सोमवार को मौसम परिसर का सफाई अभियान, मंगलवार को मौसम केंद्र परिसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इसमें भारत मौसम विज्ञान विभाग मुख्यालय में चल रहे मुख्य कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग, मौसम केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की पॉवर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुति, मौसमीय उपकरणों का डेमोंस्ट्रेशन, विभित्र विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता, ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण, पौध रोपणकर कार्यक्रम का समापन होगा।

# झारखंड में ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को सरकार दे रही बढ़ावा : जितेंद्र सिंह

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** सीआईआई झारखंड और सीआईआई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट का आयोजन शुक्रवार को रांची स्थित ऑड्रे हाउस में किया गया। इस समिट में 'हेरिटेज होराइजन ट्राइबल इनोवेटर्स फोरम' विषय पर चर्चा हुई। समिट के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार थे।

सचिव ने कहा कि झारखंड में ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए उद्योग विभाग उन्हें कई तरह के लाभ और सब्सिडी देकर उनको आगे बढ़ा रही है। ट्राइबल समुदाय से कई उद्यमी अपना कारोबार कर रहे है। यह एक बदलाव की शुरूआत है। राज्य सरकार का प्रयास है कि ट्राइबल समुदाय को अधिक से अधिक उद्यमी बनाने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप पॉलिसी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के माध्यम से इस पॉलिसी को शामिल करेंगे। इसका ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा।

उद्योग सचिव ने कहा कि झारखंड में प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के तहत ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को अधिक से अधिक फायदा मिले, इसका प्रयास होना चाहिए। इसके लिए उद्योग विभाग और वित्त विभाग मिलकर काम करेंगे। इसके अलावा झारखंड में ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए सीआईआई समेत कई व्यावसायिक संगठन अलग-अलग तरीके से कम कर रही है। उन्होंने कार्यक्रम मं उपस्थित ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को अपील किया कि किसी भी तरह का सुझाव हो तो विभाग को जरूर बताएं। सरकार हर कदम आपके साथ है।

कार्यक्रम में सीआईआई झारखंड काउंसिल के चेयरमैन रंजोत सिंह ने




अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सीआईआई झारखंड ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को प्रमोट कर रही है। सरकार भी इनको बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी दे रही है। इसका असर यह है कि झारखंड में ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप तेजी से उभर रहा है। कई युवा उद्यमी बन रहे है। लोकल स्तर पर ये युवा काम कर कारोबार का रूप दे रहे है। यह झारखंड के लिए एक सुखद परिणाम होने वाला है।

एंटरप्रेन्योरशिप समिट में सीआईआई झारखंड सीएसआर के संयोजक कैप्टन अमिताभ ने समिट के थीम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ट्राइबल युवाओं को उद्यम के क्षेत्र में आना चाहिए। झारखंड में इन युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। युवा अपने दूरदर्शी सोच के साथ अपना खुद का उद्यम प्रारंभ कर सकते हैं।

कार्यक्रम में ट्राइबल इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के राष्ट्रीय महासचिव बसंत तिर्की ने झारखंड में आदिवासी उद्यमिता बोर्ड का गठन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी उद्यमिता बोर्ड के गठन से आदिवासी उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में सीआईआई

ईस्टर्न रीजन सीएसआर के चेयरमैन सौरभ राय ने कहा कि झारखंड में एंटरप्रेन्योरशिप की कमी कभी नहीं रही है। यहां एंटरप्रेन्योरशिप के कई अवसर है। ट्राइबल युवा इसका लाभ उठाएं। धन्यवाद सीआईआई झारखंड राज्य काउंसिल के वाइस चेयरमैन ऋतु राज सिन्हा ने दिया।

समिट के तकनीकी सत्र में टॉपलिंक मोटर कार प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कमल सिंघानिया, नेशनल एसटी एससी हब की सीनियर ब्रांच मैनेजर किरण मारिया तिरु, एएसआर मेटालर्जी प्राइवेट लिमिटेड के एमडी असीम कांडुलना, विवांता के जीएम रंजन कुमार, ऊषा मार्टिन लिमिटेड के सीएसआर हेड डॉ मयंक मुरारी ने बिल्डिंग ब्रिजेस इंडस्ट्रीयल एंड गवर्नमेंट ऑपच्यरुनिटी फॉर ट्राईबल एंटरप्राइज विषय अपने विचार रखे।

चैलेंजिंग चैलेंज द बडिंग एंटरप्रेन्योर्स विषय पर कैप्टन अमिताभ, डॉ मनीषा उरांव, कपिल टोप्पो, बासमती बिरुआ, राज मार्शल, निकिता पॉल, रवि राज मुर्मू और निकिता सोरेन ने अपने अनुभव का साझा किया। समिट में अन्य विषय पर जीरेन जेवियर टोपनो, डॉ टाटा एल रघु राम, प्रोफेसर एन हरि बाबू, कुमार अभिषेक उरांव ने अपने विचार रखे।

## संक्षिप्त

### लवली गुप्ता ने रिम्स के डायरेक्टर से की मुलाकात

**मेदिनीनगर** : पांकी लवली गुप्ता ने रिम्स राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान के डायरेक्टर डॉ. राज कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दूर-दराज के इलाकों से आने वाले मरीजों के समुचित इलाज और सुविधाओं की कमी पर विस्तार से चर्चा की। लवली गुप्ता ने बताया कि इन क्षेत्रों से आने वाले मरीज अक्सर इलाज के अभाव और सुविधाओं की कमी से जूझते हैं। उन्होंने इन समस्याओं के समाधान हेतु ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। डॉ. राज कुमार ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि इन विषयों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रिम्स प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा। यह पहल दूर-दराज के मरीजों को त्वरित और समुचित इलाज प्रदान करने के साथ ही चिकित्सा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

### गरीबों के बीच किया गया कम्बल वितरण

**मेदिनीनगर** : पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर गुरुवार की रात गरीबों के बीच डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव ,असिस्टेंट संजीव कुमार सिंह, पीएलबी अमोद कुमार सिंह व विनय प्रसाद आदि लोगों ने कंबल का वितरण किया। विदित हो की बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने गरीब व बेसहारा लोगो के बीच कंबल वितरण का निर्णय लिया था। इसी कड़ी में आज देर रात गरीबों के बीच सदीक मंजिल चौक ,रेलवे स्टेशन आदि जगहों पर जाकर कंबल का वितरण किया गया। विदित हो की गरीबों के हित में डालसा हमेशा कार्य करता है।

### गार्डन, रसोई, बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**चरही** : सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व योजना अंतर्गत समेकित सामाजिक विकास परियोजना-उत्थान चुरचू हजारीबाग द्वारा, बहेरा पंचायत के पंचायत सचिवालय में हो रहे, किचन गार्डन, रसोई, बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए हजारीबाग जिला के मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो, इस दौरान उन्होंने लोगों को इस प्रशिक्षण के बारे में बखूबी समझाएं, मौके पर प्रशिक्षक मनोज तिवारी, सहयोगी शंकर प्रसाद, बायफ संस्थान के ल्.ड.ऊअजीत कुमार सिंह, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बिरसा टुडू, मुंतजीर अंसारी, बबलू पासवान, वसीमा खातून, वीणा देवी, रेखा देवी, अनीता देवी, ममता कुमारी, तालो देवी, सुशीला देवी, शिवानी कुमारी, सुमन कुमारी इत्यादि सैकड़ो की संख्या में लोग मौके पर मौजूद थे।

### कूड़ा संग्रहण के लिए तीन पहिया वाहन खरीद कर स्वच्छता पर कायम की मिसाल

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के चेडरा में शुक्रवार को चेडरा मुखिया सह विष्णुगढ़ मुखिया संघ सचिव निर्मल कुमार ने बेहतर जनप्रतिनिधि होने का एक उदाहरण पेश करते हुए कूड़ा संग्रहण के लिए तीन पहिया वाहन की खरीदी कर चेडरा पंचायत को समर्पित किया। साथ हीं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त कम्बल को चेडरा पंचायत के वृद्ध एवं गरीब असहाय महिला-पुरुषों के बीच वितरण कर कपकपाती ठंड से निजात दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर मुखिया निर्मल कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत चेडरा पंचायत को स्वच्छ रखने का पूरा प्रयास कर रहा हूँ। पर मेरा प्रयास तभी सफल हो सकता जब चेडरा की जनता मेरा भरपूर साथ दे, और घर के गंदे पानी को सड़क पर ना बहाए, इससे आप स्वच्छ और निरोग तो रहेंगे हीं अपितु चेडरा पंचायत एक मॉडल पंचायत बनेगा। जिससे हम सभी का मान-सम्मान और बढेगा।

# कार्यालय में लूटपाट व आगजनी के बाद भी एफआईआर नहीं होने पर बिफरे सांसद

## एसएसपी को पत्र लिखकर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई के दिए निर्देश



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गिरिडीह।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने 9 जनवरी को असामाजिक तत्वों द्वारा फुलारी टांड़ ऑफिसर्स कॉलोनी बुदौड़ा स्थित आवासीय कार्यालय में लूटपाट एवं आगजनी कर लाखों की संपत्ति को दिनदहाड़े लूट कर ले जाने और सहयोगियों के साथ मारपीट एवं जानलेवा हमला करने की घटना को लेकर धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक को संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिस अधिकारी को प्राथमिकी दर्ज करने व आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का आदेश देने को लेकर पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में वरीय पुलिस अधीक्षक से की गई कानूनी कार्रवाई से संबंधित प्रगति रिपोर्ट एक सप्ताह में मांगी है।

सांसद ने इस तरह का पत्र जिले के उपायुक्त को भी लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि घटना वाले दिन वे रेलवे की बैठक को लेकर कोलकाता में थे तो उन्हें दूरभाष पर इस घटना की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से मारपीट जानलेवा हमला करने जैसा जघन्य अपराध को अंजाम दिया गया। इतना ही नहीं अपराधियों द्वारा बाघमारा अनुमंडल में तैनात एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह पर जानलेवा हमला कर हत्या का प्रयास किया गया, जो अपराधियों द्वारा जिला पुलिस को खुली चुनौती है। अपराधियों द्वारा जनमानस में भय व्याप्त करने का तरीका है। एसडीपीओ पर हमला किया जाना पुलिस बल पर घातक आघात है। एसडीपीओ जल्द स्वस्थ हो, ईश्वर से इसकी कामना करता हूं।

सांसद ने पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि मामले की संवेदनशीलता व गंभीरता एवं संसद सदस्य के आवासीय कार्यालय में आगजनी और लूटपाट जैसे गंभीर कानून व्यवस्था पर मेरे प्रतिनिधि राम शंकर तिवारी द्वारा 9 जनवरी को जो ऑनलाइन प्राथमिक दर्ज करने के लिए लिखित शिकायत दिया गया, जिसका कंप्लेन नंबर 722218 है। इसके आलोक में तत्काल पुलिस थाना क्षेत्राधिकार के सक्षम पुलिस अधिकारी को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश निर्गत कर तत्काल अपराधियों की गिरफ्तार कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

सांसद ने कहा कि यह विषय अति संवेदनशील है कि राज्य में संसद सदस्य का आवासीय कार्यालय सुरक्षित नहीं है। तत्काल अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज तथा गिरफ्तारी व कानूनी कार्रवाई की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने इससे संबंधित एक सप्ताह के अंदर प्रगति रिपोर्ट भी मांगी है।

# उपायुक्त के जनता दरबार में फरियादियों ने लगायी गुहार

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नैंसी सहाय ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने के लिए अनुरोध किया।

जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे कटकमसांडी थाना क्षेत्र के पेलावल निवासी मो.अब्बास ने उपायुक्त से ऑनलाइन रसीद निर्गत करने और कण्ड्सार गांव के रहने वाली बबिता देवी ने केसीसी ऋण माफ करने का निवेदन किया। विष्णुगढ़ के सुनीता देवी और लालपुर सखिया के राबिया खातून ने उपायुक्त से मंईयां सम्मान योजना का लाभ देने का निवेदन किया। डांडी पोस्ट के होसीर गांव निवासी दिनेश महतो ने उपायुक्त से परियोजना में अधिग्रहण जमीन का सरकारी अमीन से सीमांकन करवाने का गुहार लगाया।

दारू थाना क्षेत्र के राजेश कुमार साव ने उपायुक्त से समाहरणालय के रिक्त पद पर चतुर्थ श्रेणी में नियुक्ति के संबंध में आवेदन दिया। नगर निगम हजारीबाग के विवेक कुमार वाल्मीकि ने उपायुक्त को पुराना समाहरणालय में साफ सफाई करने वाले मजदूरों के लिए कार्यालय खोलने के लिए अनुमति देने के संबंध में आवेदन दिया।

इचाक थाना क्षेत्र के पुनम देवी ने उपायुक्त से घर पर पेबर ब्लॉक तथा पथ निर्माण के भुगतान करने का निवेदन किया। जनता दरबार में मुख्य रूप से, रोजगार, जमीन संबंधी, जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये, जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।



### उपायुक्त से मिले रैयत ने की सड़क बनाने की मांग

**जनता** का हितैषी जनप्रतिनिधि ही जब आम जनमानस के लिए परेशानी का सबब बन जाय तो उसके दु:ख को कौन हरे। उसके हठ ने आम लोगों को काल मंडराते सडक मे चलने को मजबूर कर दिया है। उसके रवैये से जनता खुद को अपने प्रखंड कार्यालय से भी नही जोड़ पा रही है। जी हाँ हम बात कर रहे हैं केरेडारी के सतिचिरा- मुंडा टोली,जोरदाग के ग्रामीणों की दुर्दशा की। जोरदाग के ग्रामीण खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं की जिसके पास अपने समस्याओं का समाधान मांगने जाते थे आज वही हमारी मूल समस्या का कारण बन गया है। जोरदाग के ग्रामीणों की पब्लिक सड़क पर पिछले दो वर्षों से एनटीपीसी अपने ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के द्वारा कोयला ट्रांपोर्टिंग कर हाथ साफ कर रही है। यह एकमात्र सड़क है जो ग्रामीणों को अपने प्रखण्ड कार्यालय से जोड़ती है।

## जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत तीन के घर पुलिस ने चिपकाये इश्तेहार



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू।** पलामू जिले की सतबरवा पुलिस ने शुक्रवार को लातेहार जिले में लंबे समय से फरार चल रहे नक्सली संगठन जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत तीन के घर पर इश्तेहार चिपकाया। घर के अलावा सार्वजनिक जगह पर इश्तेहार लगाकर सभी को न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। उपस्थित नहीं होने पर कुर्की की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। सतबरवा पुलिस ने बालूमाथ थाना के बालू गांव में फरार उग्रवादी लवलेश जी उर्फ लवलेश गंझू के घर इश्तेहार चिपकाया। इसमें बालूमाथ पुलिस ने भी सहयोग किया। घर एवं सार्वजनिक स्थान पर इश्तेहार लगाते हुए पुलिस ने परिजन और आम लोगों से फरार उग्रवादी को जल्द कोर्ट में सरेंडर करने का निर्देश दिया।

केस के अनुसंधानकर्ता सतबरवा के थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने शुक्रवार को बताया कि एक सितंबर को सतबरवा थाना में (कांड संख्या 92/23) आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। मामले में लवलेश जी उर्फ लवलेश गंझू के घर पर ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपित करीब डेढ़ वर्षों से फरार चल है। वहीं दूसरी ओर लातेहार के सदर प्रखंड के कोने गांव में पप्पू लोहरा तथा गोदना गांव में शिव सिंह उर्फ शिव जी के घर भी इश्तेहार चिपकाया गया। इनके खिलाफ भी सतबरवा थाना में मामला दर्ज था। इसी तरह जेजेएमपी के ही शिव सिंह उर्फ शिव जी के घर पर भी इश्तेहार लगाया गया।

## बालू माफियाओं पर खनन विभाग की दबिश, एक ट्रैक्टर व एक हाईवा जब्त





**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**सरायकेला/कांड्रा।** सरायकेला उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर अवैध बालू के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति के नेतृत्व में सरायकेला व कांड्रा थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा एक हाईवा और एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार खनन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि तिरुलडीह, ईचागढ़ थाना क्षेत्र से अवैध बालू की निकासी कर एक जगह बालू भंडारण कर बड़े वाहनों से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र चौका, चांडिल, कांड्रा, गम्हरिया,आदित्यपुर में बेचा जाता है।

सूचना के आधार पर खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर कांड्रा थाना अंतर्गत पिंडराबेरा में एक अवैध बालू लदा हाईवा संख्या जे एच 05 बी डब्लू 0112 को जप्त किया। वही बालू संबंधित कागजात मांगे जाने पर नहीं दिखाने पर अवैध बालू लदा हाईवा को जप्त कर स्थानीय थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

इसी कड़ी में खनन विभाग की टीम ने सरायकेला थाना अंतर्गत कोलाबेड़ा में एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर संख्या जे एच 22एफ 3066 को जप्त किया है। बता दे कि एक दिन पूर्व ही चौका थाना क्षेत्र के मार्शल कंपनी दुबराजपुर में एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई थी। जिस मामले को ट्रैक्टर मालिक द्वारा छुपाने की कोशिश की जा रही थी। फिलहाल खनन विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में छापेमारी करने की संभावनाएं जताई गई है।

## मंत्री, विधायक और उपायुक्त ने जागरुकता रथ को किया रवाना

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**देवघर।** श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव, विधायक सुरेश पासवान व उपायुक्त विशाल सागर ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से संयुक्त रूप से जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये जागरुकता रथ के माध्यम से श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को सरकार की योजनाओं से जोड़ा जा सके।

इसके अलावे मंत्री संजय प्रसाद यादव ने श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा निर्माण श्रमिक सेफ्टी कीट योजना के तहत एक हजार रुपये की राशि श्रमिकों को प्रदान की। मौके पर मंत्री व देवघर विधायक द्वारा गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मंत्री ने जिले के प्रवासी श्रमिकों से अपील करते हुए कि वे अपना निबंधन कराकर ही बाहर काम करने जायें। श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए श्रमिकों को ऑनलाइन निबंधन कराना जरूरी है। प्रवासी श्रमिक, असंगठित श्रमिक और निर्माण श्रमिक प्रज्ञा केंद्र में जाकर या श्रमाधान पोर्टल पर निःशुल्क निबंधन कर सकते हैं।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, श्रम अधीक्षक विनित कुमार सिंह, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा मुकेश कुमार, समेत आदि उपस्थित थे।




### सरकारी आदेश को ठेंगा दिखा रहे निजी स्कूल

**लोहरदगा।** राज्य में शीतलहरी चल रही है। तापमान नीचे गिर गया है। कड़कड़ाती ठंड पड़ रही है। इसे देखते हुए शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों को 7 जनवरी से 13 जनवरी तक बंद रखने का निर्देश दिया गया है। इसे लेकर सभी स्कूल प्रबंधनों को शिक्षा विभाग ने नोटिस जारी किया गया है। हालांकि सरकारी आदेश को निजी स्कूल ठेंगा दिखा रहे हैं। विद्यार्थियों को स्कूल बुला रहे हैं। उटमू स्थित एसएस पब्लिक स्कूल प्रबंधन छुट्टी में भी बच्चों को स्कूल बुला रहा है। छूट्टी के बावजूद 9 जनवरी को छात्रों को घरेलू पोशाक में स्कूल बुलाया गया। पठन पाठन का कार्य किया गया।

## नगर निगम की टीम ने 16 सामुदायिक भवन पर जड़ा ताला, लिया अपने कब्जे में

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम की टीम ने 21 सामुदायिक भवन में से 16 सामुदायिक भवन में पर ताला जड़ते हुए अपने कब्जे में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में पड़ने वाले सामुदायिक भवन को कई व्यक्ति विशेष एवं कुछ पूर्व पार्षद ने अपने कब्जे में ले रखा था। जिसे लेकर नगर निगम प्रशासक रवि प्रकाश ने उन सभी व्यक्तियों को लेटर जारी कर सूचित किया था। जारी लेटर में सामुदायिक भवन की चाभी कार्यालय के अभियंत्रण शाखा में जमा करने की बात कही गई थी। शुक्रवार को उप नगर आयुक्त पारुल सिंह के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें नगर निगम क्षेत्र पड़ने वाली 16 सामुदायिक भवन पर ताला जड़ दिया हैं। वही शनिवार को शेष बचे सामुदायिक भवन पर अभियान चला कर कब्जे में लिया जाएगा। नगर निगम टीम से सहायक प्रशासक विपुल सनी, नगर प्रबंधक देवाशीष प्रधान, एवं नगर प्रबंधक रवि भारतीय मजिस्ट्रेट के रूप में एवं पुलिस बल मौजूद रहे।



# प्रवासी मजदूरों के निबंधन पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**मेदिनीनगर** : जिले के नावाबाजार ब्लॉक में शुक्रवार को प्रवासी मजदूरों से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें नावाबाजार ब्लॉक के प्रखंड के मुखिया एवं वार्ड के साथ साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु बाला, अंचलाधिकारी शैलेश कुमार एवं श्रम अधीक्षक एतवारी महतो भी उपस्थित रहे।इस कार्यशाला में श्रम अधीक्षक एतवारी महतो ने प्रवासी श्रमिकों से संबंधित समस्याओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि वैसे श्रमिक जो रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों,देशों में रोजगार के बेहतर तलाश में जाते हैं वे अनिवार्य रूप से श्रमाधान. झारखण्ड. जीओभी कॉम पोर्टल पर प्रवासी मजदूर अधिनियम 1979 के अंतर्गत निबंधन कराकर जाएं ताकि श्रमिकों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो एवं उनके द्वारा बताया गया कि सामान्य मृत्यु, दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा के कारण जिले के प्रवासी श्रमिक की मृत्यु/अशक्त होने पर उन्हे अपने घर तक लाने के लिए 50 हजार तक की राशि मुख्यमंत्री झारखण्ड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष से दी जायेगी,प्रवासी श्रमिक की दुर्घटना में दो अंग या दोनों ऑख या अंग की हानि होने पर एवं दुर्घटना/प्राकृतिक आपदा में श्रमिक की मृत्यु होने पर पंजीकृत एवं अपंजीकृत प्रवासी श्रमिकों को 75 हजार से दो लाख रुपए तक का भुगतान किया जायेगाा।श्रम अधीक्षक के द्वारा श्रम विभाग के संचालित सभी योजनाओं का जानकारी विस्तृत रुप में प्रोजेक्टर (ओडियो, विडियो)के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

एवं सभी आगन्तुकों से अपील किया गया कि जो भी मजदुर अपने राज्य से दूसरे राज्य में कार्य करने जाते है वे अपना निबंधन प्रवासी मजदूर के रुप में श्रम विभाग में जरुर करवायें।



# जमशेदपुर में 300 से अधिक युवाओं के साथ ध्वनि का आगाज

**प्रातःनागपुरी संवाददाता**

**जमशेदपुर।** ध्वनि के आठवें संस्करण का आगाज कल, 11 जनवरी, 2025 को माइकल जॉन ऑडिटोरियम में होगा। इस आयोजन में झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल से लगभग 327 युवा नेतृत्वकर्ता और 23 बदलाव के नायक शामिल होंगे।
इस वर्ष की थीम क्लिक करने से लेकर प्रगति तकः सतत विकास के लिए युवाओं की डिजिटल राह है। यह थीम साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की संभावनाओं, जानकारी की अतिवृद्धि के दौर में सत्य और मिथक को अलग करने, और सतत विकास लक्ष्यों को डिजिटल माध्यम से समझने पर केंद्रित है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में 'लाइफ बैलेंस शीट' नामक चिंतनशील सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य युवाओं को आत्मविश्लेषण के लिए प्रेरित करना है। ये सत्र उन्हें अपने उद्देश्य, यात्रा और व्यक्तिगत विकास के लिए मार्ग तय करने में मदद करेंगे। यह सम्मेलन उन युवा लीडर्स को एकजुट करने का प्रयास करता है, जो भविष्य में आने वाली चुनौतियों जैसे जलवायु संकट, सस्टेनेबिलिटी, डिजिटल परिवर्तन और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की जटिल दुनिया का सामना करने के कगार पर खड़े हैं। ध्वनि ग्रामीण सूचना प्रणाली के स्वप्निल अग्रवाल, समता सेंटर के प्रवीण निकम और अंतर्राष्ट्रीय महिला अनुसंधान केंद्र की नासरिन जमाल, प्रसिद्ध अतिथियों के पैनल का हिस्सा हैं, जो सूचनात्मक और संवादात्मक सत्र आयोजित करेंगे। ये सत्र युवाओं के विकास यात्रा के महत्वपूर्ण पहलू के रूप में सार्थक चचाओं के माध्यम से सवालों का समाधान करने और संवाद को बढ़ावा देने का कार्य करेंगे। इस सम्मेलन के दौरान 23 चेंजमेकर्स को उनके समाज में असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इन लोगों ने सामाजिक सुधारों, जागरूकता कार्यक्रमों, कार्यशालाओं के माध्यम से, जो उनके लिए महत्वपूर्ण हैं, उनका संघर्ष किया और ज्ञान साझा करने व कार्यान्वयन के जरिए अपरिवर्तनीय परिवर्तन लाने में भूमिका निभाई। इस अवसर पर एक विशेष कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया जाएगा, जिसका नाम है, वेयर द माइंड इज विदाउट फियर, जो नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ ठाकुर की कविता से प्रेरित है। यह किताब ध्वनि की यात्रा को उस दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है, जो युवा चेंजमेकर अपने विचारों और कार्यों के जरिए भविष्य के नेतृत्वकताओं के रूप में आकार ले रहे हैं। सम्मेलन की शुरूआत एक प्रातःकालीन स्वच्छता अभियान बदलाव के दूत से होगी, जो 7 से 8 बजे के बीच सतनाला डैम (स्थानीय रूप से डोबो डैम) पर आयोजित किया जाएगा। यह स्थल पिकनिक के लिए प्रसिद्ध है, और यहां स्वच्छता अभियान का आयोजन सार्वजनिक स्थानों के प्रति स्वामित्व और जिम्मेदारी का एहसास जगाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। लगभग 350 युवा, स्वयंसेवक, आयोजन टीम के सदस्य और कुल मिलाकर 400 से अधिक लोग इस अभियान में भाग लेंगे। हर साल सम्मेलन के हिस्से के रूप में आयोजित यह स्वच्छता अभियान, कूड़े को अलग करने और नागरिकों में कचरे के लिए विशेष स्थानों का उपयोग बढ़ाने की चुनौतियों को देखते हुए बेहद महत्वपूर्ण है। यह

**आयोजन में झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल से लगभग 327 युवा नेतृत्वकर्ता और 23 बदलाव के नायक होंगे शामिल**

## संक्षिप्त

### आदिवासियों ने धूमधाम से मनाया सोहराय पर्व

**बोकारो।** नये अन्न और पशुओं की पूजा करते हुए जरीडीह प्रखंड की खुटरी पंचायत में आदिवासियों ने सोहराय पर्व धूमधाम के साथ मनाया। पारण के दिन खाने पीने के बाद ढोल नगाड़ों और मांदर के थाप पर जमकर नाचने के बाद त्यौहार को अगले साल फिर आने का निमंत्रण दिया गया। मुखिया लीलावती देवी और झामुमो नेत्री अम्बिका देवी ने बताया कि सोहराय शांति से सम्पन्न हुआ। दोस्त, रिश्तेदार सबों के साथ अपनी खुशी साझा करने का मौका मिला। तुपकाडीह के पूरब चास प्रखंड के कनारी पंचायत और उत्तर विस्थापित क्षेत्र के कुंडौरी, खास कनारी, शिबूटांड़, मोहनपुर आदि गांवों में तीन दिवसीय त्यौहार का शुभारंभ शुक्रवार को हो गया है।

### रोटरी करेगा दिल में छेद वाले बच्चों का निःशुल्क इलाज

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने बताया कि चास रोटरी की ओर से दिल में छेद वाले बच्चों का निःशुल्क इलाज करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रांची स्थित राज हॉस्पिटल में प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को 1:00 बजे से 4:00 बजे तक डॉ राजेश झा द्वारा मरीज की स्क्रीनिंग की जाएगी। 4 मार्च को अंतिम मेगा स्क्रीनिंग कोच्चि के अमृता अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा की जाएगी। बैद ने बताया यह सुविधा केवल बीपीएल कार्ड एवं पीला कार्ड धारक को ही मिलेगी। कोच्चि आने-जाने का खर्चा मरीज को वहन करना पड़ेगा, लेकिन ऑपरेशन पूर्णतः निशुल्क होगा। यदि मरीज चाहें तो अपने डॉक्टर के माध्यम से भी फोन पर संपर्क कर सकते हैं। मरीज और अधिक जानकारी के लिए मुकेश तनेजा से 9431115673 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बेरमो के उप प्रमुख विनोद कुमार साहू का निधन

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल गोविंदपुर डी पंचायत के पंसस सह बेरमो प्रखंड के उप प्रमुख 48 वर्षीय विनोद कुमार साहू का शुक्रवार को रांची स्थित रिम्स में इलाज के दौरान सुबह साढ़े छह बजे निधन हो गया। मृतक का अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक निवास पर किया जाएगा। मंगलवार को तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पहले डीवीसी के स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां से बेहतर इलाज के लिए रात्रि में रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया था। हार्ट, हाई डायबिटीज, प्रेशर सहित कई बीमारियों से ग्रसित थे। उप प्रमुख के निधन से बोकारो थर्मल सहित बेरमो में मातम पसर गया है।

## सीबीआई की दबिश के बाद अवैध कब्जे वाले आवासों को खाली कराने का अभियान तेज



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** सम्पदा न्यायालय, बोकारो ने लगातार दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रखते हुए बोकारो इस्पात नगर में बीएसएल के अनधिकृत कब्जे वाले दस आवासों को मजिस्ट्रेट, पुलिस बल और बीएसएल सुरक्षा विभाग की टीम की उपस्थिति में खाली कराया। इस अभियान के तहत दूसरे दिन नगर के सेक्टर- 8 में 08ए/ ई/ 1418, 08बी/ ई/ 1048, 08बी / ई/ 1348, 08बी /ई / 2486, 08सी/ ई /1011, 08सी / ई /1386, 08सी /ई / 2616, 08सी/ ई/ 2643, 08सी / ई/ 2645 तथा 08सी /डी /3081 नम्बर के आवास खाली कराए गए। बोकारो इस्पात प्रबंधन ने उक्त आवासों को अतिक्रमण-मुक्त कराये जाने की पुष्टि की है। इसके पहले गुरुवार को बीएसएल प्रबंधन ने नगर के सेक्टर-2 और सेक्टर-3 में आठ अतिक्रमित आवासों को खाली करवाया था। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों बोकारो इस्पात प्रबंधन ने नगर के विभिन्न सेक्टरों के आवासों की मैपिंग करवाई थी, जिसमें शहर के विभिन्न सेक्टरों में तीन हजार से अधिक आवासों पर अवैध कब्जा किया जाने का खुलासा हुआ था। इसके बाद इसी हफ्ते सीबीआई की टीम ने बोकारो स्टील प्लांट के नगर सेवा विभाग में दबिश देते हुए वहां के अधिकारियों से पूछताछ की थी। इसके तत्काल बाद शहर में अवैध कब्जे वाले आवासों को खाली कराने का अभियान एक बार पुनः तेज कर दिया गया है।

# आदिवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : विधायक



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो के बेधनाडीह ग्राम में सोहराय पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्रीमती श्वेता सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने कहा कि प्रकृति पूजक आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए यह पर्व आस्था का सबसे बड़ा पर्व है।
दिशोम सोहराय पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। यह प्रकृति एवं पशु-पक्षियों के प्रति श्रद्धा एवं देवी-देवताओं के प्रति विश्वास का पर्व है। सोहराय पर्व फसल काटने के बाद पूस माह में 9 जनवरी से 14 जनवरी तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रत्येक संथाल आदिवासी परिवार अपने संबंधियों को आमंत्रित करते हैं। खासकर, यह पर्व भाई बहन के पवित्र रिश्ता को भी समेटता है। छह दिनों तक चलने वाले इस पर्व में आदिवासी लोग न केवल अपने देवी देवताओं एवं इष्ट देव की पूजा करते हैं, अपितु गाय, भैंस, बैल की भी पूजा करते हैं। श्रीमती सिंह ने कहा कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए हम सभी को एकजुट होने की जरूरत है।
आज प्रकृति को संरक्षित करने में आदिवासी समाज की अहम भूमिका है। इस भौतिकवादी युग में जल, जंगल और जमीन से छेड़छाड़ हो रहा है। आदिवासी समाज ने हमेशा से जल-जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है। इसलिए जरूरत है कि समाज के सभी लोग मिलजुल कर जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा के संरक्षण के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि, आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है।राज्य सरकार द्वारा आदिवासी योजना के तहत जनजातियों के आर्थिक, सामाजिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी कार्य हुए हैं। कई महत्वपूर्ण योजनाएं भी संचालित की गई हैं। यहां के जनजातियों का एकीकृत ढंग से विकास करना, जनजातियों को सुरक्षा देना एवं जनजातियों को शोषण मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर गणेश मांझी, खेदन मांझी, अशोक मांझी, विनोद मांझी, नारायण मांझी, अनिल मांझी, राज कुमार सिंह, महेंद्र महतो, राजेश मंडल, झरी महतो, विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## वेदांता ईएसएल एक्सेल-30 सेंटर ने एसएससी जीडी परीक्षा में छात्रों की उपलब्धियों का मनाया जश्न




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल एक्सेल-30 सेंटर के छात्रों ने 2024 एसएससी जीडी परीक्षा में अच्छी उपलब्धियां हासिल कर कंपनी के प्रयास को सार्थक बनाया है। इस उपलब्धि पर कंपनी द्वारा संचालित वेदांता ईएसएल एक्सेल-30 सेंटर में जश्न मनाया गया।
दरअसल, वेदांता ईएसएल एक्सेल-30 सेंटर, ईएसएल की सीएसआर शिक्षा परियोजना प्रेरणा के तहत एक पहल है, जिसने ग्रामीण झारखंड में वंचित युवाओं पर एक परिवर्तनकारी प्रभाव डाला है। बिजुलिया (चास) में जून 2021 में अपनी स्थापना के बाद से केंद्र ने छात्रों को सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए लक्षित मार्गदर्शन और संरचित शिक्षा के साथ सशक्त बनाया है। 2024 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि के तहत एक्सेल-30 सेंटर के तीन छात्रों ने प्रतिष्ठित एसएससी जीडी (कर्मचारी चयन आयोग सामान्य ड्यूटी) परीक्षा उत्तीर्ण की है। ये युवा उपलब्धि प्राप्त करने वाले 20 जनवरी, 2025 को अपनी सरकारी सेवा शुरू करेंगे। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा, हमें इन तीन छात्रों की उपलब्धियों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है, जिनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें सफलता दिलाई है। उनके परिवारों के साथ वेदांता ईएसएल इस गर्व को साझा करता है, क्योंकि ये छात्र एक उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि वेदांता ईएसएल में हम ग्रामीण युवाओं को ऐसे अवसर प्रदान कर सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो न केवल उनके जीवन को बदलते हैं, बल्कि पूरे समुदाय का उत्थान भी करते हैं।


### एक्सेल-30 सेंटर की प्रमुख उपलब्धियां

दरअसल, अपनी शुरूआत के बाद से वेदांता ईएसएल एक्सेल-30 सेंटर ने अपने व्यापक शैक्षिक कार्यक्रम के माध्यम से 70 छात्रों को लाभान्वित कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इनमें से 65 छात्र सरकारी परीक्षाओं में शामिल हुए, जिनमें से 22 ने लिखित परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इनमें से 8 छात्रों ने सरकारी नौकरी हासिल की, जिसमें एसएससी जीडी में 7 और अग्निवीर नेवी में 1 प्लेसमेंट शामिल है। इसके अलावा, 9 छात्रों ने पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रमों के लिए अहर्ता प्राप्त कर अपने करियर की संभावनाओं को व्यापक बनाया है।

### डीवीसी बोकारो थर्मल में मनाया गया विश्व हिन्दी दिवस

**बोकारो थर्मल।** विश्व हिंदी दिवस पर बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पावर प्लांट के तकनीकी भवन सभागार में शुक्रवार को राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समारोह में आमंत्रित वक्ता के रूप में केंद्रीय विद्यालय की शिक्षिका राजश्री सिंह उपस्थित थीं। राजश्री सिंह ने मौके पर कहा कि हिंदी में काम करना काफी सरल और सहज है। एचओपी ने डीवीसी के सभी कार्यालयों में हिंदी में काम करने और इसके प्रचार-प्रसार पर बल देने की बात कही। कार्यक्रम में डीवीसी के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया, डीजीएम प्रशासन बीजी होलकर, वरीय प्रबंधक वित्त सुशील कुमार सहित डीवीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण और कर्मचारी उपस्थित थे।

### शिक्षक पुत्र ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में झारखंड का किया प्रतिनिधित्व



**बोकारो।** आयुष राज ने 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025 में राष्ट्रीय स्तमर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व किया। दिल्लीय में 10 से 12 जनवरी, 2025 तक भारत सरकार ने इस कार्यक्रम का संचालन किया था। झारखंड की पूरी टीम के साथ आयुष राज केंद्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा आयोजित रात्रि भोजन में शामिल हुए। मंत्री से संवाद किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आयुष संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री देश भर के चयनित युवाओं से विभिन्न विषयों पर उनके विचार से अवगत होंगे। प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगे। आयुष राज अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के बोकारो जिला महासचिव राजेश कुमार सिन्हा के ज्येष्ठ सुपुत्र हैं। उनके पुत्र की उपलब्धि पर शिक्षकों ने श्री सिन्हा को बधाई दी।

### मातृत्व-रक्षा में बोकारो उपायुक्त की पहल सराहनीय : अंकित



**बोकारो ।** मातृत्व और ममत्व का महत्व केवल एक मां ही समझ सकती है और जब यह ममता किसी महिला को बिना किसी वित्तीय बोझ के प्रदान की जाए, तो यह निश्चित ही समाज के प्रति एक अद्वितीय सेवा बन जाती है। बोकारो जिले की उपायुक्त विजया जाधव ने ऐसी ही एक अभिनव और सराहनीय पहल की शुरूआत की है, जो गर्भवती महिलाओं के लिए एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी। गरीब और असहाय महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से निजी क्लीनिकों में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासोनोग्राफी कराने की सुविधा प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किया जाना बोकारो जिले के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। उक्त बातें चास-बोकारो के युवा समाजसेवी अंकित सिंह ने कहीं। श्री सिंह ने कहा कि इस पहल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव और समय पर चिकित्सा जांच की सुविधा प्राप्त होगी, जो उनके और उनके होने वाले शिशु के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कदम बोकारो जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। इस महत्वपूर्ण और समाज के लिए लाभकारी पहल के लिए युवा अंकित ने उपायुक्त को अपनी बधाई और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल गरीब और जरूरतमंद महिलाओं के लिए एक बड़ा उपहार साबित होगी। उनके अनुसार, यह कदम न केवल सराहनीय है, बल्कि पूरे राज्य के लिए अनुकरणीय भी है। इस पहल के सफल कार्यान्वयन से बोकारो में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार की नई उम्मीदें जागृत हुई हैं, और यह निश्चित रूप से आने वाले दिनों में समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

## टाटा स्टील फाउंडेशन की प्लेसमेंट ड्राइव में 27 को मिले नौकरी के प्रस्ताव



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**वेस्ट बोकारो।** झारखंड के 27 उम्मीदवारों को वेस्ट बोकारो डिवीजन में टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों से आकर्षक नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हुए।
पिछले महीने आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में एमआरएफ टायर्स और श्नाइडर जैसी कंपनियों से नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हुए। कुल मिलाकर 50 उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें से 27 उम्मीदवारों को नौकरी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। 6 उम्मीदवारों को एमआरएफ टायर्स, भरूच (गुजरात) में नौकरी मिली। 16 उम्मीदवारों को चेन्नई (तमिलनाडु) में और 5 लड़कियों को श्नाइडर, हैदराबाद (तेलंगाना) में नौकरी मिली। बेरोजगारी की बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए, हर साल फाउंडेशन, जमशेदपुर स्थित मॉडल करियर सेंटर (एमसीसी) के साथ मिलकर प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करता है। इन ड्राइव्स का उद्देश्य 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवारों को लक्षित करना है, विशेष वंचित समुदायों के क्षेत्रों से, जिनके पास न्यूनतम योग्यता के रूप में कक्षा 10 तक की शिक्षा और कुछ मामलों में पोस्टग्रेजुएट डिग्री होती है।
वित्तीय वर्ष 2024 में, विभिन्न पंचायतों में छह सफल प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गईं, जिनमें 763 उम्मीदवारों ने करियर काउंसलिंग सत्रों में भाग लिया, जिनमें 274 महिलाएं भी शामिल थीं। इन सत्रों के बाद, 416 उम्मीदवारों ने इंटरव्यू दिया, जिसके परिणामस्वरूप भारत भर की प्रमुख कंपनियों जैसे विसट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स, एमआरएफ टायर्स, श्नाइडर और मैट फाउंड्री में 85 उम्मीदवारों को नौकरी मिली।

## शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पावर प्लांट के मुख्य द्वार पर शुक्रवार को सड़क सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य पर प्रबंधन की ओर से शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।
शपथ ग्रहण समारोह में डीवीसी के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया, वरीय जीएम एफजीडी एसएन प्रसाद एवं डीजीएम प्रशासन बीजी होलकर सहित अन्य अभियंता, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। एफजीडी के वरीय जीएम ने शपथ पत्र पढ़ते हुए सभी को शपथ दिलायी। डीजीएम प्रशासन ने रोड सेफ्टी के बारे में कर्मियों को विस्तार से बताया। डीवीसी के संरक्षा अधिकारी एके चौबे ने भी कर्मियों को रोड सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। एचओपी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उपस्थित सभी कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने को कहा। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कर्मी उपस्थित थे, जिसमें मुख्य रूप से एओ एसके ओझा, सदन सिंह, संजय राय, आबिद अंसारी, केरल टुडू, निशा कुमारी, धुर्वा मांझी, अनिल सिंह, मो. फरीद, मनोज सिंह, राजेश सिंह, रवि गोस्वामी थे।

# डीपीएस बोकारो में अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

### 10 स्कूलों की 17 टीमों ने दिखाए दमखम, एमजीएम और एसएपीएस की टीमें बनीं चैंपियन



- परिश्रम और संघर्ष ही कामयाबी का एकमात्र विकल्प : राजीव

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** खेल हमें संघर्ष, अनुशासन और टीम के साथ मिलकर काम करने की कला सिखाता है। हमारे पूरे जीवन में ये बातें बेहद जरूरी हैं। बिना संघर्ष के सफलता असंभव है। इसलिए, मेहनत से कभी न घबराएं।
जितना पसीना बहाएंगे, उतनी ही कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ सकेंगे। उक्त बातें बोकारो से निकले भारतीय बास्केटबॉल टीम के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं वायुसेना अधिकारी राजीव कुमार ने शुक्रवार को डीपीएस बोकारो की मेजबानी में डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित अंतर विद्यालय बास्केटबॉल टूनामेंट के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कहीं। विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत करते हुए उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त कीं। अंडर- 19 आयुवर्ग की इस प्रतियोगिता में सहोदया-संबद्ध 10 विभिन्न विद्यालयों की 17 टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग में 10 एवं बालिकाओं में 7 स्कूलों की टीमें शामिल हुईं और 200 से अधिक खिलाड़ियों ने बास्केटबॉल कोर्ट में जमकर अपने दमखम दिखाए। कुल 15 मैच खेले गए। बालिका वर्ग में श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल (एसएपीएस) ने खिताबी जीत दर्ज की। डीपीएस बोकारो एवं जीजीपीएस-5 की टीम संयुक्त रूप से दूसरे तथा एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही। वहीं, बालक वर्ग में एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल की टीम प्रथम, डीपीएस बोकारो एवं श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल संयुक्त रूप से द्वितीय तथा जीजीपीएस-5 की टीम तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र निखिल राज तथा बालिकाओं में एसएपीएस की सेजल सिंह को बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार मिला। विजेता एवं उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि राजीव सहित डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं सहोदया के अध्यक्ष डॉ. ए. एस. गंगवार, सहोदया के उपाध्यक्ष एवं जीजीपीएस सेक्टर- 5 के प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती तथा सहोदया के महासचिव एवं एआरएस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विश्वजीत पात्रा ने पुरस्कृत किया। मेजबान विद्यालय के प्राचार्य डॉ. गंगवार ने प्रतियोगिता का समापन की औपचारिक घोषणा की। इसके पूर्व, प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में डीपीएस बोकारो की छात्राओं ने स्वागत गान व विद्यालय गीत की सुरीली प्रस्तुति की। प्रतिभागी सभी टीमों ने बैंड-ध्वनि के बीच मार्च-पास्ट पेश किया। मेजबान विद्यालय के बच्चों ने जुम्बा डांस, एरोबिक्स के साथ बास्केटबॉल के करतबों वाला मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। तदुपरांत प्रतिभागियों ने टीम-भावना से खेलने की शपथ ली। उद्घाटन समारोह में एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य फादर डॉ. जोशी वर्गीस भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता सफल बनाने वाले तकनीकी पदाधिकारियों में टेक्निकल हेड संजीव कुमार सहित विजय कुमार मिंज, सुधीर कुमार, निखिल ओझा, विनोद कुमार, सौरव कुमार, किंकर कृष्णा, कौशल कुमार, अमर कुमार, मनोज दुबे, नीरज कुमार, मुदस्सिर खान, कुणाल एवं प्रत्यूष सिंह शामिल थे। डीपीएस बोकारो के क्रीड़ा विभाग के सभी शिक्षकों ने भी सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने सभी अतिथियों एवं तकनीकी पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### घर बंद कर पूजा करने गए थे लोग, चोरों ने साफ कर डाली 10 लाख की संपत्ति



**बोकारो।** बोकारो में चोरों का आतंक थमता नहीं दिख रहा। चीरा चास स्थित अपना घर अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर जी-01 निवासी कमलेश कुमार सिंह के बंद आवास का ताला तोड़ कर गुरुवार को दिन-दहाड़े चोरों ने नकदी सहित लाखों रुपए के जेवरात की चोरी कर ली है। बताया जाता है कि गृहस्वामी अपने पूरे परिवार के साथ सुबह 9 बजे रजरप्पा मंदिर पूजा करने के लिए गए थे। दोपहर करीब 2:30 बजे घर वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि उनके फ्लैट का मुख्य दरवाजा और सेफ्टी ताला टूटा हुआ है। फ्लैट के अंदर जाने पर देखा कि सभी कमरों में सामान बिखरा हुआ है और अलमारी व उसका लॉकर भी टूटा हुआ है। यह देखकर उनके होश उड़ गए। गृ?हस्वामी ने बताया कि? लगभग 10 लाख रुपए मूल्य के जेवरात और 30 हजार रुपए नकद चोरी हुई है। इनमें सोने की चूड़ी, कंगन, झुमका, डायमंड के रिंग, सोने के चेन आदि शामिल हैं। साथ ही कई प्रकार के आवश्यक कागजात भी गायब हैं। घटना के बाद उन्होंने 100 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही चीराचास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चोरी का जायजा ली। साथ ही पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को भी बुलाकर फ्लैट के विभिन्न संदिग्ध जगहों से सैंपल इकट्ठा कर सुराग जुटाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन चोरों की जानकारी नहीं मिली। चीराचास थाना प्रभारी चंदन दुबे के नेतृत्व में एक टीम गठित कर लोकल चोरों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। टीम आसपास के अलावा चीराचास के मुख्य जगहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# अन्य देशों को विपरीत रूप से प्रभावित कर सकती हैं अमेरिकी आर्थिक नीतियां



प्रहलाद सबनानी

**वैश्विक स्तर पर अर्थशास्त्र के वर्तमान सिद्धांत (मॉडल) विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं को हल करने के संदर्भ में बोथरे साबित हो रहे हैं। इसलिए अमेरिकी एवं अन्य विकसित देशों के अर्थशास्त्री आज साम्यवादी एवं पूंजीवादी सिद्धांतों (मॉडल) के स्थान पर वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में आ रही विभिन्न समस्याओं के हल हेतु एक तीसरे रास्ते (मॉडल) की तलाश करने में लगे हुए हैं और इस हेतु वे भारत की ओर बहुत आशाभारी नजरों से देख रहे हैं।**



वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अन्य देशों की मुद्राओं की कीमत अमेरिकी डॉलर की तुलना में गिर रही है। इससे, विशेष रूप से विभिन्न वस्तुओं का आयात करने वाले देशों में वस्तुओं के आयात के साथ मुद्रा स्फीति का भी आयात हो रहा है। इन देशों में मुद्रा स्फीति बढ़ती जा रही है और इसे नियंत्रित करने के उद्देश्य से एक बार पुनः ब्याज दरों में वृद्धि की सम्भावना भी बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक को अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए के अवमूल्यन को रोकने के लिए भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में से लगभग 5,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर को बेचना पड़ा है जिससे भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अपने उच्चत्तम स्तर 70,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से घटकर 65,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के भी नीचे आ गया है। अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होने के चलते विश्व के लगभग सभी देशों की यही स्थिति बनती हुई दिखाई दे रही है। दूसरी ओर, अमेरिका में बजटीय घाटा एवं बाजार ऋण की राशि अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है एवं अमेरिका को इसे नियंत्रित करने के लिए अपनी आय में वृद्धि करना एवं व्यय को घटाना आवश्यक हो गया है। परंतु, 20 जनवरी 2025 को डॉनल्ड ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति बनते ही सम्भव है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा आयकर में भारी कमी की घोषणा की जाय। डॉनल्ड ट्रम्प ने अपने चुनावी भाषण में इसके बारे में इशारा भी किया था। हां, सम्भव है कि आयकर को कम करने के चलते कुल आय में होने वाली कमी की भरपाई अमेरिका द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में वृद्धि कर इसके निर्यात में वृद्धि एवं अमेरिका में विभिन्न वस्तुओं के अमेरिका में होने वाले आयात पर कर में वृद्धि करने के चलते कुछ हद्द तक हो सके। परंतु, कुल मिलाकर यदि आय में होने वाली सम्भावित कमी की भरपाई नहीं हो पाती है तो अमेरिका में बजटीय घाटा एवं बाजार ऋण की राशि में अतुलनीय वृद्धि सम्भव है। जो एक बार पुनः अमेरिका में मुद्रा स्फीति को बढ़ा सकता है और फिर से अमेरिका में ब्याज दरों में कमी के स्थान पर वृद्धि देखने को मिल सकती है।

पूरे विश्व में पूंजीवादी नीतियों के चलते मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में रखने के उद्देश्य से विभिन्न देशों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि की घोषणा की जाती रही है। किसी भी देश में मुद्रा स्फीति की दर यदि खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि के चलते बढ़ रही है तो इसे ब्याज दरों में वृद्धि कर नियंत्रण में नहीं लाया जा सकता है। हां, खाद्य पदार्थों की बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर जरूर मुद्रा स्फीति को तुरंत नियंत्रण में लाया जा सकता है। अतः यह मांग की तुलना में आपूर्ति सम्बंधी मुद्दा अधिक है। उत्पादों की मांग में कमी करने के उद्देश्य से बैंकों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि की जाती है, जिससे ऋण की लागत बढ़ती है और इसके कारण अंततः विभिन्न उत्पादों की उत्पादन लागत बढ़ती है। उत्पादन लागत के बढ़ने से इन उत्पादों की मांग बाजार में कम होती है जो अंततः इन उत्पादों के उत्पादन में कमी का कारण भी बनती है। उत्पादन में कमी अर्थात बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों की छँटनी करने के परिणाम के रूप में भी दिखाई देती है। हाल ही के वर्षों में अमेरिका में जब मुद्रा स्फीति की दर पिछले लगभग 50 वर्षों के उच्चत्तम स्तर पर अर्थात 10 प्रतिशत के आसपास पहुंच गई थी, तब फेडरल रिजर्व द्वारा फेड दर (ब्याज दरों) को भी 0.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत तक लाया गया था, और यह दर लम्बे समय तक बनी रही थी। इसका प्रभाव, अमेरिका की सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रही कम्पनियों पर अत्यधिक विपरीत रूप में पड़ता दिखाई दिया था और लगभग 2 लाख इंजीनियरों की छँटनी इन कम्पनियों द्वारा की गई थी। अतः मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करने का निर्णय अमानवीय है एवं इसे उचित निर्णय नहीं कहा जा सकता है। ब्याज दरों में वृद्धि करने का परिणाम वैश्विक स्तर पर कोई बहुत अधिक सफल भी नहीं रहा है। अमेरिका को मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रण में लाने के लिए लगभग 3 वर्ष( ?) का समय लग गया है और यह इस बीच ब्याज दरों को लगातार उच्च स्तर पर बनाए रखने के बावजूद सम्भव नहीं हो पाया है।

भारत में भी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से रेपो दर (ब्याज दर) में पिछले लगभग 22 माह तक कोई परिवर्तन नहीं किया गया था एवं इसे उच्च स्तर पर बनाए रखा गया था जिसका असर अब भारत के आर्थिक विकास दर पर स्पष्टः दिखाई दे रहा है एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में भारत में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत रही है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की रही थी। आर्थिक विकास दर में वृद्धि दर का कम होना अर्थात देश में रोजगार के कम अवसर निर्मित होना एवं नागरिकों की आय में वृद्धि की दर का भी कम होना भी शामिल रहता है। अतः लंबे समय तक ब्याज दरों को ऊंचे स्तर पर नहीं बनाए रखा जाना चाहिए।

यह सही है कि मुद्रा स्फीति को एक दैत्य की संज्ञा भी दी जाती है और इसका सबसे अधिक विपरीत प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। अतः किसी भी देश के लिए इसे नियंत्रण में रखना अति आवश्यक है। परंतु, मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में रखने हेतु लगातार ब्याज दरों में वृद्धि करते जाना भी अमानवीय कृत्य है। ब्याज दरों में वृद्धि की तुलना में विभिन्न उत्पादों की बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर मुद्रा स्फीति को तुरंत नियंत्रण में लाया जा सकता है। विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाने हेतु प्रयास किए जाने चाहिए। आपूर्ति बढ़ाने के प्रयासों में इन उत्पादों के उत्पादन में वृद्धि करना भी शामिल होगा, कम्पनियों द्वारा उत्पादन में वृद्धि करने के साथ साथ रोजगार के नए अवसरों का निर्माण भी किया जाएगा। इस प्रकार के निर्णय देश की अर्थव्यवस्था के लिए हितकारी एवं लाभदायक साबित होंगे।

अमेरिका द्वारा आर्थिक क्षेत्र से सम्बंधित की जा रही विभिन्न घोषणाओं जैसे चीन एवं अन्य देशों से आयात की जाने वाली वस्तुओं पर आयात कर में 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक की वृद्धि करना, अमेरिका पर लगातार बढ़ रहे ऋण को कम करने हेतु किसी भी प्रकार के प्रयास नहीं करना, अमेरिकी बजटीय घाटे का लगातार बढ़ते जाना, विदेशी व्यापार के क्षेत्र में व्यापार घाटे का लगातार बढ़ते जाना, विभिन्न देशों द्वारा डीडोलराईजेशन के प्रयास करना आदि ऐसी समस्याएं हैं जिनका हल यदि शीघ्र ही नहीं निकाला गया तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के साथ साथ अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाएं भी विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेंगी।

प्राचीन भारत के इतिहास में मुद्रा स्फीति जैसी परेशानियों का जिक्र नहीं के बराबर मिलता है। भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार भारत में उत्पादों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता रहां है अतः वस्तुओं की बढ़ती मांग के स्थान पर बाजार में वस्तुओं की आपूर्ति ही अधिक रही है। ग्रामीण इलाकों में 50 अथवा 100 ग्रामों के क्लस्टर के बीच हाट (बाजार) लगाए जाते थे जहां स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं/उत्पादों/खाद्य पदार्थों को बेचा जाता था। स्थानीय स्तर पर निर्मित की जा रही वस्तुओं को स्थानीय बाजार में ही बेचने से इन वस्तुओं के बाजार मूल्य सदैव नियंत्रण में ही रहते थे। अतः वस्तुओं की मांग की तुलना में उपलब्धता अधिक रहती थी। कई बार तो उपलब्धता का आधिक्य होने के चलते इन वस्तुओं के बाजार में दाम कम होते पाए जाते थे। इस प्रकार मुद्रा स्फीति जैसी समस्याएं दिखाई नहीं देती थीं। जबकि वर्तमान में, विभिन्न देशों के बाजारों में विभिन्न उत्पादों की उपलब्धता पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है, इन वस्तुओं की मांग बढ़ने से इनकी कीमतें बढ़ने लगती हैं, और, इन कीमतों पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से यह प्रयास किया जाने लगता है कि किस प्रकार इन वस्तुओं की मांग बाजार में कम की जाय, इसे एक नकारात्मक निर्णय ही कहा जाना चाहिए।

वैश्विक स्तर पर अर्थशास्त्र के वर्तमान सिद्धांत (मॉडल) विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं को हल करने के संदर्भ में बोथरे साबित हो रहे हैं। इसलिए अमेरिकी एवं अन्य विकसित देशों के अर्थशास्त्री आज साम्यवादी एवं पूंजीवादी सिद्धांतों (मॉडल) के स्थान पर वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में आ रही विभिन्न समस्याओं के हल हेतु एक तीसरे रास्ते (मॉडल) की तलाश करने में लगे हुए हैं और इस हेतु वे भारत की ओर बहुत आशाभारी नजरों से देख रहे हैं। प्राचीन भारतीय आर्थिक दर्शन इस संदर्भ में निश्चित ही वर्तमान समय में आ रही विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं के हल में सहायक एवं लाभकारी सिद्ध हो सकता है।

## संपादकीय

### ऐसे बनेगी बात

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर बनाए गए 2023 के नये कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। अब अगली सुनवाई 4 फरवरी को होगी। लोगों को याद होगा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च 2023 के अपने निर्णय में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और प्रधान न्यायाधीश को शामिल करते हुए एक चयन समिति का गठन किया था। इसके बाद संसद ने एक नया कानून बनाया जिसमें प्रावधान है कि चयन समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, नेता प्रतिपक्ष या लोक सभा में सबसे बड़े विरोधी दल के नेता शामिल होंगे। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इस चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को हटा दिया गया। इस नये कानून को लेकर विवाद है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश की कांग्रेस नेता जय ठाकुर ने शीर्ष अदालत में दायर अपनी अर्जी में कहा है कि केंद्र सरकार ने अदालत के फैसले का आधार बदले बिना इसे बदल दिया। एडीआर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण का विश्वास है कि सरकार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को नियंत्रित नहीं कर सकती। इससे लोकतंत्र को खतरा है। ऐसा प्रतीत होता है कि नये कानून में चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को हटाने के पीछे सरकार की मंशा यही रही होगी कि उसे किसी तरह की दुविधा का सामना न करना पड़े और उसे इस बात की भी आशंका रही होगी कि अगर मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में प्रधान न्यायाधीश और नेता प्रतिपक्ष दोनों ने अपना विरोध दर्ज कर दिया तो सरकार के सामने एक असहज स्थिति पैदा हो सकती है। हालांकि गैर-सरकारी संगठन एड़ीआर और वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण की ओर से उठाई आपत्तियां भी विचारणीय है और इसे सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। अब देखने वाली बात यह है कि इस अहं मसले पर सुप्रीम कोर्ट क्या फैसला देता है।

## चिंतन-मनन

### सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख

पिछले दिनों में राष्ट्रीय रंगमंच पर जिस प्रकार का राजनीतिक चरित्र उभरकर आ रहा है, वह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है, राजनीति का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीति-निपुण व्यक्तित्व से नहीं है, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरी महत्व दे; किंतु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता हो। राजनेता का अर्थ राष्ट्र को गति की दिशा में अग्रसर करने वाला नहीं, अपने दल को सत्ता की ओर अग्रसर करने वाला रह गया है। यही कारण है कि आज राष्ट्र गौण है, दल प्रमुख है। सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख है। चरित्र गौण है, कुर्सी प्रमुख है।

एक राजनेता में राष्ट्रीय चरित्र, न्याय-सिद्धांत और नेतृत्व क्षमता के गुणों की आवश्यकता नहीं, किंतु आज कुशल राजनेता वही है, जो अपने दल के लिए राष्ट्र के साथ भी विश्वासघात कर सकता हो, अपनी कुर्सी के लिए अपने दल के साथ भी विश्वासघात करने का जिसमें साहस या दुस्साहस हो।

बहुत बार मन में प्रश्न उभरता है, क्या राजनीति का अपना कोई चरित्र नहीं होता अथवा सत्ता प्राप्ति के लिए राष्ट्र, समाज, दल और व्यक्ति की विश्वासपूर्ण भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना ही राजनीति का चरित्र होता है? जनता की कोमल भावनाओं का शोषण करके सत्तासीन होने के बाद क्या राजनेता का व्यक्तित्व जनता और राष्ट्र से भी बड़ा हो जाता है?

यदि ऐसा नहीं है तो आज की राजनीति क्यों अपने प्रिय पुत्रों, संबंधियों और चमचों-चाटुकारों के चप्रव्यूह में फंसकर रह गई है? राष्ट्र को स्थिर नेतृत्व प्रदान करने के नाम पर क्यों सिद्धांतहीन समझौते और स्तरहीन कलाबाजियां दिखाई जा रही हैं? संप्रदायवाद, जातिवाद, भाषावाद और प्रांतवाद को भड़का करके क्यों सत्ता की गोटियां बिठाई जा रही हैं? आज की राजनीति को देखकर मन ग्लानि और वितृष्णा से भर जाता है। आखिर यह सबकुछ कब तक चलता रहेगा?

# मौत की सवारी तले दफन होता बचपन, अब तो लगे रोक

डी.के.वत्स

बचपन अपने-आप में मासूमियत का पर्याय है। छोटे-छोटे मासूम बच्चे हंसते-खेलते स्कूल के लिए जाते तो हैं, लेकिन जब वो लौटकर नहीं आते या फिर लहूलुहान हो लौटते हैं तो उस बच्चे की मां और अन्य परिजनों की ममता भी लहूलुहान हो जाती है। बीते बुधवार को रामगढ़ के गोला में जिस प्रकार की हृदयविदारक घटना घटी, उसने सभी को झकझोर कर रख दिया। स्कूली बच्चों से भरे ऑटो के ऊपर आलू लदा ट्रक पलटने से ऑटो के चालक सहित तीन बच्चों की मौत हो घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि लगभग एक दर्जन बच्चे घायल हो गए। मृत बच्चों की उम्र 5 से 11 साल की थी। घायल सभी बच्चे भी छोटी उम्र के थे। जब मृत बच्चों के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो राष्ट्रीय उच्चपथ 320 उनकी कारुणिक चीत्कार से दहल उठी। स्वाभाविक भी है। इस तरह की घटनाएं साबित करती हैं कि हमारे-आपके बच्चे जान हथेली पर लेकर या यूं कहें कि मौत का जोखिम भरा सफर तय कर स्कूल जाते-आते हैं। सुबह-सवेरे स्कूल यूनिफॉर्म में सजे मां-बाप के लाडले स्कूल के लिए जब घर से निकलते हैं, तो वे अपने बच्चों की सुंदरता पर मोहित हो जाते हैं। उन्हें देखकर सपने संजोने लगते हैं कि पढ़-लिखकर उनके बच्चे अच्छे जॉब में जाएंगे, अच्छा और सफल इंसान बनेंगे तथा बुढ़ापे में उनका सहारा बनेंगे। लेकिन, यह नहीं सोचा कि उनका बच्चा स्कूल जाने के लिए कितना खतरनाक सफर तय कर रहा है। जिस ऑटो में बच्चे को भेजा जाता है, उस ऑटो में भेड़-बकरियों की तरह बच्चों को लादकर स्कूल पहुंचाया जाता है। ऑटो चालक दो पैसे ज्यादा कमाने के चक्कर में परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित सीट क्षमता से ज्यादा बच्चों को बैठा लेते हैं और रफ्तार इतनी बदहवास होती है कि हर पल बच्चों की जान जोखिम में ही होती है। आवश्यक सावधानियां भी नहीं बरती जा रही है। बावजूद इसके अभिभावक भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वे भी बच्चों की जान जोखिम में डालकर उन्हें लापरवाह ऑटो चालकों के साथ स्कूल भेज रहे हैं। ऑटोचालकों को यह समझ तो है ही नहीं कि वे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, उन्हें इस बात की भी परवाह नहीं कि जिन बच्चों को वे खतरनाक तरीके से ले जा रहे हैं वे किसी की आंखों का तारा है।

अभी पिछले ही महीने बोकारो के सिटी पार्क के समीप स्कूली बच्चों को लेकर जा रहा एक तेज रफ्तार ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें तीन बच्चे घायल हो गए थे और एक छात्रा बेहद गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इसके पूर्व, बोकारो थर्मल-कंजकिरो मुख्य सड़क पर ऑटो पलटने से उसमें सवार 16 स्कूली बच्चे घायल हो गए थे। आधा दर्जन बच्चों को गंभीर चोटें आई थीं। सभी बच्चे बोकारो थर्मल स्थित संत पॉल मॉडर्न, इंडियन स्कूल ऑफ लर्निंग तथा कार्मेल स्कूल के थे। सभी स्कूल से छुट्टी के बाद प्रत्येक दिन की ही तरह अपने ऑटो से कंजकिरो, कोरियाबेड़ा, गोवारडीह घर जा रहे थे। कुछ वर्ष पूर्व चास के वंशीडीह में एक स्कूली बच्चे की टेम्पो पलटने से मौत हो गई थी। ऐसी घटनाएं झारखंड में आए दिन अलग-अलग जगहों से लगातार सामुने आ रही हैं, फिर भी इस खतरनाक सफर पर ब्रेक नहीं लग सकी है।

बुधवार को रामगढ़ की घटना गुडविल मिशन स्कूल, रामगढ़ के बच्चों के साथ घटी। आश्चर्य की बात तो यह है कि गुडविल मिशन ने केवल धन उगाही को ही शायद अपना मिशन बना रखा है। बच्चों के गुडविल से उन्हें शायद कोई लेना-देना नहीं। झारखंड सरकार ने 13 जनवरी 2025 तक ठंड के मद्देनजर सातवीं कक्षा तक के बच्चों की क्लास पर रोक लगा रखी है। बावजूद इसके उक्त स्कूल को खोलकर रखा गया। इस लापरवाही के खिलाफ विद्यालय को सील करते हुए संचालक के खिलाफ मुकदमा तो दर्ज कर लिया गया है। परंतु, इस तरह की लापरवाही के पीछे कहीं न कहीं अभिभावक भी काफी हद तक ज़िम्मेदार हैं। जब स्कूल बंद करने का आदेश सरकार की ओर से था तो मासूमों को स्कूल भेजने की जरूरत ही क्या थी। चार-पांच दिन बच्चे स्कूल अगर न जाते तो आईएएस-आईपीएस अफसर बनने से न चूक जाते। अभी तो पढ़ाई में उनके नन्हे कदम आगे बढ़े ही हैं, जिनकी हिफाज़त भी जरूरी है।

परिवहन विभाग द्वारा एक ऑटो में आठ सीट निर्धारित है, लेकिन इनमें 10-15 बच्चे ठूंस दिए जाते हैं। कुछ न कुछ बहाना दिखाकर अभिभावक भी मजबूरी गिना देते हैं, वहीं स्कूल प्रबंधन इस मामले में अपना पल्ला झाड़ लेता है। अधिकतर स्कूल प्रबंधन का कहना है कि ऑटो से आने वाले बच्चे स्कूल प्रबंधन की जिम्मेवारी नहीं हैं। ऑटो स्कूल के नहीं, निजी होते हैं। बड़े स्कूलों की ओर से बसें भी चलती हैं, लेकिन कुछ पैसे बचाने के चक्कर में अभिभावक ऑटो में बच्चों को जोखिम भरा सफर तय करने के लिए भेज देते हैं।

सुरक्षित यात्री परिवहन के लिए सरकार ने नियम तो बहुत बनाए हैं, लेकिन इनका पालन तभी कराया जाता है जब कोई मंत्री या बड़ा अफसर कहे। अन्यथा, सामान्य दिनों में मौत के सफर पर जिम्मेदार परिवहन और पुलिस महकमा आंखें ही बंद रखता है। इसी के परिणामस्वरूप स्कूली बच्चों को ढोने वाले ऑटो पर सरकार और प्रशासन राज्य में शायद मेहरबान है। जबकि, इनकी लापरवाही मासूमों के साथ बड़े हादसों का कारण बनी हुई है। स्कूली बच्चों का परिवहन करने वाले वाहनों के लिए हाईकोर्ट द्वारा भी गाइडलाइन तैयार कराई गई है, लेकिन इस गाइडलाइन का परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन पालन नहीं करा है। परिणामस्वरूप धड़ल्ले से ऑटो चालक लापरवाहीपूर्ण तरीके से बच्चों को घर से स्कूल और स्कूल से घर छोड़ रहे हैं और हादसे पर हादसे हो रहे हैं, पर अफसरों को इसकी शायद तनिक भी चिंता तक नहीं है।

हालांकि, खानापूर्ति के लिए समय-समय पर ओवरलोडिंग की रोकथाम के लिए अभियान तो चलाया जाता है, लेकिन इसका कोई खास असर टेंपो चालकों पर नहीं पड़ता है। एक-दो दिनों के बाद टेंपो चालक फिर ओवरलोडिंग करने लगते हैं, जिसे रोकने वाला कोई नहीं होता है। किसी-किसी टेंपो में तो सेफगार्ड के लिये जाली लगी होती है, जबकि ज्यादातर एक तरफ से खुले ही होते हैं और बच्चे बाहर तक लटकी हालत में ठीक उसी खतरनाक तरीके से सफर करते हैं जिस प्रकार आटो के बाहर उनके बैग झूलते दिख जाते हैं। स्कूली ऑटो के दुर्घटनाग्रस्त होने जैसी घटनाओं के बाद तात्कालिक तौर पर प्रशासन सक्रिय होता है, फिर बाद में धीरे-धीरे स्थिति वैसी ही हो जाती है और फिर कोई बड़ा हादसा एक करारा झटका दे जाता है। ओवरलोड ऑटो चालकों पर समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। नियम-विरुद्ध वाहन चलाने वालों पर जुर्माना भी किया जाता है, लेकिन बच्चों को सुरक्षित तरीके से ले जाने-आने पर भी ठोस कार्रवाई की दिशा में न तो सरकार और न ही स्थानीय प्रशासन की तंद्रा नहीं टूट सकी है।

खबरों के अनुसार, स्कूली बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए बिहार सरकार ने अहम फैसला लिया है। राज्य सरकार ने स्कूलों में बच्चों को ले जाने वाले ऑटो और टोटो जैसे तिपहिया वाहनों के खिलाफ नया आदेश जारी किया है।अब से बिहार में स्कूली बच्चे इन वाहनों से स्कूल नहीं जा सकेंगे। यह आदेश अप्रैल 2025 महीने से पूरे राज्य में लागू होगा। वहीं, यूपी के भी बरेली सहित कई जिलों में ऑटो-टोटो से स्कूली बच्चों को ले जाने पर सख्त प्रतिबंध है। वहां तो हर स्कूल में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति भी गठित की गई है, जो बच्चों के आने-जाने की मॉनिटरिंग करती है। जरूरत इस बात की है कि पड़ोसी राज्यों की पहलों तथा रामगढ़ की घटना से सीख लेकर झारखंड में भी अब इस दिशा में सख्त कदम उठाए जाएं। जब तक सरकारी स्तर से ठोस कार्रवाई नहीं होती और अभिभावक भी अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूक नहीं होंगे, तब तक शायद न जाने मौत की सवारी तले बचपन यूं ही दफन होता रहेगा।

(लेखक पत्रकार हैं और ये उनके निजी विचार हैं।)

# बिगड़े बोल : कब समझदार बनेंगे माननीय



रजनीश कपूर

चुनावी सभा हो या संसद सदन जब भी नेताओं के बोल बिगड़ते हैं तो सुर्खियां बनते देर नहीं लगती। परंतु सोचने वाली बात यह है कि जहां एक ओर हमारे देश में राजनेताओं की एक जमात ऐसी थी जो नैतिकता का पालन करती थी। वहीं दूसरी ओर बीते कुछ वर्षों से राजनेताओं के बयानों में आपको अभद्रता के कई उदाहरण मिलेंगे। दल चाहे कोई भी हो नेताओं की जबान फिसलते देर नहीं लगती। फिर वो चाहे किसी पुरुष नेता का महिला के संदर्भ में दिया गया बयान हो, किस धर्म या जाति विशेष के लोगों के खिलाफ दिया गया बयान हो या किस महिला नेता का किसी आम आदमी को धमकाने वाला बयान हो। नेता अपनी कुर्सी की गर्मी और अहंकार के चलते सभी हदें पार कर देते हैं।

बीते कुछ दिनों में अलग-अलग दलों के नेताओं द्वारा जिस तरह की बयानबाजी देखने को मिली है उससे यह बात तो साफ है कि नेता सुर्खियों में बने रहने के लिए किसी भी स्तर पर जा सकते हैं। ऐसे में देखना यह है कि राजनैतिक दलों का शीर्ष नेतृत्व ऐसे बेलगाम नेताओं के खिलाफ क्या कार्रवाई करता है। यदि कोई भी दल इस बात की दुहाई दे कि वे महिला सम्मान के प्रति कटिबद्ध है और वहीं उसी के दल के नेता किसी जनसभा में किसी सड़क की तुलना विपक्षी दल की किसी महिला नेता के 'गालों' से करता है तो यह बात न सिर्फ निंदनीय होनी चाहिए बल्कि ऐसे नेता को उसके शीर्ष नेतृत्व से कड़ी फटकार और सजा भी मिलनी चाहिए जिससे कि अन्य नेताओं को सबक मिले, परंतु क्या ऐसा हुआ या ऐसा होता है? यदि इसका उत्तर 'नहीं' है तो यह बात स्पष्ट है कि ऐसे अनैतिक नेताओं को उनके शीर्ष नेतृत्व की पूरी हमदर्दी और आशीर्वाद प्राप्त है। पिछले दिनों में जहां एक दल के नेता ने एक महिला नेता और एक महिला मुख्य मंत्री के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया वहीं एक अन्य दल के नेता ने एक सभा में अपने क्षेत्र के वोटरों को ही दोषी ठहराया। इतना ही नहीं उनकी तुलना 'वेश्या' से भी कर डाली। उसी राज्य में एक अन्य दल के वरिष्ठ नेता ने भी अपने वोटरों को इस तरह धमकाया कि ये बयान भी सुर्खियों में छा गया। इस वरिष्ठ नेता ने तो यहां तक कह डाला कि 'सिर्फ इसलिए कि आपने वोट दिया इसका मतलब यह नहीं है कि आप मेरे मालिक हैं। क्या आपने मुझे अपना नौकर बना लिया है?' यह बात तो जगजाहिर है कि चुनावी दिनों में हर नेता अपने वोटरों के आगे-पीछे घूमते हैं। उन्हें रिझाने के लिए क्या-क्या नहीं करते, परंतु जैसे ही वे सत्ता में आते हैं तो अपना असली रंग दिखाने में पीछे नहीं हटते। ऐसे में कबीर दास जी का यह दोहा याद आता है, 'ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोये। औरन को शीतल करे, आपहुं शीतल होए'

जो हमें बचपन से ही सिखाता आया है कि चाहे कुछ भी हो हमें ऐसी भाषा बोलनी चाहिए जो सुनने वाले के मन को आनंदित करे। जहां मीठे वचन सुनने वालों को सुख देते हैं, वहीं हमारे मन को भी आनंदित करते हैं, परंतु क्या हमारे द्वारा चुने गये जनप्रतिनिधि इसका अनुसरण कर रहे हैं? या सत्ता के अहंकार में आपा खो रहे हैं। एक समय था जब नेता अपने क्षेत्र की जनता को सर-आंखों पर बिठा कर रखते थे। उनकी हर छोटी-बड़ी समस्या का हल निकालने के लिए हर कदम उठाते थे। अपने क्षेत्र के वोटर के खुशी और गम में भी परिवार की तरह ही शामिल हुआ करते थे, परंतु आजकल कुछ नेताओं को छोड़ कर ऐसे नेता आपको ढूंढे नहीं मिलेंगे। पुरानी पीढ़ी के नेता जिस सादगी से चुनाव के पहले रहते थे, चुनावों में जीतने के बाद भी वे उसी सादगी से ही नजर आते थे, परंतु आजकल के नेता चुनावों में जितनी भी सादगी दिखाएं, चाहे चुनाव जीतने के बाद सादगी से रहने के जितने भी वादे क्यों न करें, चुनाव जीतते ही अपने किए वादो से मुकरने में क्षण भर भी नहीं लगाते। बिना यह सोचे कि लोकतंत्र में जनता ही मालिक है नेता नहीं।

भारत जैसे देश के लिए कहा जाता है कि ह्यचार कोस कोस पर पानी बदले आठ कोस पर वाणी' यानी हमारे देश में विविधताओं का होना प्राचीन युगों से चला आ



रहा है। भारत में अनेक धर्मों, जातियों, विचारों, संस्कृतियों और मान्यताओं से संबंधित विभिन्नताएं हैं, किंतु उनके मेल से एक खूबसूरत देश का जन्म हुआ है, जिसे हम भारत कहते हैं। भारत की ये विविधताएं एकता में बदल गई हैं, जिसने इस देश को विश्व का एक सुंदर और सबल राष्ट्र बना दिया है। शायद इसीलिए भारत के लिए कहा गया है कि 'अनेकता में एकताः मेरे देश की विशेषता'। इसलिए हमें सभी धर्मों, विचारधाराओं और संस्कृतियों का सम्मान करना चाहिए। हमारे द्वारा चुने गए नेता, चाहे किसी भी दल के क्यों न हों, चुनाव जीतते ही यदि अपनी असभ्यता का परिचय देने लग जाएं और उनके दल द्वारा उन्हें किसी भी तरह दंड न दिया जाए। तो अगली बार जब भी ऐसे नेता जनता के सामने याचक बन कर आएं तो वोटरों द्वारा ऐसे नेताओं का बहिष्कार कर उन्हें आईना जरूर दिखाया जाए। ऐसा करने से इन असभ्य नेताओं में एक मजबूत संदेश जाएगा। तब शायद उन्हें कबीरदास जी का दोहा याद आएगा।



# डॉगी अभी काम पर है

**डॉगी, जो दोस्त भी हैं, गाइड भी हैं और जरूरत पड़ने पर हमारे रक्षक भी। कुछ डॉग पुलिस और सेना के काम में मदद कर रहे हैं, तो कुछ दोस्त बनकर हमारे घरों में हैं। कभी वे तुम्हारे साथ खेलते होंगे, तो कुछ गाइड बनकर तुम्हें रास्ता भी दिखाते होंगे। अलग-अलग ब्रीड के डॉग किस काम में होते हैं ज्यादा परफेक्ट।**

कुछ डॉगी आसानी से लोगों के अच्छे दोस्त बन जाते हैं, तो कुछ इतने ज्यादा खूंखार कि उन्हें रेस्क्यू और सुरक्षा के काम में लगा दिया जाता है। हर डॉगी में एक अलग प्रतिभा होती है, जिसमें प्रशिक्षित करके उनसे अलग-अलग कामों में मदद ली जाती है, जैसे कि –

## सर्विस डॉग, जो तुम्हें गाइड करे

इस श्रेणी के डॉगी को विशेष रूप से विकलांग लोगों की सहायता के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। एक सच्चे सर्विस डॉग को सभी प्रकार की स्थितियों में अच्छा व्यवहार करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, ताकि डॉगी अपने मालिक के साथ कहीं भी जा सके। ये खास डॉग एक तरह से किसी के लिए असिस्टेंट का काम करते हैं। ये ऐसे लोगों के लिए ज्यादा मददगार साबित होते हैं, जो देख या सुन नहीं सकते। इसके अलावा ये डॉग मेडिकल असिस्टेंट के रूप भी बेहतर काम करते हैं। इस तरह की सर्विस में लगे डॉगी के ब्रीड में मुख्य हैं– लैब्राडोर रिट्रीवर, गोल्डन रिट्रीवर, स्टैंडर्ड पूडल और जर्मन शेफर्ड आदि। इनमें से लैब्राडोर रिट्रीवर पारंपरिक रूप से वॉटर डॉग होते है। ये बहुत ही सीधे और शरीफ होते हैं। ये सूंघने और स्विमिंग में बहुत बढ़िया होते हैं। ये अपने मालिक को खतरों से अलर्ट करते रहते हैं। सालों पहले इनका इस्तेमाल बत्तखों का शिकार करने के लिए किया जाता था। मछुआरे अकसर इन्हें अपने साथ ले जाते थे। ये डॉगी अकेलपन के समय के बेहतर साथी होते हैं। इसी तरह जर्मन शेफर्ड भी बहुत ही केयरिंग नेचर वाले होते हैं। ये केयरिंग के साथ-साथ सिक्योरिटी के लिहाज से भी अच्छे होते हैं। ये हमेशा से पुलिस डॉग्स, मेडिकल असिस्टेंट्स डॉग्स और थेरेपी डॉग्स के तौर पर काम करते रहे हैं। यह एक आज्ञाकारी किस्म की नस्ल है, इसलिए इन कामों में ये परफेक्ट तरीके से इस्तेमाल होते हैं। ये बहुत बहादुर होते हैं और कई मुश्किल हालात में देश के काम आते हैं। सूंघने वाले डॉग के तौर पर सबसे ज्यादा जर्मन शेफर्ड का ही इस्तेमाल होता है। ये खास डॉग अखबार लाना, डोरबेल बजने पर मालिक को अलर्ट करने जैसे काम भी बखूबी करते हैं।



## एनिमल असिस्टेंट थेरेपी

अब तुम सोच रहे होगे कि मेडिकल के क्षेत्र में भला डॉगी कैसे मददगार साबित हो सकते हैं? पर शायद तुम्हें यह नहीं पता कि इस काम में लगे डॉगी को इस तरह से प्रशिक्षित किया जाता है कि वे बीमार या घायल लोगों को भावनात्मक सहायता प्रदान कर सकें। इन डॉगी को खास तरीके से प्रशिक्षित करने के बाद ही सर्टिफिकेट मिलता है और इन्हें थेरेपी के काम में लगाया जाता है।

## जो करते हैं पुलिस व सैनिकों के लिए काम

पुलिस विभाग में नौकरी करने वाले डॉगी को विशेष रूप से पुलिस और अन्य सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी में मदद करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। ये डॉगी अपने हैंडलर्स की सुरक्षा करते हैं। कुछ मामलों में इस खास ब्रीड के डॉगी को विस्फोटक या मादक पदार्थों को सूंघने के लिए भी प्रशिक्षित किया जाता है। पुलिस के काम में लगे डॉगी में सबसे खास हैं– जर्मन शेफर्ड और बेल्जियन मेलिनॉइज। बेल्जियन मेलिनॉइज फुर्तीले डॉग्स की एक ऐसी ब्रीड है, जो देश में सिर्फ आर्मी या पुलिस के पास है। यह खास डॉग नौ गज दूरी से गंध को पहचान कर शिकारी का ट्रैक तलाश सकता है। दो फीट गहराई में छुपी चीजों को भी यह ढूंढ़ निकालता है। 24 घंटे बाद भी यह व्यक्ति के रास्ते से गुजरने की गंध को पहचान लेता है। इन्हीं सब खासियतों की वजह से इसे सुरक्षा के काम पर लगाया जाता है। सैन्य काम करने वाले डॉगी को डिटेक्टर, ट्रैकर, संतरी, स्काउट्स, खोज और बचाव के लिए इस्तेमाल किया जाता है। अधिकांश सैन्य काम करने वाले डॉगी जर्मन शेफर्ड, डच शेफर्ड और बेल्जियन मेलिनॉइज ही हैं।

## दोस्त भी, गार्ड भी

लविंग और केयरिंग ब्रीड वाले भी कुछ डॉगी हैं, जो तुम बच्चों को पसंद आ सकते हैं, जैसे आयरिस सेटर, पूडल, शिहत्ज़ू, चिवावा, बुलडॉग पग। ये एक तरह से टॉय डॉग हैं, जिनके साथ तुम खेल भी सकते हो। दोस्त बनने के साथ-साथ ये तुम्हारी सुरक्षा भी करते हैं। इनके अलावा बॉक्सर, बीगल और लासा ब्रीड के डॉगी भी तुम बच्चों के लिए मददगार साबित हो सकते हैं।

## डॉगी भी हुआ ग्रेजुएट

डॉगी कितने स्मार्ट होते हैं, इसका अंदाजा तुम इस बात से लगा सकते हो कि पिछले साल ही अमेरिका के न्यूयॉर्क की क्लार्कसन यूनिवर्सिटी ने एक 25 वर्षीय



लड़की के साथ उसके सर्विस डॉगी को भी ग्रेजुएशन का सर्टिफिकेट दिया। यह सम्मान इसे ब्रिटनी हाउले नाम की एक दिव्यांग छात्रा को असाधारण सहयोग देने के लिए मिला है। दरअसल, उत्तरी कैरोलिना के विल्सन में रहने वाली ब्रिटनी व्हीलचेयर के सहारे चलती हैं। एक गंभीर बीमारी के चलते वे अपना सारा काम खुद से नहीं कर सकतीं। ऐसे में किसी चीज की जरूरत पड़ने पर ग्रीफिन नाम का यह सर्विस डॉगी ही उनकी मदद करता है। दरवाजा खोलने की बात हो या लाइट जलाने और बुझाने की। वह ब्रिटनी के हर इशारे को बखूबी समझता है और अपने हर काम को अच्छे से करता भी है। ऑक्यूपेशनल थेरेपी में मास्टर डिग्री पूरा करने वाली ब्रिटनी कहती हैं कि स्नातक की कक्षा के पहले दिन से ही ग्रीफिन मेरे साथ रहा है। इंटर्नशिप के दौरान भी जब मैं मरीजों की मदद कर रही होती थी, तब भी ग्रीफिन साथ होता था और मेरी मदद करता रहता था।' गोल्डन रिट्रीवर नस्ल के चार वर्षीय इस डॉगी का ब्रिटनी की सफलता में काफी सहयोग रहा, इसलिए ब्रिटनी के साथ-साथ ग्रीफिन को भी सम्मानित किया गया।

### कुछ मजेदार तथ्य


- एक डॉग की सूंघने की शक्ति हम इनसानों से दस हजार गुणा ज्यादा होती है। इनसान के अलावा डॉगी ही ऐसा जीव है, जो आंखें देखकर इनसान के हाव-भाव को पहचान लेता है।
- डॉगी को बहुत गर्मी लगती है और उसके शरीर में नाक व पंजे ही ऐसे अंग हैं, जहां से पसीना निकलता है।
- शोध बताते हैं कि पेट डॉग स्वस्थ रहने में भी मदद करता है।
- डॉगी दस अलग-अलग तरह की आवाज निकाल सकता है और 35 हजार कंपन प्रति सेकंड वाली आवाजें सुन सकता है, जबकि हम मनुष्य सिर्फ 20 हजार कंपन प्रति सेकंड वाली आवाज ही सुन पाते हैं।



# बड़ा हो गया नीरो

नीरो हाथी ने दूर से देखा, नदी के किनारे शेर दौड़ते हुए आ रहे थे। नीरो डर गया। था तो बच्चा ही। उसने अपनी मां के पांवों के नीचे दुबकते हुए कहा, 'मम्मा, देखो, शेर .'

नीरो की मां जारा बहुत मजबूत कदकाठी की जंगली हथिनी थी। उसने अपनी सूंड़ से नीरो को प्यार करते हुए कहा, 'डरने की कोई जरूरत नहीं है नीरो। हम लोग बहुत शक्तिशाली हैं। हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। शेर भी नहीं, हिप्पोपोटेमस भी नहीं। कोई नहीं।'



नीरो के चेहरे से डर चला गया। वह बड़े आराम से दूसरे हाथियों की तरह नदी में जा कर पानी पीने लगा।

देखते-देखते वहां शेर आ पहुंचे। उनकी दहाड़ तेज थी। हाथियों ने भी सूंड़ उठा कर चिंघाड़ना शुरू किया। यह देख कर कुछ शेर डर कर पीछे हट गए, तो कुछ दबंगई दिखाते हुए आगे बढ़ आए। हाथियों ने सूंड़ से शेरों को खदेड़ना शुरू किया। शेर गरजने लगे। अफरातफरी मच गई। सब इधर-उधर भागने लगे। अचानक नीरो के कान में आवाज पड़ी, 'नीरो, भाग.' छोटा सा नीरो सरपट दूसरी तरफ भागने लगा। उस तरफ पहाड़ियां थी। नीरो पहली बार जंगल के उस तरफ जा रहा था। जब वह कुछ आगे जाकर थक कर रुका, तो उसने देखा कि पीछे कोई हाथी नहीं है। नीरो थोड़ा सा डरा। पर हिम्मत बांध कर वह आगे चलने लगा। उसे भूख लग आई थी। सामने केले के पेड़ थे। नीरो ने अपने सूंड़ से केले के फल तोड़े और खाने लगा। उसे ध्यान ही नहीं रहा कि उसे बंदरों ने घेर लिया है। लाल होंठ वाले काले बंदर। सबसे आगे खड़े कल्लू बंदर ने ध्यान से नीरो को देखा और पूछा, 'तुम हो कौन? हमारे केले कैसे खा रहे हो?'

नीरो को दिखने में बंदर अच्छे लगे। उसने हंस कर कहा, 'केले तो यहां बहुत सारे हैं। मैं अकेला इतना थोड़े ही खा पाऊंगा? वैसे बता दूं कि मेरा नाम नीरो है और मैं एक जंगली हाथी हूं।'

बंदर ने सिर हिलाया,'तुम यहां की किसी चीज को हाथ नहीं लगा सकते। भागो यहां से.'

उस बंदर की बात सुन कर दूसरे बंदर भी उछलते हुए नीरो की तरफ बढ़े। नीरो ने उनसे कहा,'क्या हम दोस्त नहीं बन सकते?'

कल्लू बंदर सोचने लगा,'एक शर्त पर। यहां पर कुछ शिकारियों ने हमारे कुछ साथियों को पकड़ लिया है। अगर तुम उन्हें छुड़वा सको, तो हम तुम्हारे दोस्त बन जाएंगे।'

नीरो ने हां में सिर हिलाया और उनके साथ चल पड़ा।

एक बड़े मैदान में एक गड्ढा सा बना था जो जाल से ढका हुआ था। गड्ढे में आठ बंदर थे। उसके पास शिकारी बैठे थे। नीरो उनको देख पेड़ के पीछे से जोर से चिंघाड़ा। शिकारी समझे कि हाथी आ गए हैं, आक्रमण करने। वे वहां से भाग खड़े हुए। नीरो ने अपनी सूंड़ से जाल हटाया। फिर एक-एक करके बंदरों को बाहर निकाला।

कल्लू खुश हो कर ताली बजाते हुए बोला, 'वाह, तुम तो सच में बड़े कमाल के हाथी हो। दिखते बच्चे हो, पर बड़ोंवाला काम कर दिया।'

नीरो ने अपनी पूंछ हिलाते हुए कहा, 'मेरी मां कहती है, ऐसा कोई काम नहीं है, जो हम नहीं कर सकते। अब हम दोस्त हुए ना। मुझे खिलाओ-पिलाओ और मेरे घर छोड़ कर आओ।'

कल्लू और दूसरे बंदरों ने नीरो की खूब खातिरदारी की। इसके बाद सब उसके साथ चल पड़े हाथियों की नगरी।

नीरो की मां उसके लिए बहुत परेशान थी। नीरो को देखते ही वह दौड़ी आई, 'बेटे, तू कहां चला गया था? मैं तो डर गई थी?'

नीरो जोश से बोला, 'मेरी मां हो कर डर गईं? तुमने ही तो कहा था कि हमें किसी से डरने की जरूरत नहीं है।'

मां मुस्कुराने लगी। बंदर ताली बजाने लगे। और नीरो?.उसे वाकई यकीन हो गया था कि वह बड़ा हो गया है।

# प्रगति यात्रा समेत विभागों के 55 प्रस्तावों पर नीतीश कैबिनेट की मुहर, 2960 करोड़ का खर्च

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में सीएम की प्रगति यात्रा के 21 एजेंडों समेत कई विभागों के 55 प्रस्तावों पर मुहर लगी। जिस पर 2 हजार 960 करोड़ 48 लाख 18 हजार 435 रुपये खर्च होंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से बताया गया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, पर्यटन विभाग, परिवहन विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधर विभाग सहित कई अन्य विभागों से जुड़े तमाम एजेंडों को मंत्रिमंडल ने अपनी मंजूरी प्रदान दी है इसमें कुल 55 एजेंडों की स्वीकृति है।

हवाई सेवाओं के विस्तार को लेकर रक्सौल हवाई अड्डे की विकास के लिए 207 करोड रुपए की मंजूरी दी गई है. वहीं दरभंगा हवाई जहाज को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाए जाने को लेकर 244 करोड रुपए की मंजूरी दी गई है जिसे भूमि अधिग्रहण पर खर्च किया जाएगा।

किसानों को राहत देते हुए गन्ने के खरीद मूल्य में 10रुपए प्रति क्विंटल के दर से बढ़ोतरी की गई है। अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत अंबेडकर आवासीय विद्यालय बनाए जाने को पांच जिलों में मंजूरी दी गई है।

246 प्रखंडों में पुराने कार्यालय भवन का होगा नव निर्माण जबकि 62 भवनहीन प्रखंडों में नए प्रखंड से अंचल कार्यालय और आवासीय परिसर का होगा निर्माण , इस पूरी योजना ते 59 अरब 94 करोड रुपए खर्च होंगे। वहीं राज्य के 422 प्रखंड जहां 15 वर्षों से अधिक पुराने वाहन रद्दीकरण के योग्य हैं। वहां जेम पोर्टल से वाहन खरीद के लिए 59 करोड रुपए की मंजूरी दी गई है।



सड़क सुरक्षा निधि से 26 जिलों के 72 प्रमुख चौक चौराहा पर ऑटोमेटेड चालान काटने के लिए सीसीटीवी लगेंगे, इस योजना पर 35 करोड रुपए खर्च होंगे। हर घर नल का जल निश्चय के तहत 16124 पंचायतों में जलापूर्ति योजना के निर्माण कार्य के लिए 3611 करोड रुपए की मंजूरी, मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत इनका कार्यान्वयन होगा। राज्य योजना अंतर्गत पटना विधि महाविद्यालय के नए छात्रावास के निर्माण और पुराने छात्रावास के जीर्णोद्धार कार्य पर 34 करोड़ 9 लाख रुपए खर्च होंगे। दीघा घाट में निजी क्षेत्र में जेवियर विश्वविद्यालय की स्थापना एवं संचालन की अनुमति दी गई, कचरा निपटारा के लिए 5635 ग्राम पंचायत में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के तहत 90 करोड रुपए की मंजूरी मिली है।

कैमूर जिला अंतर्गत पौरा पहाड़ी पर स्थित मां मुंडेश्वरी धाम में आकाशीय रज्जू मार्ग के निर्माण के लिए 6.46 एकड़ जमीन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को हस्तांतरित की गई है।

कैबिनेट बैठक में सीएम नीतीश की प्रगति यात्रा के 21 प्रस्तावों को भी मंजूरी मिल गई है। जल संसाधन विभाग के तहत दोन शाखा नहर के 93 किमी तक सेवापथ का पुर्नस्थापन कार्य के लिए के 7800 लाख का बजट स्वीकृत किया गया है। सारण तटबंध के सुदृढ़ीकरण और सुरक्षात्मक कार्यों के लिए 35.51 लाख रुपए स्वीकृति किए गए हैं।

मुख्यमंत्री सड़क उन्नयन योजना के तहत मुजफ्फरपुर में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण और प्रबंधन के लिए तीस करोड़ 2 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। वहीं पूर्वी चंपारण में चिरैया के पुरनहिया पथ के लिए 41 करोड़ 74 लाख रुपए के बजट को मंजूरी मिली है। इसके अलावा बिहार पुलिस के सिपाही हवलदार और सहायक अवर निरीक्षक की तरह ही बिहार अग्निशमन सेवा के कर्मियों को वेतनमान का लाभ 21 जनवरी 2010 से वास्तविक लाभ स्वीकृत किया गया है।

# रांची में नालंदा साइबर क्रिमिनल्स गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

- कस्टमर केयर का एप बनाकर लोगों से करते थे ठगी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची/पटना। राजधानी रांची पुलिस ने साइबर थाने के सहयोग से नालंदा बिहार के तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तीनों साइबर अपराधी रांची में किराए का मकान लेकर वहां से साइबर ठगी का धंधा चला रहे थे। साइबर अपराधियों के अड्डे से कई डिजिटल एविडेंस भी बरामद किए गए हैं।

किराए के मकान में बनाया था अड्डाः साइबर पुलिस की मदद से रांची में बिहार के नालंदा के रहने वाले तीन साइबर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा को यह सूचना मिली थी कि रांची के खेलगांव में कुछ साइबर अपराधी पनाह लिए हुए हैं। वहीं से देश भर में साइबर



ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद रांची के सिटी एसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें साइबर थाने की टीम भी शामिल थी।

साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए बनाई गई टीम को यह सूचना मिली कि खेलगांव इलाके में ही एक निर्माणधीन मकान में कुछ संदिग्ध लोग रह रहे हैं, जो लैपटॉप और विभिन्न तरह के उपकरण का प्रयोग दिन भर करते रहते हैं।

जानकारी पुख्ता होने के बाद साइबर डीएसपी श्रीनिवास सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने उस मकान पर छापा मारा और वहां से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में तीनों साइबर अपराधी निकले। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में बिहार के नालंदा के रहने वाले मनोरंजन कुमार, निक्कू कुमार और अखलेश कुमार शामिल हैं।

## बिना वीजा भारत में घुसे दो चीनी नागरिकों को तीन साल की सजा

**मोतिहारी।** रक्सौल अनुमंडल के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शिवम सिंह ने बिना वीजा भारत में प्रवेश करने की सुनवाई करते हुए दो चीनी नागरिकों को दोषी करार दिया है। तीन वर्षों के सश्रम कारावास सहित दस-दस हजार रुपये जुर्माना भरने का आदेश दिया है। जुर्माना नहीं भरने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतने का आदेश दिया है। गौरतलब हो कि 22 जुलाई 2023 को दो चीनी नागरिक बिना वीजा के रक्सौल के कस्टम ऑफिस के पास भारत में प्रवेश करते पकड़े गये। दोनों के पास वीजा नहीं था। अपना नाम झाओ जिंग, पिता झाओ जियोपिंग एवं फो कांग दोनों पता रूम नंबर 3902 49 ब्लाक वोलिजियांन फेनयी झीउं सीटी जीयाझी राज्य चीन बताया। उसके आधार पर भारतीय आवर्जन पदाधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने रक्सौल थाना में पासपोर्ट इंट्री अधिनियम 1920 एवं धारा 14बी फॉरेन एक्ट 1946 के अंतर्गत प्राथमिक दर्ज करायी। गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। न्यायालय ने आरोप गठित कर मामले की सुनवाई की।

## ईडी को बिहार में अपना दफ्तर खोल देना चाहिए : तेजस्वी यादव

पटना। राजद के वरिष्ठ नेता आलोक मेहता के 16 ठिकानों पर आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड पर तेजस्वी यादव ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि प्रवर्त्तन निदेशालय को बिहार में दफ्तर खोल देना चाहिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा के पास अब कुछ बचा नहीं है. इसलिए इस तरह की छापेमारी बिहार के राजद नेताओं पर हो रही है। तेजस्वी ने कहा कि जब बिहार में महागठबंधन की सरकार थी तब जदयू के विधायक के यहां छापेमारी हुई थी। वर्तमान मंत्री विजय चौधरी के रिश्तेदार के यहां छापेमारी हुई लेकिन उन मामलों का क्या हुआ। तेजस्वी ने कहा कि अभी चुनाव का समय है इसलिए ऐसा होता रहेगा। भाजपा के पास और कुछ बचा हुआ नहीं है।



बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में डीके टैक्स चल रहा है। भाजपा के नेताओं और राज्य के मुख्य सचिव को कहीं ले नहीं जाया जा रहा है। मुख्यमंत्री कहीं जाते हैं तो दोनों बड़े अधिकारियों को लेकर नहीं जाया जाता है। उन्होंने बिना किसी के नाम को उजागर करते हुए कहा कि बिहार में तो डीके टैक्स चल रहा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि रिटायर्ड अधिकारी सब कुछ चला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार में वैसे आईएएस आईपीएस जो परफॉर्मेंस वाले हैं, नको सेटिंग पोस्ट में रख दिया गया है। अगर कोई काम भी कर रहे हैं और अगर अगर उनसे बनती नहीं है तो उनको हटा दिया जाता है। हालांकि तेजस्वी ने यह नहीं बताया कि डीके के नाम से वे किस रिटायर्ड अधिकारी पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने नीतीश कुमार के साथ रहने वाले रिटायर्ड अधिकारियों द्वारा बिहार में सत्ता को अपने हिसाब से चलाने के आरोप लगाया।

## बीपीएससी 70वां पीटी पर हाइकोर्ट में 15 को सुनवाई

**पटना।** बीपीएससी द्वारा 13 दिसंबर, 2024 को ली गयी 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में हुई कथित धांधली का आरोप लगाते हुए इसकी जांच करने और पुनर्परीक्षा के लिए पटना हाइकोर्ट में शुक्रवार को दायर की गयी रिट याचिका पर 15 जनवरी को सुनवाई होगी। यह याचिका उम्मीदवार पप्पू कुमार व अन्य ने दायर की है। इस पर न्यायाधीश अरविंद सिंह चंदेल की एकलपीठ में 15 जनवरी को सुनवाई होगी। याचिका में मांग की गयी है कि परीक्षा में हुई गड़बड़ियों को देखते हुए 13 दिसंबर, 2024 और पुनः 4 जनवरी,2025 को ली गयी प्रारंभिक परीक्षा रद्द की जाए और उन परीक्षाओं के आधार पर रिजल्ट घोषित नहीं हो। गौरतलब है कि इससे पूर्व यह मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष गया था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे पटना हाइकोर्ट समक्ष ले जाने का निर्देश दिया था।

# पेज एक का शेष

## रांची में 200 बिस्तरों...

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि झारखंड और पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए यह अस्पताल एक मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आम जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए लगातार प्रयासरत है। यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कोयला क्षेत्र के विकास और क्षेत्रीय सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

मंत्री ने हॉस्पिटल की महत्ता को रेखांकित करते हुए इसे क्षेत्र के नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

**ये है विशेषताएं**
- क्षमता : 200 बिस्तर
- स्थान : रिनपास के समीप, कांके, रांची
- परियोजना लागत : 300 करोड़ (निर्माण, उपकरण और फर्निशिंग)
- अवधि : निर्माण कार्य जून, 2025 से प्रारंभ होकर दो वर्षों में पूरा होगा।
- संचालन और प्रबंधन : डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (गैर-लाभकारी संगठन)
- परियोजना समर्थन अवधि : 6 वर्षों तक सीसीएल द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी
- जमीन का क्षेत्रफल : 5.5 एकड़, जो झारखंड सरकार ने उपलब्ध कराई है

इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, चतरा के पूर्व सांसद सुनील सिंह, कोयला सचिव विक्रम देव दत्त, अपर कोयला सचिव श्रीमती विस्मिता तेज, कोयला मंत्री के निजी सचिव बक्की कार्तिकेयन, अपर निजी सचिव ए. वेंकटेश्वर रेड्डी, कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह, सीएमपीडीआइ के सीएमडी मनोज कुमार, सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहन, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार और श्रमिक संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 'वी विल कम बैक' के...

जनता ने विपक्ष को भी मजबूती के साथ सरकार पर दबाव बनाने का जनादेश दिया है।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ताओं की सरकार से अपील है कि वो वह अपने वादे पूरे करे। पार्टी कुछ महीने इंतजार करेगी कि गठबंधन सरकार जनता से किये अपने वादों को पूरा करे। अन्यथा भाजपा जनहित के मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक सरकार को वादे पूरा करने के लिए मजबूर करेगी।

मौके पर ये भी रहे मौजूद : इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, सांसद मनीष जायसवाल, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, विधायक नीरा यादव और आलोक चौरसिया समेत बीजेपी के कई नेता कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सफलता से अधिक...

किसी की बताने की हिम्मत नहीं हो रही थीः उन्होंने कहा, 'वहां बैठे सारे लोग काफी परेशान थे। प्रधानमंत्री को बताने की किसी की हिम्मत नहीं हो रही थी कि हम असफल हो गए हैं। मगर मैं समझ रहा था कि कुछ तकनीकी गड़बड़ी हुई है। आखिरकार एक वरिष्ठ अधिकारी ने मुझे आकर सब बताया। तब मैंने सबसे कहा कि कोई नहीं परेशान होने की जरूरत नहीं है। मैंने सबसे विदा ली और देर रात गेस्ट हाउस पहुंचा। मगर मुझे नींद नहीं आई।'

मैंने सुबह सात बजे मुलाकात की... : उन्होंने आगे कहा, 'मैंने आधे-पौने घंटे बाद सबको फिर से बुलाया। मैंने कहा कि देखिए अगर यह सब लोग थक नहीं गए हैं, तो जाने से पहले सुबह सात बजे इनसे बात करना चाहूंगा। देश का सबसे बड़ा सेटबैक था। सेटबैक से रोने धोने में जिंदगी नहीं बिताने वाला था। मैं सुबह गया और सभी वैज्ञानिकों से कहा कि अगर कोई विफल हुआ है, तो यह मेरी जिम्मेदारी है। आपने कोशिश की इसलिए आप निराश मत हों। मैं जितना भी उन लोगों का आत्मविश्वास जगा सकता था, उनमें जगाया और चंद्रयान-3 सफल हुआ।'

## तोपचांची झील का...

**रोजगार सृजन की दिशा में कदम** : मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन स्थल के विकास से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में अधिकारियों ने तोपचांची झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने संबंधी कार्ययोजना का प्रेजेंटेशन पेश किया। मुख्यमंत्री ने योजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली और अधिकारियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

**पर्यटकों के आकर्षण के लिए सुविधाएं** : तोपचांची झील और इसके आसपास 33 एकड़ भूमि को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की योजना है। इसमें रिसॉर्ट, जंक्शन, प्लाजा, गतिविधि पार्क, सेंट्रल पार्क, नेचर पार्क, मोटर स्पोर्ट्स पार्क, म्यूजिक पार्क, फूड प्लाजा, कैफेटेरिया, बोटिंग और गो-कार्टिंग जैसी सुविधाएं शामिल होंगी, जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगी।

**बैठक में शामिल महत्वपूर्ण अधिकारी** : इस बैठक में राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, निदेशक पर्यटन अंजलि यादव, और कंसल्टेंट एजेंसी समर्थ इंफ्राटेक सर्विसेज प्रा. लि. के टाइटस नाईनन, रोहित कौशिक, साकेत चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आईटी टावर से...

**30 वर्ष के पट्टे का किया गया प्रावधान** : औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण, रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने रांची के नामकुम औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अत्याधुनिक आईटी टावर के दीर्घकालिक पट्टे (30 वर्षों के लिए) के लिए प्रतिष्ठित संगठनों और योग्य आईटीआईटीईएस क्षेत्र की संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसकी आखिरी तारीख 15 फरवरी 2025 है। इस परियोजना के माध्यम से राज्य सरकार झारखंड को डिजिटल रूप से सशक्त और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईटी टावर ना केवल रांची, बल्कि पूरे राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## सीएम हेमंत ने...

इसमें जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाघमारा के मधुबन थाना क्षेत्र में हुई इस हिंसक झड़प को लेकर जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इस घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

ठेका कार्य में वर्चस्व को लेकर भिड़े थे दो पक्ष : धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र की बीसीसीएल खरखरी कोलियरी के जंगल में आउटसोर्सिंग कंपनी हिलटॉप की चहारदीवारी निर्माण के विवाद ने गुरुवार को हिंसक रूप ले लिया था। ठेका कार्य में वर्चस्व को लेकर दोपहर में दो पक्ष आमने-सामने हो गए थे। एक तरफ जहां गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थक थे, तो दूसरी तरफ झामुमो नेता कारू यादव के समर्थक थे। दोनों ओर से अंधाधुंध फायरिंग की गयी और बम विस्फोट किए गए। एक पक्ष के बाबूडीह बस्ती निवासी सुभाष सिंह के पैर में गोली लगी थी, जबकि दोनों पक्षों के दो दर्जन से अधिक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस दौरान डेढ़ दर्जन से अधिक मोटरसाइकिलों को आग के हवाले कर दिया गया था। इस हिंसक झड़प में बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह घायल हो गए थे।

## अलकायदा का...

वहां से पुलिस को काफी मात्रा में गोला बारूद व हथियार मिले थे। पहाड़ी से एके-47 राइफल, एक .38 बोर रिवाल्वर, .38 बोर की छह कारतूस, .32 बोर की 32 कारतूस, एके-47 की 30 कारतूस, एक डमी इंसास, एक एयर रायफल, एक आयरन एल्बो पाइप, एक हैंड ग्रेनेड, बैटरी, तार, वाच, भड़काउ वीडियो व अन्य सामान बरामद किए थे। गिरफ्तार छह में से दो चान्हो के रहने वाले थे। लोहरदगा का एक और तीन झारखंड के ही अन्य जिले के थे।

हजारीबाग से गिरफ्तार फैजान था प्रशिक्षण कैंप का प्रशिक्षक : हजारीबाग से गिरफ्तार फैजान अहमद को मास्टर माइंड डॉ. इश्तियाक ने ट्रेनर बनाया था। उसका काम सेंटर में आने वाले युवकों को हथियार चलाने व बम बनाने का प्रशिक्षण देना था। इसके लिए मॉड्यूल से जुड़े सभी संदिग्ध कई ग्रुप से भी जुड़े थे। इनमें कुछ सदस्य पाकिस्तान, अफगानिस्तान के भी थे। रांची के चान्हो में ट्रेनिंग सेंटर खोलने की तैयारी थी। इसके लिए चान्हो के नकटा पहाड़ इलाके में ट्रेनिंग कैंप के लिए जगह का भी चयन कर लिया गया था।

## लालू यादव के करीबी...

जब वह बिहार सरकार के मंत्री बन गये, तो उनके पिता चेयरमैन की जिम्मेदारी संभालने लगे। मंत्री बनने से पहले आलोक मेहता लगभग 20 साल तक इस बैंक के चेयरमैन रहे थे। सूत्रों ने बताया कि खुलासा हुआ है कि लिच्छवि कोल्ड स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड और महुआ को-ऑपरेटिव कोल्ड स्टोरेज नाम की दो कंपनियों ने बैंक के करीब 60 करोड़ का गबन किया था। इसको लेकर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। अब देखना होगा कि आगे और क्या निकलकर सामने आता है?

लालू और तेजस्वी- दोनों के करीबी हैं आलोक मेहता : पटना विश्वविद्यालय के छात्र रहे आलोक मेहता बिहार के सीनियर राजनेता हैं। राजद में बहुत कम लोग ऐसे हैं, जो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव- तीनों के चहेते हैं। आलोक मेहता हर बार महागठबंधन सरकार में मंत्री रहे हैं और हर बार उन्हें राजद ने मजबूत विभाग दिए थे। जनवरी 2024 में महागठबंधन सरकार गिरने से पहले जब आईएएस केके पाठक से तत्कालीन शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर की ठनी हुई थी तो राजद ने वह विभाग अपने विश्वसनीय आलोक मेहता को दिया था। बिहार के हिसाब से बेहद खास राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग लंबे समय तक आलोक मेहता के पास रहा था।

## अयोध्या में रामलला...

वर्षगांठ को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महोत्सव के रूप में मना रहा है। बता दें कि 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके एक साल पूरे होने पर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ तीन दिवसीय महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसके लिए राम मंदिर के प्रवेश द्वार जन्मभूमि पथ और निकास द्वार अंगद टीला और वीआईपी द्वार गेट नंबर 3 को फूलों से सजाया गया है।

राम मंदिर के गर्भगृह से लेकर मंदिर परिसर को भी फूलों और आकर्षक लाइटों से जगमग किया जाएगा। देर शाम होते ही दीपमालाओं से राम मंदिर परिसर को जगमग किया जाएगा। इस दौरान राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर, अनुष्ठान मंडप, यात्री सुविधा केंद्र के प्रथम स्थल और अंगद टीला पर धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन संपन्न किए जाएंगे। इस मौके पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आमंत्रण पर देश भर के अलग-अलग इलाकों से आए 110 साधु संत और 2000 अतिथि मौजूद रहेंगे।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने बताया कि, वर्षगांठ का पहला आयोजन रामलला के स्नान, अभिषेक, श्रृंगार और महाआरती के साथ प्रारंभ होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद होंगे। वहीं बताया कि इसके बाद मुख्यमंत्री अंगद टीला पर आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। जहां उनका संबोधन भी होगा।

कीर्तन मंडप में 11 जनवरी को प्रख्यात गायिका ऊषा मंगेशकर और मयूरेश पई भगवान के सम्मुख भजन से राग-सेवा का आरम्भ करेंगी। इसके बाद साहित्य नाहर सितार और संतोष नाहर वायलिन की जुगलबन्दी से भक्ति का कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। पहले दिन का समापन डॉ. आनन्दा शंकर जयन्त की ओर से भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति से होगा।

## किसे आरक्षण, ...

संविधान पीठ का हिस्सा रहे और अलग फैसला लिखने वाले जस्टिस गवई ने कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में भी क्रीमीलेयर की पहचान के लिए नीति बनानी चाहिए और उन्हें आरक्षण का लाभ देने से मना करना चाहिए। शीर्ष अदालत के समक्ष बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने उस फैसले का हवाला दिया, जिसमें ऐसी क्रीमी लेयर की पहचान के लिए नीति बनाने को कहा गया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि राज्यों को इस संबंध में नीति बनाने का निर्देश दिए करीब छह माह बीत चुके हैं। इस पर पीठ ने कहा, हम इस पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। जब वकील ने संबंधित अथॉरिटी के समक्ष जाने के लिए याचिका वापस लेने का अनुरोध किया, तो पीठ ने इसकी अनुमति दे दी।

संविधान पीठ ने उप-वर्गीकरण की दी थी इजाजत : वकील ने कहा कि राज्य नीति नहीं बनाएंगे और अंततः शीर्ष कोर्ट को हस्तक्षेप करना होगा तो अदालत ने कहा, कानून निर्माता वहां हैं। वे ही कानून बना सकते हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया था कि राज्य पिछड़ेपन और सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व के आंकड़ों के आधार पर उप-वर्गीकरण कर सकते हैं, न कि मनमाने तरीके से राजनीतिक लाभ के आधार पर।

## सुप्रीम कोर्ट ने...

इस मामले में न्यूयॉर्क के न्यायाधीश जुआन एम मर्चेन ने डोनाल्ड ट्रंप से कहा- 'उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को यह बताने में बहुत मेहनत की कि उनके साथ इस न्यायालय में सामान्य आरोपी की तरह ही व्यवहार किया गया।' इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप को जेल की सजा या जुर्माने से मुक्त होकर व्हाइट हाउस लौटने की आजादी मिल गई है।

34 संगीन आरोप-फिर भी राष्ट्रपति चुनाव जीते ट्रंप : पूर्व और भावी राष्ट्रपति पर 34 संगीन अपराधों का आरोप लगाया गया था। ये मुकदमा लगभग दो महीने तक चला और हर मामले में जूरी ने उन्हें दोषी ठहराया। लेकिन अदालत में पेश किए गए मामले और निजी जीवन से जुड़े आरोपों के बावजूद, यह उनकी राजनीतिक लोकप्रियता को नुकसान नहीं पहुंचा पाया, और उन्होंने दोबारा चुनाव जीत लिया।

जज जुआन एम. मर्चेन ने क्या की टिप्पणी : मामले में मैनहट्टन के न्यायाधीश जुआन एम. मर्चेन रिपब्लिकन नेता को चार साल तक की सजा सुना सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा फैसला दिया, जो संवैधानिक विवादों से बचाते हुए मामला खत्म करता है। इस फैसले से ट्रंप अमेरिका के पहले ऐसे व्यक्ति बन गए, जो गंभीर अपराध में दोषी होने के बावजूद राष्ट्रपति पद संभालेंगे। जज मर्चन ने कहा कि किसी भी अन्य अभियुक्त की तरह, सजा देने से पहले उन्हें सभी परिस्थितियों पर विचार करना होता है। हालांकि, ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद उन्हें मिलने वाली संवैधानिक सुरक्षा बाकी सभी बातों से अधिक महत्वपूर्ण है। 'इन संवैधानिक सुरक्षा उपायों के बावजूद, एक बात स्पष्ट है कि ये सुरक्षा जूरी के फैसले को मिटा नहीं सकती'।

ट्रंप ने दोहराया- उन्होंने कोई अपराध नहीं किया : नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति फ्लोरिडा में मौजूद अपने घर से वर्चुअल रूप से अदालत की कार्यवाही में शामिल हुए। इस दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनका आपराधिक मुकदमा और दोषसिद्धि 'एक बहुत ही भयानक अनुभव रहा है' और उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। उन्होंने फिर से इस मामले की निंदा की। ट्रंप ने इस मामले को 'राजनीतिक बदले की कार्रवाई' और 'न्यूयॉर्क के लिए शर्मिंदगी' करार दिया। उन्होंने कहा कि यह मामला उनकी छवि खराब करने के लिए लाया गया था, ताकि वह चुनाव हार जाएं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

अभियोजन पक्ष ने किया फैसले का समर्थन : अभियोजन पक्ष ने इस फैसले का समर्थन किया, लेकिन ट्रंप की तरफ से न्यायिक प्रणाली पर किए गए हमलों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने जूरी के फैसले और न्याय प्रणाली के प्रति अवमानना फैलाई है, जिससे जनता में न्याय प्रणाली की छवि खराब हुई है और अदालत से जुड़े अधिकारियों की सुरक्षा खतरे में पड़ी है। मामले में डोनाल्ड ट्रंप के वकील टॉड ब्लांश ने कहा कि यह मामला कानूनी रूप से नहीं लाया जाना चाहिए था और ट्रंप इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे।

क्या है हश मनी मामला? : एडल्ट स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स ने दावा किया था कि करीब एक दशक पहले डोनाल्ड ट्रंप ने उनके साथ यौन संबंध बनाए थे। वहीं इस मामले में डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 में राष्ट्रपति चुनाव से पहले उन्हें चुप रहने के लिए 1.3 लाख डॉलर (का भुगतान किया था। इसके बाद में डोनाल्ड ट्रंप को भुगतान को छुपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का दोषी पाया गया था।

## देश के अभिन्न...

सम्मेलन का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने इसे महज एक आयोजन से कहीं अधिक बताया और कहा, ''यह एक ऐसा मंच है, जहां विचारों का संगम होता है, सहयोग स्थापित होता है तथा भारत और उसके प्रवासी समुदाय के बीच संबंध मजबूत होते हैं।'' भारत के 'वसुधैव कुटुम्बकम' के शाश्वत दर्शन पर उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने के बारे में है जो आर्थिक प्रगति को सामाजिक न्याय और पर्यावरणीय संरक्षण के साथ संतुलित करता है और साथ ही वैश्विक कल्याण में योगदान देता है।

उन्होंने कहा, ''जब भारत अपने प्रवासी भारतीय परिवार की उपलब्धियों का जश्न मना रहा है, तो हमें आशा और दृढ़ संकल्प के साथ भविष्य की ओर भी देखना चाहिए। हम सब मिलकर एक विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं, एक ऐसा राष्ट्र जो वैश्विक मंच पर ऊंचा स्थान प्राप्त करे और दुनिया के लिए प्रकाश की किरण बना रहे।'' इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि प्रवासी समुदाय ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता, समर्पण, प्रतिबद्धता और दृढ़ता के आधार पर विविध क्षेत्रों में भारत और विश्व के लिए उत्कृष्ट योगदान दिया है। जयशंकर ने कहा, ''उन्होंने वैश्विक समाज पर अमिट छाप छोड़ी है। उनकी असाधारण उपलब्धियों ने देश और भारतीयों को गौरवान्वित किया है तथा अन्य लोगों और देशों के साथ हमारे संबंधों को मजबूत किया है।''

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सामने ''भारत प्रथम'' और ''वसुधैव कुटुम्बकम'' के दोहरे दृष्टिकोण के साथ आता है। उन्होंने कहा कि यह अधिक अंतर-निर्भरता, प्रौद्योगिकी प्रवाह और प्रतिभा गतिशीलता का युग है। विदेश मंत्री ने कहा, ''कई मायनों में, यह प्रवासी समुदाय ही है जो हमारी छवि को एक पुनरुत्थानशील सभ्यता के रूप में परिभाषित करने में मदद करेगा।'' समापन सत्र में ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम, धर्मेंद्र प्रधान, कीर्तिवर्धन सिंह और पबित्र मार्गेरिटा भी उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार ने...

इसके अलावा कर्नाटक को 6310.40 करोड़ रुपए, केरल को 3330.83 करोड़ रुपए, मध्य, प्रदेश को 13582.86 करोड़ रुपए, महाराष्ट्र को 10930.31 करोड़ रुपए, मणिपुर को 1238.90 करोड़ रुपए, मेघालय को 1327.13 करोड़ रुपए, मिजोरम को 865.15 करोड़ रुपए, नागालैंड को 984.54 करोड़ रुपए, ओडिशा को 7834.80 करोड़ रुपए, पंजाब को 3126.65 करोड़ रुपए, राजस्थान को 10426.78 करोड़ रुपए, सिक्किम को 671.35 करोड़ रुपए, तमिलनाडु को 7057.89 करोड़ रुपए, तेलंगाना को 3637.09 करोड़ रुपए, त्रिपुरा को 1225.04 करोड़ रुपए, उत्तर प्रदेश को 31039.84 करोड़ रुपए, उत्तराखंड को 1934.47 करोड़ रुपए, पश्चिम बंगाल को 13017.06 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### हूती चरमपंथियों ने किए सैकड़ों ड्रोन हमले, इजराइल ने कई को मार गिराया

**यरुशलम।** इजराइल ने हूती चरमपंथियों द्वारा दागे गए तीन ड्रोन को मार गिराया है। इजराइली सेना ने पुष्टि की कि एक ड्रोन इजराइली क्षेत्र में प्रवेश कर गया, जबकि अन्य दो को मार गिराया। इजराइली सेना ने बताया कि हूती चरमपंथियों ने 7 अक्तूबर के बाद से इजराइल पर 40 बैलिस्टिक मिसाइलें और 320 से ज्यादा ड्रोन दागे हैं। इनमें से ज्यादा को इजराइली वायु रक्षा प्रणाली ने रोक लिया, लेकिन कुछ हमले प्रभावी रहे हैं। एक हूती मिसाइल को इजराइली एयर डिफेंस नाकाम करने में विफल रहा और दो को आंशिक रूप से इंटरसेप्ट किया। आईडीएफ के मुताबिक 320 से ज्यादा ड्रोन इजराइल पर दागे गए, जिनमें से 100 से ज्यादा ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। कई ड्रोन को इजराइली नौसेना ने भी मार गिराया। कई ड्रोन हमले या तो खुले क्षेत्रों में गिर गए, इजराइली क्षेत्र तक पहुंचे बिना नष्ट हो गए या उन्होंने कोई खास नुकसान नहीं पहुंचाया। इस सप्ताह की शुरुआत में, इजराइली सेना ने यमन से दागी गई एक मिसाइल को इजराइली क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही नष्ट कर दिया था। हूती चरमपंथियों ने दावा किया था कि उनका उद्देश्य इजराइल के सबसे बड़े बिजली संयंत्र ओरोट राबिन को निशाना बनाना था और उन्होंने हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च करने का भी दावा किया।

### पाक के पंजाब प्रांत में 3 हिंदू युवकों का अपहरण, पुलिस जांच में जुटी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 3 हिंदू युवकों को अगवा किया गया है। अगवा करने वाले अपराधियों ने पुलिस से उनके साथियों को रिहा करने की मांग की है। ऐसा न करने पर अगवा किए गए हिंदुओं को जान से मारने की धमकी दी गई है। पंजाब पुलिस के अनुसार घटना रहिम यार खान जिले के भोंग इलाके में हुई है। इलाका पंजाब की राजधानी लाहौर से 400 किमी दूर है। अगवा किए गए हिंदू युवकों के नाम शमन, शमीर और साजन हैं। तीनों युवक भोंग के बेसिक हेल्थ यूनिट के पास मौजूद थे। तभी 5 डकैतों ने उन्हें बंदूक की नोक पर अगवा कर अपने साथ ले गए। अगवा करने वाले डकैतों के सरगना अशिक कोराई ने बाद में वीडियो भी रिलीज किया। वीडियो में आशिक ने थाना इंचार्ज राणा रमजान को चेतावनी देकर कहा कि अगर उसके परिवार के 10 सदस्यों को रिहा करने के लिए कहा। ऐसा न करने पर हिंदू युवकों की हत्या करने की धमकी दी। डकैतों की तरफ से जारी हुए वीडियो में तीनों युवक जंजीरों में बंधे दिखाई दिए। तीन युवक अधिकारियों से अपनी रिहाई के लिए गुहार लगा रहे थे।

### फोल्डिंग मकान तैयार, 84 लाख से ढाई करोड़ की कीमत

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक कंपनी ने फोल्डिंग घर तैयार किया है। इस घर को कहीं पर भी ले जाया जा सकता है। इस घर में कैपेरवेन फ्रंट,साइड और बैक तीनों ओर से फोल्ड किया जा सकता है। एक बटन दबाते ही 400 फीट का लिविंग रूम सामने आ जाता है। इस घर में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध है। हवा के जरिए रोज 15 गैलन पानी बनाने की सुविधा है। छत पर सोलर पैनल लगे होते हैं। जिससे जरूरी बिजली उपलब्ध होती है। जिस कंपनी ने इसे तैयार किया है। उसने इसकी न्यूनतम कीमत 84 लाख और अधिकतम कीमत 2। 5 करोड़ रखी है। जरूरत के अनुसार सुविधा घटाने और बढ़ाने से इसकी कीमत घटती और बढ़ती है। इसे कुछ ही देर में फोल्ड करके एक जगह से दूसरे जगह पर ले जाया जा सकता है।

### सुरक्षा बलों ने आतंकियों के तीन सहयोगियों को धरदबोचा

**कुलगाम।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में पुलिस और सेना ने यह बात साबित करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है कि उनकी संयुक्त कार्रवाई से आतंकियों को ध्वस्त किया गया है। कुलगाम पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा/द रेजिस्ट्रेशन फ्रंट के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है, जो बड़े आतंकी हमलों की योजना बना रहे थे। इस ऑपरेशन में गिरफ्तार किए गए आतंकी सहयोगी उबैद खुर्शीद खांडे, मकसूद अहमद भट और उमेर बशीर के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। ये आतंकी सहयोगी थोकर्पोरा क़ैमोह क्षेत्र के रहने वाले हैं और सक्रिय आतंकियों के साथ संपर्क में थे। देश की सेना ने यह साबित किया है कि उनकी निरंतर पहल के माध्यम से देश को आतंकवाद से निपटने में सफलता मिल रही है।

### योगी ने प्रयागराज में 100 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ 2025 की तैयारियों के तहत आज शुक्रवार को प्रयागराज में 100 नई बसों और 'अटल सेवा' नामक इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये बसें उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बेड़े में शामिल की गई हैं ताकि कुंभ मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को बेहतर परिवहन सुविधा मिल सके। परेड ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महा कुंभ की तैयारियों का जायजा लेते हुए एयरपोर्ट लौटते समय सड़क किनारे की सुंदरता देखकर अपनी गाड़ी रुकवाई और पैदल चलने लगे। उन्होंने सड़क किनारे की हरियाली और सजावट की सराहना की। उनके साथ अन्य मंत्री और अधिकारी भी गाड़ियों से उतरकर इस अनौपचारिक निरीक्षण में शामिल हुए।

# मौसम की मार : यूपी-बिहार में गलन वाली ठंड दिल्ली में घना कोहरा, घर से निकला मुश्किल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूरा उत्तर भारत ठंड और घने की कोहरे की चपेट में हैं। उप्र और बिहार में गलन वाली ठंड है। यहां घर से बाहर निकलने पर ऐसा लगता है कि हाथ ठंड से गल जाएंगे। वहीं दिल्ली और एनसीआर में घना कोहरा होने के कारण लोगों को घर से न निकलने की चेतावनी दी गई है। राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में तापमान लगभग शून्य डिग्री तक पहुंच गया है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में दोपहर में धूप खिलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली है।



राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिल्ली में जनवरी महीने में पहली बार न्यूनतम पारा पांच डिग्री से नीचे आया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरा देखने को मिलेगा। आईएमडी ने अगले दो दिनों के लिए कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश में भी कड़ाके की ठंड जारी है। कोहरे से भी आम जनजीवन प्रभावित है। आईएमडी ने कई जिलों में कोल्ड डे जारी किया है। नोएडा-गाजियाबाद के लोग भी कड़ाके की ठंड से परेशान हैं। इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि अगले कुछ मौसम साफ रहने के आसार हैं। वहीं बिहार में सर्द पछुआ हवाओं के कारण शीतलहर के हालात बने हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक स्थिति में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कारण तापमान में भारी गिरावट आ सकती है। मैदानी इलाकों में भी तापमान 5 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, वीकेंड पर दिल्ली-एनसीआर में बारिश का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के अलग-अलग इलाकों में अगले कुछ दिनों तक शीतलहर जारी रहेगी। मौसम विभाग ने शनिवार को कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी का अनुमान जताया है।

स्काईमेट वेदर के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में 2 से 5 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान 24 घंटे के बाद बढ़ने लगेगा। गंगा के मैदानी इलाकों में कोहरे की तीव्रता में कमी आएगी। वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। 11 जनवरी को राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश संभव है। 11 और 12 जनवरी को उत्तर प्रदेश, उत्तर मध्य प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में बारिश की गतिविधियां धीरे-धीरे बढ़ेंगी। 11 और 12 जनवरी के बीच हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में व्यापक बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

## दिल्ली में ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन आज, गृहमंत्री अमित शाह करेंगे अध्यक्षता

नई दिल्ली (ईएमएस)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार, 11 जनवरी को नई दिल्ली में 'ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य ड्रग तस्करी की बढ़ती समस्या और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके प्रभाव, विशेष रूप से उत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों, से निपटने पर ध्यान केंद्रित करना है। गृह मंत्री, ड्रग विनष्टीकरण पखवाड़े का शुभारंभ, NCB के भोपाल जोनल यूनिट के नए कार्यालय परिसर का उद्घाटन और MANAS-2 हेल्पलाइन के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विस्तार की शुरुआत करेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'MANAS' पोर्टल से राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) के साथ रीयल-टाइम जानकारी साझा करने, ड्रग तस्करी के खिलाफ राज्यों की प्रगति और नार्कोटिक्स समन्वय तंत्र (NCORD) की प्रभावशीलता पर चर्चा की जाएगी। साथ ही राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (SFSLs) की कार्यक्षमता को मजबूत करने और उनकी प्रभावशीलता बढ़ाने, ड्रग तस्करी के खिलाफ प्रयासों को मजबूत करने के लिए NIDAAN डेटाबेस के उपयोग, PIT-NDPS अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन, ड्रग से संबंधित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष NDPS अदालतों की स्थापना और ड्रग तस्करी तथा इनके दुरुपयोग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों के बीच Whole of Govt. approach पर विचार-विमर्श किया जाएगा। 11 से 25 जनवरी 2025 तक चलने वाले ड्रग विनष्टीकरण पखवाड़े के दौरान रू.2411 करोड़ मूल्य के 44,792 किलोग्राम मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया जाएगा।

## दिल्ली में पूर्ण बहुमत से बनेगी भारतीय जनता पार्टी की सरकार : नड्डा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति के साथ बैठक कर चुनाव के मद्देनजर पार्टी की संगठनात्मक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस बैठक में दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के चुनाव प्रभारी एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, सह-चुनाव प्रभारी अतुल गर्ग (सांसद), सह प्रभारी डॉ अल्का गुर्जर, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, प्रदेश चुनाव संचालन समिति प्रमुख हर्ष मल्होत्रा (सांसद) एवं सह-प्रमुख मनोज तिवारी (सांसद) भी उपस्थित रहे। नड्डा ने पहले भाजपा की दिल्ली चुनाव संचालन समिति के साथ बैठक की और तत्पश्चात चुनाव प्रबंधन के अलग-अलग विभागों की बैठक की और पार्टी की चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण निर्देश



देते हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश भाजपा चुनाव संचालन समिति एवं चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों को पार्टी की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का मार्गदर्शन दिया। नड्डा ने कहा कि दिल्ली का यह विधानसभा चुनाव झूठ एवं भ्रष्टाचार रूपी अरविंद केजरीवाल और सच एवं विकास रूपी भाजपा के बीच चुनाव का अवसर है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल रूपी आप-दा से मुक्त होने का मन बना लिया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि दिल्ली की महान जनता इस चुनाव में सच एवं विकास को चुनेगी और दिल्ली को आम आदमी पार्टी से मुक्त करवाएगी।

## गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि को लेकर फंसा पेंच, आड़े आ रहा पाकिस्तान कनेक्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस की तैयारियां बहुत तेजी से चल रहीं हैं। अतिथियों की सूची भी बनाई गई है और माना जा रहा है कि दुनिया की सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियंतो को समारोह का मुख्य अतिथि बनाया जाएगा। इसके लिए उन्हें न्यौता भी भेजा गया है। हालांकि सरकार की तरफ से ऐसी कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है। वहीं एक खबर ये भी आ रही है कि सुबियंतों को समारोह में अतिथि बनाए जाने को लेकर एक पेंच भी फंस गया है। वो पेंच ये हैं कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत से सीधे पाकिस्तान जाना चाहते हैं। भारत सरकार यही नहीं चाहती है कि वह भारत यात्रा को पाकिस्तान दौरे के साथ कनेक्ट करें। माना जा रहा है कि भारत सरकार उन्हें मनाने की कोशश कर रही है कि वह भारत दौरे के बाद सीधे पाकिस्तान न जाएं। सूत्र के हवाले से एक अंग्रेजी अखबार ने लिखा है कि सुबियंतो 26 जनवरी की परेड में मुख्य अतिथि होंगे। मगर अब तक यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। आम तौर पर इस तरह की घोषणा महीनों पहले ही कर दी जाती है।

खबर के मुताबिक, भारत ने इंडोनेशिया के साथ इस मुद्दे को राजनयिक चैनल के माध्यम से उठाया है। भारत को उम्मीद है कि सुबियंतो को गणतंत्र दिवस समारोह के तुरंत बाद इस्लामाबाद के लिए उड़ान भरने से रोकने में कामयाबी मिलेगी। अगर रिपब्लिक डे परेड के कुछ ही घंटे बाद इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सीधे इस्लामाबाद के लिए उड़ान भरते हैं तो इससे भारत के लिहाज से गलत संदेश जाएगा। खासकर तब जब सीमा पार आतंकवाद जैसे कई मुद्दों पर पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध अच्छे नहीं हैं। जबकि इसके उलट भारत और इंडोनेशिया के बीच पारंपरिक रूप से मजबूत संबंध रहे हैं। घोषणा में देरी की वजह यह है कि पाक मीडिया में यह खबर है कि इंडोनेशियाई राष्ट्रपति 26 जनवरी को तीन दिवसीय यात्रा पर इस्लामाबाद पहुंच सकते हैं। पाकिस्तान से जब से रिश्ते पूरी तरह तल्ख हुए हैं, तब से भारत अपना कोई भी कनेक्शन उससे नहीं चाहता। भारत सरकार हाल के दिनों में विदेशी नेताओं को भारत यात्रा के दौरान अपने कार्यक्रम में पाकिस्तान को शामिल न करने और दोनों देशों के साथ अपने संबंधों को अलग रखने के लिए प्रोत्साहित करती रही है।

## बिहार में नीतीश कुमार के बहाने तेजस्वी और लालू यादव लगा रहे हैं प्रेशर पॉलिटिक्स पर दांव

पटना। बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव है। सबकी निगाहें फिर से नीतीश कुमार पर हैं। लालू यादव तो साफ कह चुके हैं कि नीतीश कुमार के लिए उनका दरवाजा खुला है। जबकि तेजस्वी यादव नीतीश की वापसी को अस्वीकार करने की हुंकार भर चुके हैं। तेजस्वी यादव यहीं नहीं रुके। वह तो राहुल गांधी के कांग्रेस को भी सीधा संदेश दे चुके हैं। या तो राजद की बात मानकर पिछलग्गू बने रहिए, वरना हाथ जोड़िए और पीछा छोड़िए। ऐसे में लोग कन्फ्यूज हैं कि पिता-पुत्र दोनों अलग-अलग चाल क्यों चल रहे हैं? क्या यह राजद की मध्यम मार्ग वाली पॉलिटिक्स है?


दरअसल, कांग्रेस को फटकारने के पीछे तेजस्वी की एक सोची-समझी चाल है। या यूं कहिए कि तेजस्वी यादव की प्रेशर पॉलिटिक्स। अभी तेजस्वी यादव को खूब पता है कि कांग्रेस पूरी तरह बैकफुट पर है। हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में हार से कांग्रेस टूटी हुई है। इंडिया गठबंधन के अन्य साथी उसे घेर रहे हैं। ममता बनर्जी हों, अरविंद केजरीवाल हों या अखिलेश यादव, सभी के टारगेट पर राहुल गांधी और कांग्रेस ही है। कांग्रेस के कई नेता यह इशारा कर चुके हैं कि कांग्रेस अब राजद की पिछलग्गू नहीं बनकर रहना चाहती। बिहार में 1990 के बाद से कांग्रेस राजद की पिछलग्गू बनकर रही है। राजद के बगैर उसका सियासी वजूद बिहार में कभी रहा ही नहीं। मगर अब कांग्रेस अपने पैरों पर खड़े होकर चलना चाहती है। इसलिए कांग्रेस तेवर दिखा रही है। वह साफ-साफ कह चुकी है कि उसे पिछली बार जितनी ही 70 सीटें चाहिए। अब तेजस्वी यादव को कांग्रेस के इस तेवर की भनक है। तेजस्वी यादव मौके को हाथ से जाने नहीं देना चाहते हैं। इसलिए वह कांग्रेस को आड़े हाथों ले रहे हैं। राजद को पता है कि कांग्रेस को अधिक सीट देने का मतलब है सियासी नुकसान। जैसा बीते चुनावों में दिखा। इसलिए तेजस्वी यादव इंडिया गठबंधन को लोकभा चुनाव तक का करार बता रहे हैं। तेजस्वी यादव को लग रहा है कि कांग्रेस सीट शेयरिंग में आंखें दिखा सकती है। वह अधिक सीटों का दवाब बनाएगी।

## अब बुजुर्गों पर एचएमपीवी का हो रहा अटैक गुजरात में मिला देश का पहला संक्रमित मरीज

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** एचएमपीवी का संक्रमण पहले बच्चों में पाया गया था हम बुजुर्ग भी इसकी चपेट में आ गए हैं। अहमदाबाद में देश का संक्रमित बुजुर्ग मिला है। जिसका इलाज चल रहा है।

अहमदाबाद नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि एक 80 वर्षीय बुजुर्ग में ह्यूमन मेटाप्नीउमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण की पुष्टि हुई है। यह गुजरात में इस साल का दूसरा और भारत में एक बुजुर्ग में इस संक्रमण का पहला मामला है। चीन में हाल ही में एचएमपीवी संक्रमण के मामलों के बाद भारत में इस संक्रमण का यह नया मामला सामने आया है। अहमदाबाद नगर निगम ने बताया कि मरीज का इलाज अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है और उनकी कोई विदेश यात्रा की जानकारी नहीं है। मरीज को बुधवार को अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां गुरुवार को उनके सैंपल्स में संक्रमण की पुष्टि हुई। बुजुर्ग मरीज लंबे समय से अस्थमा का रोगी है, लेकिन फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर है।

गुजरात में एचएमपीवी का यह दूसरा मामला है। इससे पहले 6 जनवरी को एक दो महीने के शिशु में संक्रमण की पुष्टि हुई थी।



हालांकि, वह पूरी तरह से ठीक होकर अस्पताल से छुट्टी ले चुका है। केंद्र सरकार ने कहा है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह वायरस भारत में नया नहीं है। राज्य सरकारों को श्वसन संबंधी बीमारियों पर निगरानी बढ़ाने और लोगों को संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

### सांस लेने में तकलीफऔर सीने में दर्द जैसे लक्षण

एचएमपीवी एक वायरल संक्रमण है, जो आम सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण पैदा करता है। यह संक्रमण ड्रॉपलेट्स, सीधे संपर्क और संभवतः हवा के जरिए फैलता है। इसके लक्षण हल्के (जैसे नाक बहना) से लेकर गंभीर (सांस लेने में तकलीफऔर सीने में दर्द) तक हो सकते हैं। बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में बताया था कि एचएमपीवी कई प्रकार के श्वसन संक्रमण फैलाने वाले वायरसों में से एक है। यह संक्रमण सर्दियों और वसंत के शुरुआती महीनों में अधिक फैलता है। मंत्रालय ने कहा, यह वायरस आमतौर पर हल्का होता है और ज्यादातर लोग खुद ही ठीक हो जाते हैं।

## जब तक निर्णय नहीं होता, 1.12 लाख करोड़ रुपये के शो-कॉज नोटिस पर रोक

### ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देकर 1.12 लाख करोड़ रुपये के गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) शो-कॉज नोटिस को रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि इन नोटिस से जुड़े सभी मामले फिलहाल स्थगित रहे, जब तक कोर्ट इस पर अंतिम निर्णय नहीं ले लेता है। सुप्रीम कोर्ट ने इन कंपनियों से जुड़े मामलों को एक साथ जोड़ने का निर्देश दिया है। अब मामलों की अगली सुनवाई 18 मार्च, 2025 को होगी।



यह फैसला ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए एक राहत भरा कदम है, क्योंकि इस पर कर अधिकारियों और कंपनियों के बीच लंबे समय से विवाद रहा था। इस विवाद का मुख्य मुद्दा ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी लागू करने की व्याख्या है। केंद्र सरकार का कहना है कि 28 प्रतिशत जीएसटी पूरे एंट्री अमाउंट पर लगना चाहिए, जिसमें इनाम राशि (प्राइज पूल) भी शामिल होती है। वहीं, गेमिंग कंपनियों का तर्क है कि जीएसटी केवल उनके प्लेटफॉर्म फीस या कमीशन पर लगना चाहिए, क्योंकि इनमें से कई गेम कौशल (स्किल) पर आधारित होते हैं, न कि किस्मत (चांस) पर निर्भर होती है। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री से जुड़े जानकार ने कहा, ÷मार्च में होने वाली अंतिम सुनवाई सेक्टर के लिए नियामकीय ढांचे को तय करने और एक निष्पक्ष और पारदर्शी टैक्स रिजीम सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा शो-कॉज नोटिस पर रोक लगाना ऑनलाइन गेमिंग और कैसिनो कारोबार के लिए राहत भरा कदम है। इससे न केवल कानूनी स्पष्टता मिलती है, बल्कि तेजी से बढ़ते सेक्टर में सही प्रक्रिया और नियमों के महत्व को भी उजागर किया गया है। इस फैसले का ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों ने स्वागत किया है।

## कभी सुकून और सस्ती दिल्ली में आज जिंदगी महंगी व भागमभाग वाली

### महंगे शहरों की रैंकिंग दिल्ली देश में दूसरे नंबर पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। दिल्ली में विकास के तमाम दावे और चुनावी वादे लोगों के सामने हैं। कभी शांति और सुकून के लिए जानी जाने वाली दिल्ली आज भागमभाग की जिंदगी और महंगाई वाली लाइफ स्टाइल के लिए मशहूर है। दुनिया में अगर महंगे शहरों की रैंकिंग देखी जाए तो दिल्ली का नाम मुंबई के बाद दूसरी और दुनिया में 165 नंबर पर आता है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय की बात की जाए तो दिल्ली सबसे रईस है। औसत प्रति व्यक्ति आय के मामले में दिल्ली सबसे आगे है। साल 2023-24 में दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय 4,61,910 रुपए है जबकि देश में औसत प्रति व्यक्ति आय 13.14 हजार डॉलर यानी करीब 2.28 लाख रुपए है।

लुटियंस दिल्ली में कई इलाके ऐसे हैं जहां एक वर्ग फुट जमीन की कीमत 3 लाख से भी ज्यादा हैं। इसके इलावा निजामुद्दीन ईस्ट, साउथ एक्स, मॉडल टाउन, सिविल लाइंस, हौज खास, वसंत कुंज और लाजपतनगर जैसे इलाकों में जमीनों की कीमत करोड़ों से नीचे नहीं है, लेकिन कभी दिल्ली सस्ती हुआ करती थी, जहां कौड़ियों के भाव जमीनें मिलती थीं और कुछ रुपयों में बंगले किराये पर मिल जाते थे लेकिन अब वह दौर खत्म हो चुका है। यहां जमीन की कीमत आसमान छू रही हैं।

कभी दिल्ली में 25 रुपये गज जमीन और दूध रुपये का नौ सेर मिलता था। मॉर्डन दिल्ली की नींव पड़ी 1911 में जब अंग्रेजी शासन ने कोलकाता से दिल्ली का रुख किया। साल 1931 में लुटियन की डिजाइन की हुई दिल्ली का उद्घाटन हुआ और फिर सड़कें, कॉलोनियां और बाजार बसाए जाने लगे, लेकिन भागमभाग और भीड़ वाली दिल्ली बनने से पहले ये शहर सुकून और सस्ती होने के लिए जाना जाता था। उस दौर में नई दिल्ली का विकास हो रहा था, देश आजादी की ओर बढ़ रहा था। इसके बाद दिल्ली महंगी होती गई और आज सब कुछ आपके सामने है।



# ‘पत्नी को कब तक निहारोगे’ बयान पर भड़कीं ज्वाला गुट्टा, एस एन सुब्रमण्यम को खूब सुनाई खरी-खोटी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लार्सन एंड टुब्रो (रू॰ञ्ञ) के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यन ने अपने कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे काम करने का सुझाव दिया था. उन्होंने साथ ही कहा था कि आप घर पर ‘पत्नी को कब तक निहारोगे’. उनके इस बयान पर विवाद खड़ा हो गया है. बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने भी इस मामले पर सुब्रमण्यन को आड़े हाथों लिया. जबकि मशहूर बैडमिंटन खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा ने भी सुब्रमण्यन के इस बयान पर उन्हें जमकर खोरी खोटी सुनाई है और उनके बयान को निराशाजनक एवं डरावना बताया है.

ज्वाला गुट्टा ने सुब्रमण्यन के बयान पर आपत्ति जताई है. उन्होंने सुब्रमण्यन के बयान पर भड़कते हुए उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाते हुए एक्स पोस्ट में लिखा, ‘मेरा मतलब हैज्सबसे पहले तो उसे अपनी पत्नी को क्यों नहीं घूरना चाहिएज्और केवल रविवार को ही क्यों. यह दुखद और कभी-



कभी अविश्वसनीय है कि ऐसे शिक्षित और बड़े संगठनों के उच्चतम पदों पर बैठे लोग मेंटली हेल्थ और मेंटली आराम को सीरियस नहीं ले रहे हैंज्और इस तरह के महिला द्वेषपूर्ण (महिलाओं के प्रति भेदभाव पूर्ण) बयान दे रहे हैं और खुद को इतने खुले तौर पर उजागर कर रहे हैं. यह निराशाजनक और डरावना है’.

## सुब्रमण्यन ने दिया था ये बयान

सुब्रमण्यन ने हाल ही में अपने कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे काम करने और ऑफिस में ज्यादा से ज्यादा समय बिताने के लिए कहा था. उन्होंने कर्मचारियों से बात करते हुए पूछा था, ‘आप घर पर बैठकर क्या करते हैं? आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक घूर कर देख सकते हैं? चलो, ऑफिस पहुंचो और काम शुरू करो’. उन्होंने आगे कहा था, ‘यदि आपको दुनिया में शीर्ष पर रहना है, तो आपको सप्ताह में 90 घंटे काम करना होगा. आगे बढ़ो दोस्तों’।

## सुब्रमण्यन के बचाव में उतरी कंपनी

एक ओर सुब्रमण्यन को अपने बयान पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है. वहीं दूसरी ओर एलएंडटी उनके बचाव में उतरी है. एलएंडटी ने एक बयान में कहा, ‘एलएंडटी में, राष्ट्र निर्माण हमारे जनादेश का मूल है. आठ दशक से भी ज्यादा समय से हम भारत के बुनियादी ढांचे, इंडस्ट्रीज और तकनीकी कैपिसिटी को शेप दे रहे हैं. हमारा मानना है अगले 10 साल भारत के हैं, जिनमें देश के विकास को आगे बढ़ाने और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए साथ काम करने की जरूरत है. हमारे चेयरमैन की तरफ से दिया गया बयान इसी एम्बिशनको दर्शाता है. उनका कमेंट इस बात पर जोर देता है कि असाधारण रिजल्ट के लिए असाधारण कोशिश करने की जरूरत है. एलएंडटी में हम ऐसी ही संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कमिटेड हैं’ ।

## पाक पहुंचा आईसीसी का प्रतिनिधिमंडल,चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों का लिया जायजा



**लाहौर, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पाकिस्तान पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों का जायजा लिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार सुबह पांच सदस्यीय टीम ने कराची में नेशनल बैंक स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने आयोजन स्थल पर चल रहे निर्माण और नवीनीकरण कार्य का आकलन किया।

इस दौरान पीसीबी अधिकारियों और निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों ने प्रतिनिधिमंडल को परियोजनाओं की प्रगति और समयसीमा से अवगत कराया। आईसीसी प्रतिनिधिमंडल ने निर्माणाधीन पांच मंजिला इमारत का दौरा किया और विभिन्न खंडों का निरीक्षण किया। उन्होंने मीडिया सेंटर सहित स्टेडियम की मुख्य इमारत की सुविधाओं का मूल्यांकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने कॉन्फ्रेंस हॉल की सुविधाओं का जायजा लिया और दीवारों पर प्रदर्शित अभिलेखों की जांच की और तस्वीरें खींचीं। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने पुरानी इमारत के ड्रेसिंग रूम, चेयरमैन बॉक्स और पीसीबी गैलरी का निरीक्षण किया और तस्वीरें लीं। आईसीसी प्रतिनिधिमंडल का चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों के जायजा लेने का यह चौथा दौरा है।

उल्लेखनीय है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 19 फरवरी को नेशनल बैंक स्टेडियम में होगा। पहला मैच उसी दिन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। स्टेडियम टूर्नामेंट में तीन मैच खेले जाने है।

## चोट से परेशान वरुण आरोन ने लिया क्रिकेट से संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चोटों से परेशान भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने शुक्रवार को क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया जब उनकी टीम झारखंड का विजय हजारे ट्रॉफी में अभियान समाप्त हो गया। 34 वर्ष के आरोन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण 2011 में किया था। उन्होंने भारत के लिए 9 टेस्ट और 9 वनडे खेले। उन्होंने पिछले साल लाल गेंद के क्रिकेट से विदा ले ली थी। आरोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ‘पिछले 20 साल से मैं तेज गेंदबाजी को समर्पित रहा हूं। आज पूरी कृतज्ञता के साथ मैं आधिकारिक तौर पर क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। उन्होंने कहा, ‘इतने साल में मैने करियर के लिए खतरा बनी अनेक चोटों से उबरने में शारीरिक और मानसिक तौर पर काफी मेहनत की, बार-बार वापसी की और इसके लिए मैं अपने फिजियो, ट्रेनर और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कोचों को धन्यवाद देता हूं। आरोन ने कहा, ‘अब मैं अपने जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का लुत्फ उठाना चाहूंगा लेकिन खेल से भी जुड़ा रहूंगा जिसने मुझे सब कुछ दिया है। तेज गेंदबाजी मेरा पहला प्यार रहा है और हमेशा मेरे जीवन का अहम हिस्सा रहेगी।

# हिंदी भाषा पर अश्विन के बयान से बौखला गए फैंस, जानिए क्या बोल गया ये दिग्गज खिलाड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले दिग्गज भारतीय खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन का विवादों से भी खूब नाता रहा है. अब संन्यास के कुछ दिनों बाद फिर से वे एक बयान के चलते विवादों में आ गए हैं. उनके हिंदी भाषा को लेकर दिए गए बयान पर देशभर में बहस छिड़ गई है. अश्विन ने कहा कि हिंदी आधिकारिक भाषा है ना कि हमारी राष्ट्रीय भाषा. अब उनके बयान को लेकर जमकर बवाल मच रहा है. अश्विन ने चेन्नई के एक कॉलेज में स्टूडेंट्स से बात करते हुए एक सवाल किया था.

चेन्नई के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में स्टूडेंट्स से बातचीत के दौरान अश्विन ने उनसे सवाल किया था कि,



‘क्या कोई हिंदी में सवाल पूछने में इंटरेस्टेड है?’ इसे लेकर छात्रों का रिएक्शन बेहद चौंकाने वाला रहा. किसी ने भी अश्विन के सवाल में दिलचस्पी नहीं दिखाई. इसके बाद पूर्व क्रिकेटर ने कहा, ‘मैं मानता हूं कि मुझे यह कह ही देना चाहिए हिंदी देश की राष्ट्र भाषा नहीं बल्कि सिर्फ एक आधिकारिक भाषा है’.

**राजभाषा है हिंदी** - अश्विन का यह बयान ऐसे समय में आया जब 10 जनवरी को ‘विश्व हिंदी दिवस’ मनाया जा रहा है. अश्विन ने ये बयान 9 जनवरी को एक प्राइवेट कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते हुए दिया था. गौरतलब है कि चाहे हिंदी भारत की राष्ट्रीय भाषा नहीं है लेकिन इसे राजभाषा का दर्जा प्राप्त है. यह दर्जा हिंदी को 14 सितंबर 1949 को मिला था. भारतीय संविधान में लिखा है कि, राष्ट्र की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी.

**गाबा टेस्ट के बाद किया था संन्यास का ऐलान** - रविचंद्रन अश्विन ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का तीसरा मैच जो कि ब्रिसबेन में खेला गया था इसके बाद अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था. अश्विन ने भारत के लिए 287 मैच खेलें और कुल 765 विकेट चटकाए. उन्होंने सभी फॉर्मेट में अपनी गेंदबाजी का जादू दिखाया लेकिन खासकर टेस्ट में वे खूब कामयाब हुए. टेस्ट में अश्विन अनिल कुंबले (619) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा विकेट (537) लेने वाले भारतीय बॉलर हैं.

### इंडिया-इंग्लैंडः

## सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में इन 3 देशों को लगातार हरा चुका है भारत, अब इंग्लैंड को धूल चटाने की बारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप 2024 में वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था और इसके बाद उन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले ली थी। रोहित शर्मा के बाद भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान सूर्यकुमार यादव को बनाया गया और उनके कप्तान बनने के बाद टीम इंडिया लगातार सफलता का स्वाद चख रही है। अब भारत को उनकी कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है।

**सूर्या की कप्तानी में भारत जीत चुका है लगातार 3 टी-20 सीरीज** - सूर्यकुमार यादव को जब भारतीय टी20 क्रिकेट टीम का फुल टाइम कप्तान बनाया गया था उससे पहले भी उन्होंने टीम की कप्तानी की थी और उनका प्रदर्शन बतौर कप्तान अच्छा रहा था। सूर्यकुमार के फुल टाइम कप्तान बनने के बाद भारत ने पहली टी20 सीरीज श्रीलंका के खिलाफ खेली थी और 3 मैचों की इस सीरीज में भारत ने श्रीलंका को 3-0 से हराया था। इसके बाद भारत ने उनकी कप्तानी में बांग्लादेश के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज खेली थी जिसमें टीम इंडिया को 3-0 से जीत मिली थी। इसके बाद भारत ने साउथ अफ्रीका दौरे पर उनकी कप्तानी में 4 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लिया था और भारत ने वहां अपना झंडा बुलंद करते हुए इस सीरीज को 3-1 से जीत लिया था। यानी उनकी कप्तानी में भारत ने तीन लगातार टी20 सीरीज में जीत र्ज की है और अब भारत के पास इंग्लैंड को हराकर लगातार 4 टी20 सीरीज अपने नाम करने का शानदार मौका है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने अब तक कुल 17 मैच खेले हैं जिसमें भारत को 13 मैचों में जीत मिली है जबकि 3 मैचों में हार मिली है और एक मैच टाई रहा है।

**भारत के पास इंग्लैंड को हराने का शानदार मौका** - भारत को इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है और इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत है, लेकिन भारत को अपनी धरती पर खेलने का फायदा मिलेगा और सूर्यकुमार यादव के पास इंग्लिश टीम के खिलाफ टी20 सीरीज जीतने का अच्छा मौका है।

### राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिपः

## मुक्केबाजी में गत चैंपियन शिवा थापा की शानदार शुरुआत, सचिन भी जीते

**बरेली, एजेंसी।** असम के शिवा ने इनायत को 5-0 से हराया। पूर्व विश्व यूथ चैंपिन सचिन सिवाच ने सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के अक्षर को 5-0 से पराजित किया। इस दमदार जीत से उन्होंने खिताब के लिए अपनी तैयारियों का संकेत दे दिया है।

गत चैंपियन शिवा थापा ने वेल्टरवेट (60-65 भारवर्ग) में इनायत खान को हराकर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत की। 2012 लंदन ओलंपिक में क्वालिफाई करने वाले सबसे युवा असम के शिवा ने इनायत को 5-0 से हराया। पूर्व विश्व यूथ चैंपिन सचिन सिवाच ने सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के अक्षर को 5-0 से पराजित किया। इस दमदार जीत से उन्होंने खिताब के लिए अपनी तैयारियों का संकेत दे दिया है।

चैंपियनशिप के दूसरे दिन गुरुवार को राजस्थान




के देवांश सौलंकी ने उत्तर प्रदेश के विकास सिंह को फ्लाइवेट (47-50 भारवर्ग) में जजों के सर्वसम्मत निर्णय से पराजित किया। इसी भारवर्ग में छत्तीसगढ़ के आशुतोष यादव ने गुजरात के अकलीम खान को मात दी। दो बार के विजेता सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के मुक्केबाजों ने कई श्रेणियों में अच्छा प्रदर्शन किया।

हितेश गुलिया, दीपक, जुगनू और विशाल ने लाइट मिडिलवेट वेल्टरवेट, क्रूसरवेट और हेवीवेट में जीत हासिल की। राजस्थान ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। प्रियदर्शिनी (लाइट मिडिलवेट), पुष्पेंद्र सिंह (क्रूसरवेट) और हर्ष चौधरी (हेवीवेट) ने अपने प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाजों को हराया। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) और उत्तर प्रदेश मुक्केबाजी संघ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में 300 से ज्यादा मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं

# चहल के बाद अब इस भारतीय खिलाड़ी का होगा तलाक?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट जगत में इन दिनों टीम के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल के तलाक की खबरें जोरों पर हैं. कहा जा रहा है कि जल्द ही चहल और धनश्री वर्मा का तलाक हो सकता है. अब चहल के बाद टीम इंडिया के बल्लेबाज मनीष पांडे का तलाक होने की अटकले लगनी शुरु हो गई हैं.

भारतीय क्रिकेट जगत में इन दिनों टीम के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल के तलाक की खबरें जोरों पर हैं. कहा जा रहा है कि जल्द ही चहल और धनश्री वर्मा का तलाक हो सकता है. अब चहल के बाद टीम इंडिया के बल्लेबाज मनीष पांडे का तलाक होने की अटकले लगनी शुरु हो गई हैं. दरअसल मनीष पांडे और उनकी वाइफ आश्रिता शेट्टी ने एक दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है. बताते चलें कि आश्रिता पेशे से एक एक्ट्रेस हैं.



दरअसल मनीष पांडे और उनकी वाइफ आश्रिता शेट्टी ने एक दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है. बताते चलें कि आश्रिता पेशे से एक एक्ट्रेस हैं. दोनों के एक दूसरे को अनफॉलो करने के बाद ही कयास लगने शुरू हो गए कि दोनों के बीच में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है. दोनों के एक दूसरे को अनफॉलो करने के बाद ही कयास लगने शुरू हो गए कि दोनों के बीच में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है.मनीष और आश्रिता ने दिसंबर, 2019 में शादी की थी. गौर करने वाली बात यह है कि मनीष और आश्रिता ने इंस्ट्राग्राम से एक दूसरे के साथ वाली तस्वीरें भी हटा दी हैं. मनीष और आश्रिता ने दिसंबर, 2019 में शादी की थी. गौर करने वाली बात यह है कि मनीष और आश्रिता ने इंस्ट्राग्राम से एक दूसरे के साथ वाली तस्वीरें भी हटा दी हैं. हालांकि अभी मनीष पांडे और आश्रिता शेट्टी की तरफ से एक दूसरे को अनफॉलो किए जाने और तलाक की खबरों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है. हालांकि अभी मनीष पांडे और आश्रिता शेट्टी की तरफ से एक दूसरे को अनफॉलो किए जाने और तलाक की खबरों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है. गौरतलब है कि मनीष पांडे करीब तीन सालों से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे हैं. उन्होंने भारत के लिए अब तक 29 वनडे और 39 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेल लिए हैं. गौरतलब है कि मनीष पांडे करीब तीन सालों से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे हैं. उन्होंने भारत के लिए अब तक 29 वनडे और 39 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेल लिए हैं ।

# गुहार लगाते रहे युवराज, लेकिन विराट ने एक न सुनी, खत्म कर दिया करियर, चौंकाने वाला दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवराज सिंह टीम इंडिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं. ऑलराउंड प्रदर्शन के कारण वो हमेशा टीम के बड़े मैच विनर रहे. टी20 वर्ल्ड कप और वनडे वर्ल्ड कप की जीत में उनका अहम रोल रहा था. लेकिन 2011 में कैंसर के कारण उनके करियर पर खतरा मंडराने लगा. हालांकि, उन्होंने इस जानलेवा बीमारी को मात देकर फिर से टीम में अपनी जगह बनाई. लेकिन ज्यादा समय तक नहीं खेल सके. अब भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने उनका करियर जल्दी खत्म होने का आरोप विराट कोहली पर लगाकर सभी को चौंका दिया है. उन्होंने हालिया इंटरव्यू में कोहली को लेकर कई हैरान करने वाले दावे किए. कैंसर जैसी बीमारी के ठीक होने के बाद युवराज सिंह की फिटनेस पहले जैसी नहीं रह गई थी. वो थोड़ा संघर्ष कर रहे थे. इसे लेकर रॉबिन उथप्पा ने लल्लनटॉप को दिए एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि ‘युवराज ने फिटनेस टेस्ट के लिए पॉइंट्स को घटाए जाने की गुहार लगाई थी. तब टीम मैनेजमेंट ने उन्हें लेकर कोई भी दया नहीं दिखाई थी. विराट उस वक्त लीडर हुआ करते थे, हर चीज उनके इशारे पर ही होती थी. लेकिन उन्होंने युवराज की किसी तरह से मदद नहीं की. हालांकि, युवी ने



बाद में फिटनेस टेस्ट पास किया और अपनी जगह बनाई. लेकिन एक खराब टूर्नामेंट के बाद से उन्हें बाहर कर दिया गया. फिर उनसे पलटकर किसी ने कभी नहीं पूछा.’ बता दें युवराज सिंह कैंसर को मात देकर टीम में वापसी के बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन में असफल रहे थे. हालांकि, उन्होंने आते ही इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में शतक जड़ दिया था. लेकिन 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी छाप नहीं छोड़ पाए था. उनका बल्ला पूरे टूर्नामेंट में खामोश रहा था. इसके बाद कोहली ने कभी बी उन्हें टीम में जगह नहीं दी. 2019 के वनडे वर्ल्ड कप टीम से उन्हें बाहर रखा. युवराज ने बताया था कि धोनी साफ किया था कि मैनेजमेंट अब उनकी ओर नहीं देख रही है. इसके बाद ही उनका करियर खत्म हो गया था और उन्होंने अपने संन्यास का ऐलान कर दिया था.

### ‘विराट ने नहीं दिया मौका’

उथप्पा ने हाल ही में दावा किया कि युवराज को टीम से बाहर करने में मुख्य हाथ कोहली का ही था. उनके मुताबिक इतने बड़े खिलाड़ी को और मौके दिए जाने चाहिए थे. उथप्पा ने कहा कि ‘ आपको एक स्टैंडर्ड मेंटेन करना होता है. लेकिन कभी-कभी युवराज जैसे खिलाड़ी के लिए नियम से हटकर चलने की जरूरत होती है. आपने उनको संघर्ष करते हुए देखा है और फिर उनके कप्तान बने. उन्होंने ना सिर्फ कैंसर को हराया है बल्कि कई टूर्नामेंट भी जिताए हैं. इसलिए उन्हें कुछ समय मिलना चाहिए था. हर वक्त रिजल्ट की बात नहीं होती. आप अपनी टीम और खिलाड़ियों के साथ किस तरह का व्यवहार कर रहे हैं. इसे भी देखा जाता है.’ ।

## संक्षिप्त समाचार

### सीग्रम्स रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने ग्लोबल सेंसेशन नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ की साझेदारी

देवास । सीग्रम्स रॉयल स्टैग ने नेटफ्लिक्स पर रिकॉर्ड-तोड़ सफलता हासिल करने वाली सीरीज़ स्क्विड गेम के दूसरे सीजन के साथ साझेदारी की घोषणा की है। स्क्विड गेम के साथ यह साझेदारी रॉयल स्टैग की लिव इट लार्ज फिलॉसफी के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। यह दर्शकों को दुनिया के एक सबसे लोकप्रिय सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनने का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है जो अब तक लाखों दिलों को जीत चुका है। आज के युवाओं के बीच के-ड्रामा बहुत ही लोकप्रिय है। ऐसे में यह सहयोग ब्रांड को युवाओं के जुनून का हिस्सा बनने, उनसे जुड़ने और उनकी आकांक्षाओं में शामिल होने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। इस सहयोग के बारे में बात करते हुए, पेरनोड रिकार्ड इंडिया के मार्केटिंग जनरल मैनेजर जॉयदीप बसुरॉय ने कहा, नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम के साथ रॉयल स्टैग का यह सहयोग ब्रांड को के-कल्चर के प्रति युवाओं की दीवानगी का लाभ उठाने में मदद करेगा। इस साझेदारी के साथ न सिर्फ ब्रांड युवाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ेगा, बल्कि इससे ब्रांड की युवा छवि को भी उभारने में मदद मिलेगी। रॉयल स्टैग ब्रांड हमेशा उन लोगों के साथ खड़ा रहा है जो बड़े सपने देखते हैं और पूरे जुनून और उद्देश्य के साथ अपनी जिंदगी जीते हैं। ठीक वैसे ही जैसे कि इस शो में दिखाया गया है। स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ यह साझेदारी हमें अपने दर्शकों और आज की पीढ़ी को एक जीवंत अनुभव और ठोस सामाजिक मूल्य प्रदान करने में मदद करता है।

### अमेज़न एमएक्स प्लेयर ने नए क्राइम ड्रामा चिड़िया उड़ का ट्रेलर रिलीज़ किया

मुंबई, एजेंसी। अमेज़न के मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म - अमेज़न एमएक्स प्लेयर की आने वाली क्राइम ड्रामा सीरीज़ चिड़िया उड़ के लिए उलटी गिनती शुरू हो गई है। स्ट्रीमिंग सेवा ने आज इस शो का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया है, जो दर्शकों को इसकी प्रबल दुनिया की एक झलक देता है। आबिद सुरती के समीक्षकों द्वारा प्रशंसित उपन्यास केज पर आधारित, चिड़िया उड़ मुंबई के अंडरवर्ल्ड के दिल में गहराई से उतरती है, जो शक्ति, अपराध और अस्तित्व की कहानी को एक साथ लाती है। चिड़िया उड़ का निर्माण हरमन बावेजा, विकी बाहरी ने किया है और इसे रवि जाधव द्वारा निर्देशित किया गया है। इस सीरीज़ में जैकी श्रॉफ, भूमिका मीना, सिकंदर खेर, मधुर मित्तल, मयूर मोरे, और मीता वशिष्ठ मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह कहानी एक युवा महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपराधियों और बदलते गठजोड़ों के बीच फंस जाती है। राजस्थान की एक युवती सेहर को मुंबई की कठोर दुनिया का सामना करना पड़ता है। चिड़िया उड उसकी उन जंजीरों से आजाद होने की लड़ाई को दर्शाती है, जो उसे बांधे हुए हैं, और साथ ही जीवन की कठोर सच्चाइयों को भी उजागर करती है। अमेज़न एमएक्स प्लेयर के निदेशक और प्रमुख करण बेदी ने कहा, अमेज़न एमएक्स प्लेयर में हमारा उद्देश्य अपने दर्शकों को प्रीमियम और उच्च गुणवत्ता वाला मनोरंजन प्रदान करना है। चिड़िया उड़ अपने शानदार कलाकारों की टोली के साथ, मुंबई के कुख्यात अंडरवर्ल्ड में एक महिला के सत्ता तक पहुंचने की मनोरंजक कहानी पेश करती है।

### एमराल्ड फाइनेंस का समेकित क्यू3 एफवाय25 शुद्ध लाभ 109 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ पहुंचा ऊंचाई पर

मुंबई, एजेंसी। एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड जो भारत में अपनी प्रमुख अर्न्ड वेज एक्सेस सहित विभिन्न वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने वाली एक गतिशील कंपनी है, ने क्यू3 एफवाय25 और 9एम एफवाय25 के अपने अनेक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए श्री संजय अग्रवाल, प्रबंध निदेशक, एमेरेल्ड फाइनेंस लिमिटेड ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एफवाय25 की नौ महीनों में एफवाय24 की समान अवधि की तुलना में हमारी शुद्ध लाभ में 108 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो हमारे मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और संचालनात्मक क्षमता को दर्शाता है।

सोने के आयात के आंकड़ों में करेक्शन

# 5 अरब डॉलर कम हुआ व्यापार घाटा



नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार द्वारा सोने के आयात के आंकड़ों में तेज सुधार के बाद, नवंबर के लिए भारत के रिकॉर्ड व्यापार घाटे को 37.8 अरब डॉलर से घटाकर 32.8 अरब डॉलर कर दिया गया है। बता दें व्यापार घाटा वह राशि है, जिसके द्वारा आयात का मूल्य निर्यात से अधिक हो जाता है। वाणिज्य मंत्रालय की एक शाखा वाणिज्यिक खुफिया और सांख्यिकी महानिदेशालय ने बुधवार को कहा कि महीने के लिए सोने के आयात को 9.8 अरब डॉलर में समायोजित किया गया था, जो 14.8 अरब डॉलर के पहले के अनुमान से काफी कम है।

### कहां हुई थी गलती

जुलाई में रिपोर्टिंग सिस्टम में बदलाव के बाद गोदामों में सोने के शिपमेंट की कथित तौर पर डबल काउंटिंग के कारण गणना में गलती के लिए जिम्मेदार 5 अरब डॉलर का करेक्शन हुआ। इस विसंगति का पता डीजीसीआईएस और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के आंकड़ों के मिलान की प्रक्रिया के दौरान चला था। हालांकि, कॉमर्स डिपॉर्टमेंट ने अभी तक संशोधन पर आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

### शुरू में रिकॉर्ड घाटे की सूचना

नवंबर के व्यापार के आंकड़ों ने शुरू में रिकॉर्ड घाटे की सूचना दी, जो सोने के आयात में असामान्य 331 प्रतिशत साल दर साल ग्रोथ से प्रेरित थी। सोना, जो महीने के लिए कुल ट्रेड इंपोरट का 21 प्रतिशत था, पहले 14.8 अरब डॉलर का अनुमान लगाया गया था। यह देश के व्यापार संतुलन के बारे में चिंताओं को बढ़ाता है। भारत अपने सोने का अधिकांश आयात स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और पेरू से करता है। संशोधित आंकड़ों के अनुसार, नवंबर के लिए भारत का सोने का आयात अब 9.8 अरब डॉलर है, जिससे चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों के दौरान आयातित सोने का कुल मूल्य 44 अरब डॉलर हो गया है। संशोधन से पहले व्यापार घाटा नवंबर 2023 में 21.3 बिलियन डॉलर की तुलना में रिकॉर्ड 37.8 बिलियन पर पहुंच गया। 16 दिसंबर 2023 को वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए डेटा ने नवंबर में निर्यात में 4.9 प्रतिशत साल दर साल गिरावट के साथ व्यापारिक आयात में 27 प्रतिशत साल दर साल वृद्धि दिखाई। इस बीच, सर्विस एक्सपोर्ट ने जोरदार प्रदर्शन किया, नवंबर सरप्लस रिकॉर्ड .18 बिलियन को छू गया।

### 64.95 अरब डॉलर का सोना भारत ने किया आयात

नवंबर के लिए सोने के आयात आंकड़ों में 5 अरब डॉलर की संशोधन के साथ आयात 69.95 अरब डॉलर से घटकर 64.95 अरब डॉलर रह गया है।
एक साल पहले यह आंकड़ा 55.06 अरब डॉलर था। नवंबर 2023 में 33.75 अरब डॉलर की तुलना में नवंबर में कुल निर्यात घटकर 32.11 अरब डॉलर हो गया। इस वित्त वर्ष (अप्रैल-नवंबर 2024) में अब तक, अप्रैल-नवंबर 2023 में 498.33 बिलियन डॉलर की तुलना में कुल निर्यात 536.25 बिलियन डॉलर रहा, जो 7.61 प्रतिशत की वृद्धि है।

### किन चीजों का सबसे अधिक हुआ निर्यात

इस अवधि में इलेक्ट्रॉनिक सामान के ट्रेड एक्सपोर्ट में साल दर साल आधर पर 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इंजीनियरिंग सामान (26.87 प्रतिशत), चावल (13.35 प्रतिशत), ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स (6.76 प्रतिशत), और रेडी-मेड कपड़े (15.21 प्रतिशत) में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

# एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने एक्सिस बैंक में बढ़ाई शेयर होल्डिंग




नई दिल्ली, एजेंसी। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने एक्सिस बैंक में अपनी हिस्सेदारी 5 आधार अंकों से बढ़ाकर 4.97 से 5.02 फीसद कर ली है, यह कदम बैंक की विकास संभावनाओं में फंड हाउस के विश्वास को दर्शाता है। फंड हाउस ने को एक बयान में कहा, 6 जनवरी, 2025 को कारोबार बंद होने पर एक्सिस बैंक में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड की कुल होल्डिंग कंपनी की चुकता शेयर पूंजी का 5.02 प्रतिशत थी। इस अपडेट के बावजूद सुबह पौने 11 बजे के आसपास एक्सिस बैंक के शेयर करीब एक प्रतिशत नीचे 1064 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक के शेयर भी 1.48 पर्सेंट नीचे 1648.85 रुपये पर थे। अधिग्रहण से पहले एचडीएफसी म्यूचुअल फंड के पास 15,38,45,705 शेयर थे, जो एक्सिस बैंक में 4.97 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। अधिग्रहण के बाद एचडीएफसी म्यूचुअल फंड के पास 15,53,35,021 शेयर या 5.02 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बीएसई पर शेयरहोल्डिंग पैटर्न डेटा के अनुसार एचडीएफसी ने अपनी विभिन्न म्यूचुअल फंड योजनाओं के जरिए से चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही के अंत तक एक्सिस बैंक में 13,06,05,045 शेयर या 4.42 प्रतिशत हिस्सेदारी रखी। यानी एचडीएफसी ने दिसंबर तिमाही में एक्सिस बैंक में अपनी हिस्सेदारी काफी बढ़ा ली। दिसंबर तिमाही के शेयरधारिता पैटर्न के आंकड़ों का खुलासा होना अभी बाकी है।

# बजट में नई व्यवस्था में टैक्स छूट सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये करे सरकार, ईवाई का सुझाव




नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार 2025-26 के बजट में नई कर व्यवस्था में टैक्स छूट सीमा को तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने पर विचार कर सकती है। करदाताओं को राहत देने के लिए कर दरों को भी कम किया जा सकता है। अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) इंडिया ने बजट पूर्व सुझाव रिपोर्ट में कहा, सरकार को आगामी बजट में आयकरदाताओं को टैक्स के मोर्चे पर राहत देने पर ध्यान देना चाहिए। 2023-24 तक 31 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 9.6 फीसदी) के आयकर विवाद को भी सुलझाने की कोशिश होनी चाहिए। ईवाई इंडिया ने बुधवार को अपने सुझाव में कहा, अनुपालन बोझ कम करने के लिए निकासी चरण तक पीएफ ब्याज दर (2.5 लाख से ऊपर) पर स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) को स्थगित करना चाहिए। पिछले बजट में टीडीएस दर को कुछ हद तक तर्कसंगत बनाया गया था। टीडीएस दर संरचना को कम दरों के साथ तीन-चार श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रत्यक्ष कर संहिता की पूर्ण समीक्षा में समय लग सकता है।

- **कर प्रणाली सरल बनाने व मुकदमे घटाने की जरूरत-** ईवाई ने कहा, अर्थव्यवस्था में मांग एवं खपत बढ़ाने के लिए कर प्रणाली को सरल बनाने और करदाता सेवाओं में सुधार बहुत जरूरी है। मुकदमेबाजी को कम करने और कर अनुपालन को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुधारों की जरूरत है। लंबित कर विवादों को कम करने और आगे के विवादों से बचने के लिए प्राथमिकता के आधार पर उपाय करने चाहिए। इसके लिए वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को मजबूत करने की तत्काल जरूरत है। सुरक्षित बंदरगाह जैसे अन्य विवाद निवारण विकल्पों को और अधिक आकर्षक बनाया जाना चाहिए।
- **मकान किराया भत्ता में मिले 50 फीसदी छूट**-रिपोर्ट में सुझाया गया है कि हैदराबाद, पुणे, बंगलूरू और अहमदाबाद जैसे शहरों में मकान किराया भत्ता (एचआरए) में 50 फीसदी की छूट दी जानी चाहिए। इससे कर में समानता मिलेगी।

### बुरे दौर से गुजर रहा सुजलॉन एनर्जी शेयर, नए साल में हर दिन करा रहा नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी। सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में पिछले कुछ सेशन से गिरावट आ रही है। पिछले एक सप्ताह में ही 8 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है।

इस साल अब तक के 7 कारोबार सेशंस में यह शेयर



करीबन 9 प्रतिशत तक गिर गया। बुधवार को भी सुजलॉन एनर्जी के शेयर थोड़ा नीचे खुले और बीएसई पर लगभग 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गए थे। आज गुरुवार को रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी के इस शेयर में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है और यह शेयर 58.60 रुपये पर आ गया। बता दें कि पांच साल में यह शेयर 2300 प्रतिशत तक चढ़ गया है। इस दौरान इसकी कीमत 2 रुपये से वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई।

अडानी और बिड़ला ग्रुप के वर्चस्व के बीच आ रहा नया खिलाड़ी

# 4000 करोड़ का ला रहा आईपीओ

नई दिल्ली, एजेंसी। सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाली इंफ्रास्ट्रक्चर-टू-मेटल जेएसडब्ल्यू समूह का हिस्सा जेएसडब्ल्यू सीमेंट को 4,000 करोड़ रुपये के आईपीओ प्रस्ताव के लिए सेबी से मंजूरी मिल गई है। मनीकंट्रोल ने सूत्रों के हवाले से इस अपडेट की जानाकरी दी है। फर्म ने 17 अगस्त को अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया था। जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने शेयर मार्केट में एंट्री करने का कदम ऐसे समय उठाया है, जब सीमेंट सेक्टर में बिड़ला ग्रुप की अग्रणी अल्ट्राटेक सीमेंट और अडानी ग्रुप की एसीसी-अंबुजा गठबंधन के बीच एमएंडए की खींचतान चल रही है मनीकंट्रोल के दो में से एक सूत्र ने बताया, बाजार नियामक से आईपीओ प्रस्ताव के लिए हरी झंडी मिल गई है और निवेशकों के रोड शो और अन्य कारकों के आधार पर, लॉन्च के समय पर बाद में फैसला लिया जाएगा। इसकी पुष्टि दो अन्य व्यक्तियों ने भी पुष्टि की है। यह डील 2,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों के नए इश्यू और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 2,000 करोड़ रुपये के ऑफर-फॉर-सेल का संयोजन है। अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट, सिनर्जी मेटल्स इन्वेस्टमेंट होल्डिंग और एसबीआइ जैसे निवेशक ऑफर-फॉर-सेल में भाग लेंगे।

शुरुआती शेयर बिक्री अगस्त 2021 में नुवोको विस्टास के 5,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के बाद सीमेंट सेक्टर की पहला बड़ा ऑफर होगा। संयोग से, किया था और यह सीमेंट प्रोडक्शन में एक प्रमुख कंपोनेंट क्लिंकर की सप्लाई मेन यूनिट को करती है। जेएम फाइनेंशियल, कोटक महिंद्रा कैपिटल, जेफरीज,



अक्टूबर 2023 में जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर की लिस्टिंग ने 13 साल में ग्रुप के पहले आईपीओ को मार्क किया है।

शिवा सीमेंट को 2017 में जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने अधिग्रहित एक्सिस कैपिटल, डीएएम कैपिटल, सिटी, गोल्डमैन सैक्स और एसबीआई कैपिटल निवेश बैंक हैं जो शेयर बिक्री का प्रबंधन कर रहे हैं। खेतान एंड कंपनी फर्म की कानूनी सलाहकार है।

### क्या है जेएसडब्ल्यू सीमेंट का इरादा

जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने 2009 में भारत के दक्षिणी क्षेत्र में काम शुरू किया था और भारत में सात प्लांट का संचालन करता है। इनसे अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी स्थापित ग्राइंडिंग क्षमता को 20.60 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 40.85 एमएमटीपीए तथा स्थापित क्लिंकर क्षमता को 6.44 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 13.04 एमएमटीपीए करेगी। इसके अलावा, इसका इरादा कुल क्षमता को बढ़ाकर 60.00 एमएमटीपीए करने का है।

### अमेजन ने कस्टमाइजेबल डिस्पले, जीवंत ध्वनि और स्मार्ट होम क्षमताओं के साथ एलेक्सा-इनबेल्ड स्मार्ट अलार्म क्लॉक, इको स्पॉट को किया पेश

मुंबई, एजेंसी। अमेजन ने भारत में नई , इको स्पॉट लॉन्च किया है। यह इसकी एलेक्सा-इनेबल्ड ईको सीरीज़ में सबसे नई डिवाईस है।, इको स्पॉट एक स्लीक और नई स्मार्ट अलार्म क्लॉक है, जिसमें अनेक कस्टम डिजाईन के क्लॉक फेस, रंगीन डिस्प्ले विकल्प और चार नई अलार्म ध्वनियां शामिल की गई हैं। इको स्पॉटका सघन और कस्टमाईज़ेबल डिस्प्ले शैली और कार्यक्षमता के साथ अलार्म सेट करने और देखने तथा समय, मौसम और गानों के टाइटल एक ही नजर में देखने में समर्थ बनाता है। इसके डायरेक्शनल स्पीकर साउंड का बेहतरीन अनुभव प्रदान करते हैं। यह बेडसाईड टेबल बेहतर बनाने के लिए डिज़ाईन किया गया है। इसके नाईट मोड विकल्प की मदद से ग्राहक नींद के बीच भी स्क्रीन पर आसानी से समय देख सकते हैं।
इको स्पॉट ब्लैक और ब्लू रंगों में उपलब्ध है, तथा सीमित समय के लिए यह केवल 6,449 रुपये के ऑफर मूल्य में मिल रहा है। अमेजन डिवाईसेज़ इंडिया के डायरेक्टर एवं कंट्री मैनेजर, पराग गुप्ता ने कहा, ''हमारी डिवाईसेज की मदद से हम ग्राहकों के दैनिक जीवन को लगातार सुविधाजनक और आरामदायक बनाना चाहते हैं। इको स्पॉट हमारी ईको सीरीज में सबसे नई डिवाईस है, जो हमारे इसी उद्देश्य को पूरा कर रही है। इसकी मदद से ग्राहक अपने बिस्तर पर लेटे हुए ही द्यद्व×ड्ड को वॉईस कमांड देकर मौसम का विवरण और कैलेंडर देख सकते हैं, कंपैटिबल स्मार्ट लाईट और घरेलू अप्लायंसेज़ को कंट्रोल कर सकते हैं, तथा सुबह अपने पसंदीदा संगीत के साथ नींद से जाग सकते हैं।'' उन्होंने आगे बताया, ''इसकी एस्थेटिक डिजाईन अपने रंगीन और कस्टमाईज़ेबल डिस्प्ले के साथ बेडसाईड की व्यवस्था ज्यादा आकर्षक बना देती है। ग्राहक जानकारी के लिए —एलेक्साकी मदद लेना पसंद करते हैं——एलेक्सा हर मिली सैकंड अनेकों सवालों के जवाब देती है। ग्राहक मौसम के अपडेट, मामूली जानकारी, रेसिपी, और सामान्य ज्ञान आदि के लिए —एलेक्सा की मदद लेते हैं। वो रिमाईडर, अलार्म, टाईमर सेट करने, सूची बनाने आदि कामों में भी —एलेक्सा की मदद लेते हैं।,

## कोटक महिंद्रा बैंक ने तीसरी बार वाणिज्यिक वाहन ड्राइवर्स के लिए सेहत का सफर स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ

- **देशव्यापी स्तर पर 45 स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे जो कि ड्राइवर्स की सेहत एवं तंदुरुस्ती को और बेहतर बनाएंगे**



मुंबई, एजेंसी। कोटक महिंद्रा बैंक (कोटक) ने अपनी सीएसआर पहल 'सेहत का सफर' का तीसरा संस्करण लॉन्च करने की घोषणा की है। यह पहल वाणिज्यिक वाहन चालकों के स्वास्थ्य और भलाई को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस वर्ष यह पहल 45 स्थानों तक पहुंचेगी, जो पिछले संस्करण के 30 स्थानों की तुलना में अधिक है। इन मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविरों का लाभ लगभग 4000 ट्रक चालकों को मिलेगा।

ये स्वास्थ्य शिविर देश के बड़े परिवहन केंद्रों जैसे दुलियाजान, दुर्गापुर, पटना, दिल्ली, कोयंबटूर और भोपाल में आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य ड्राइवरों के जीवन को बेहतर बनाना और उनके योगदान को सराहते हुए उनकी सेहत और भलाई का ख्याल रखना है। वाणिज्यिक वाहन चालकों का देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान होता है, और यह पहल उनके प्रति कोटक की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाती है। इन शिविरों में, न केवल स्वास्थ्य जांच की जाएगी, बल्कि विशेषज्ञ काउंसलर उन्हें दैनिक जीवन में स्वस्थ आदतें अपनाने की जानकारी देंगे।

### कैप्टन टेक्नोकास्ट लिमिटेड ने 8.4 करोड़ की इक्विटी आवंटन के साथ अपनी पूंजी आधार को किया मजबूत

मुंबई, एजेंसी। कैप्टन टेक्नोकास्ट लिमिटेड जो कि प्रिसीजन इन्वेस्टमेंट कास्टिंग का प्रमुख निर्माता, निर्यातक और आपूर्तिकर्ता है, ने समकक्ष संख्या के वॉरंट्स के रूपांतरण के माध्यम से 14,00,000 इक्विटी शेयरों का आवंटन पूरा कर लिया है। वारंट रूपांतरण के माध्यम से प्रेफरेंशियल आधार पर सफल इक्विटी आवंटन, जिसमें प्रत्येक वारंट के लिए पूर्ण और अंतिम सदस्यता राशि के खिलाफ 75 प्रतिशत शेष राशि प्राप्त होने के बाद इसे इक्विटी शेयरों में रूपांतरित किया जाता है, कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण विकास है। यह कंपनी के पूंजी आधार को मजबूत करता है और भविष्य में विकास के लिए कंपनी को सुदृढ़ स्थिति में लाता है। अपने वित्तीय संसाधनों को बढ़ाकर, कंपनी का उद्देश्य संचालन में सुधार लाना और औद्योगिक क्षेत्रों में अपनी विविध ग्राहक सूची को उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादों की निरंतर आपूर्ति करना है।.
यह टिप्पणी करते हुए, श्री अनिल वी. भालू, प्रबंध निदेशक, कैप्टन टेक्नोकास्ट लिमिटेड ने कहा, यह सफल इक्विटी आवंटन कैप्टन टेक्नोकास्ट लिमिटेड के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सिंगापुर के पीटीडब्ल्यू ग्रुप के साथ बारट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने एमओयू पर किया हस्ताक्षर

मुंबई, एजेंसी। बारट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (बीएसई 532694, एनएसई), जो वित्तीय प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी है, और पीटीडब्ल्यू ग्रुप, जो सिंगापुर स्थित सेमीकंडक्टर समाधान प्रदाता है, ने भारत के सेमिकंडक्टर उद्योग को सुदृढ़ करने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू हैदराबाद में सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री, तेलंगाना के साथ बैठक के बाद हस्ताक्षरित किया गया, जिससे भारत के वैश्विक सेमीकंडक्टर केंद्र बनने की महत्वाकांक्षी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित हुआ। यह एमओयू पीटीडब्ल्यू ग्रुप, सिंगापुर आधारित सेमीकंडक्टर समाधान प्रदाता के भारतीय बाजार में प्रवेश का प्रतीक है। नए फैसिलिटीज़ की योजना भारत में नए फैब्स की स्थापना, सेमिकॉन उपकरणों के स्थानीय उत्पादन और पुनर्निर्माण और सेमीकंडक्टर उत्पादन, प्रक्रियाओं और उपकरणों पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों को स्थापित करने में मदद करने के लिए बनाई गई है। पीटीडब्ल्यू और बारट्रॉनिक्स का प्रस्तावित विलय भारत में उत्पादन, पुनर्निर्माण और प्रशिक्षण सुविधाओं की स्थापना का उद्देश्य रखता है ताकि सेमीकंडक्टर उद्योग की बढ़ती मांगों को पूरा किया जा सके। यह उत्पादों, सेवाओं और प्रशिक्षण में नवाचार को प्रेरित करेगा और इस प्रकार भारतीय सेमिकॉन परिदृश्य को बदल देगा। इसके अलावा, यह अनुसंधान एवं विकास, निर्माण, कार्यबल प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समर्थन करेगा, जो भारत के वैश्विक सेमीकंडक्टर केंद्र बनने के लक्ष्य के अनुरूप होगा। पीटीडब्ल्यू, जिसकी विश्वभर में 14 से अधिक देशों में उपस्थिति है, दुनिया में एकमात्र पुनर्निर्माणकर्ता है जिसे 700 से अधिक फैब्स के साथ अनुमोदित विक्रेता स्थिति प्राप्त है। इनमें बाजार के प्रमुख जैसे टीएसएमसी, यूएमसी, ग्लोबल फाउंड्रीज, सोनी, सैमसंग, माइक्रोन, एसटी माइक्रो, इन्फिनियन, टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स शामिल हैं।

# प्रवासी मजदूरमन कर निबंधन, लाभ ले होलयं कार्जसाला कर आयोजन



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**पलामू।** जिला कर नावाबाजार ब्लॉक में प्रवासी मजदूरमन से संबंधित कार्जसाला कर आयोजन सुकरवार के करल गेलक। इकर में नावाबाजार ब्लॉक कर मुखिया आउर वार्ड कर संगे-संगे प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु बाला, अंचलाधिकारी शैलेश कुमार आउर श्रम अधीक्षक एतवारी महतो भी उपस्थित रहयं।

कार्जसाला में श्रम अधीक्षक एतवारी महतो प्रवासी श्रमिकमन से संबंधित समस्यामन उपरे प्रकास डाललयं। ऊ बतालयं कि दूसर प्रदेस, देस में रोजगार केर बेहतर तलास में जायेकवाला मजदूर अनिवार्य रूप से श्रमाधान. झारखंड.जीओवी.कॉम पोर्टल में निबंधन कराय के जाबयं, ताकि श्रमिकमन के केउ किसिम कर कठिनाई नी होवी। उनकेर द्वारा बताल गेलक कि सामान्य मृत्यु, दुर्घटना इया प्राकृतिक आपदा केर चलते जिला कर प्रवासी श्रमिक कर मृत्यु/असक्त होवेक से उनके आपन घर तक लानेक ले 50 हजार तक कर रासि मुख्यमंत्री झारखंड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोस से देवल जाई।

प्रवासी श्रमिक कर दुर्घटना में दू गो अंग इया दुईयों आंइख इया अंग कर हानि होवेक से आउर दुर्घटना/प्राकृतिक आपदा में श्रमिक कर मृत्यु होवेक से पंजीकृत आउर अपंजीकृत प्रवासी श्रमिकमन के 75 हजार से दो लाख रुपया तक कर भुगतान करल जाई। श्रम अधीछक द्वारा श्रम बिभाग केर संचालित सउब जोजनामन कर जानकारी प्रोजेक्टर (ओडियो, वीडियो) केर माध्यम से देल गेलक। सउब आगन्तुकमन से अपील करल गेलक कि जे भी मजदूर आपन राइज से दूसर राइज में काम करेक जायना, ऊ आपन निबंधन प्रवासी मजदूर केर रूप में श्रम बिभाग में जरूर करावयं।

नागपुरी लघुकथा

## महुआ पानी



रामदेव बड़ाईक

बात अगम दिन पहिले कर हेके, एगो नगर में एगो राजा रहत रहंय। राजा साहेब मर-महिमान कर सेवा बहुत बढ़िया से करत रहंय। राजा साहेब कर जीव सउब दिन एहे कहत रहे कि....

मोर घर में रोज दिन मर - महिमान मन आतंय आउर हामरे सउब परिवार मिलके उमनकर सेवा-सुसुरसा करती आउर हामरे कर सेवा - सुसुरसा से महिमान मन खुसी से झुमे लागतंय।

मर - महिमान तो राजा साहेब कर घर में, नित दिन आवत - जात रहंय , राजा साहेब - रानी साहेबा आउर राजा साहेब कर बेटा-बेटी , मर-महिमान मनकर खउब आदर-माइन, सेवा - सत्कार करंय मुदा उमन तो..., बन जंगल कर कंद - मूल, फल - डल से करत रहंय ! महिमान मन जे पहर राजा साहेब कर घर से आपन घर जाएं तो, राजा- रानी बड़ अचरज (हयकट) में पइर जाएं।

भला! हयकट में परे वाला बाते हय, का ले तो... राजा- रानी कर कहेक रहे कि, हामरेकर घर आवल महिमान मन, घर जायेक बेरा का ले तब उमन झुमते नि जाएंना ?

आईं भला!

हामरे तो उमन के अगम सेवा करीला!

महिमान मन राजा- रानी उनकर बेटा-बेटी कर सेवा से अगम खुस होवत रहंय ।

मुदा उमन कहतंय आपने मन जे फल - डल हामरे मनके खायेक ले देवीला एके तइर कर रहेला ?

राजा साहेब कर बेटा तो महिमान मनकर खउब खातिरदारी करत रहंय ।

राजा साहेब कर बेटा, एक दिन आपन आबा हर के कहलंय कि मोय, बन जाथों आउर मोय बन से आऊरो कीसिम कर कंद - मूल, फल- डल खोइज बिन के लानमूं...,

एतइ बात राजा साहेब कर बेटा आपन आबा से करलंय तले कहलंय हामरे कर घर में जे महिमान मन आबंय से महिमान मनके सेवा - सत्कार में उमन के खायेक-पियेक बेरा देमूं।

राजा साहेब आपन बेटा कर बात से बहुइ खुस होलंय आउर ऊके बन जायेक ले आगेयां देई देलंय।

राजा साहेब कर बेटा बन चइल गेलंय आउर बन में, कंद - मूल फल - डल खोजेक लागलंय मुदा उनके कोनो आउर फल - डल नज़इर नि आवत रहे...,

बेचरंगा थाइक - हाइर के एगो बेस गछ कर छांहईंर में बइस गेलंय आउर सुसताएक लागलंय ।

राजा साहेब कर बेटा देखथंय ऊ गछ में ढेइर चिरईं - चुनगुन मन उइड़ - उइड़ के आवत रहंय आउर ऊ गछ में बइसत रहंय, तले उमन ओहे गछ कर आरा में, एगो गड़हा डोभा रहे तहां कर पानी पीयत रहंय ।

राजा साहेब कर बेटा हों, खउभे पियासल रहंय ऊ हों , ऊ डोभा कर पानी के पीलंय, डोभा कर पानी उनके मुरुख सवाद लागलक मुदा ऊ पानी के पीयल पाछे ऊ ओहे ज नाचे-गावे, झुमे लागलंय।

तब राजा कर बेटा ऊ गछ के हेंठे से ऊपरे तक देखे लागलंय ऊ गछ 'महुआ' कर गछ रहे।

राजा साहेब कर बेटा ऊ ज से आपन घर चइल आलंय आउर आपन आयो - आबा के ऊ गछ ज कर, डोभा कर पानी कर गुन के बतालंय।

राजा - रानी आपन बेटा कर बात सुइन के अगम खुस होलंय आउर उमन दुइयो परानी,, ऊ महुआ गछ ज कर डोभा के अटकर करेक लगिन घर से डोरी-बालटी, गगरी लेइके चइल गेलंय ।

पहिले तो राजा- रानी ऊ डोभा कर पानी के पी के देखलंय पानी 'मउध' जइसन उमन के लागलक, मुदा पानी पीयल पाछे ओहो मन ओहे ज झुमे - नाचे लागलंय।

₹दर असल में डोभा कर पानी में महुआ गिर- गिर के पानी मधुवाय गेलक/जाय रहे.₹ .. ।

राजा- रानी ऊ डोभा कर पानी के, गगरी में भइर के आपन घर ले आनलंय आउर जे बेरा उमन कर घर में मर- महिमान मने आवत रहंय उमन सोवागत रुपे महिमान मनके कंद - मूल, फल - डल संगे, पीयेक ले ओहे पानी के देवत रहंय। महिमान मन हों खाय पी के बिदा होवत रहंय से पहर ले, ओहो मन (मर-महिमान) हों, झुमे - नाचे, गावे, लागत रहंय।

ओह ! रे....#महुआ पानी

## डीसी कर जनता दरबार में फरियादीमन लगालयं गुहार

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय समाहरणालय इस्थित आपन कार्यालय कछ में जनता दरबार कर आयोजन सुकरवार के करलयं। जिला कर बिभिन्न परखंड से पहुंचल ग्रामीनमन उपायुक्त के अपन-अपन समस्या से अवगत करालयं। समाधान करेक ले अनुरोध करलयं। जनता दरबार में आवल समस्यामन कर अवलोकन करते उपायुक्त संबंधित अधिकारीमन के आवेदन अग्रसारित करते निर्धारित समय सीमा में निष्पादन करेक कर निर्देस देलयं। जनता दरबार में कटकमसांडी थाना छेतर कर पेलावल निवासी मो.अब्बास उपायुक्त से ऑनलाइन रसीद निर्गत करेक आउर कण्ड्सार गांव केर रहेक वाला बबिता देवी केसीसी रिन माफ करेक कर निवेदन करलयं।

विष्णुगढ़ केर सुनीता देवी आउर लालपुर सखिया केर राबिया खातून उपायुक्त से मंईयां सम्मान योजना कर लाभ देवेक कर निवेदन करलयं। डांडी पोस्ट कर होसीर गांव निवासी दिनेश महतो उपायुक्त से परिजोजना में अधिग्रहन जमीन कर सरकारी अमीन से सीमांकन करूवाएक कर गुहार लगालयं।

दारू थाना छेतर कर राजेश कुमार साव उपायुक्त से समाहरणालय केर रिक्त पद में चतुर्थ श्रेनी में नियुक्ति कर संबंध में आवेदन देलयं। नगर निगम हजारीबाग कर विवेक कुमार वाल्मीकि उपायुक्त के पुराना समाहरणालय में साफ सफाई करेक वाला मजदूरमन ले कार्यालय खोलेक ले अनुमति देवेक कर संबंध में आवेदन देलयं। इचाक थाना छेतर केर पुनम देवी उपायुक्त से घर में पेबर ब्लॉक आउर पथ निर्मान कर भुगतान करेक कर निवेदन करलयं। जनता दरबार में मुध रूप से, रोजगार, जमीन संबंधी, जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कतई आवेदन आलक, जेके उपायुक्त संबंधित बिभागमन केर पदाधिकारीमन के आवेदन अग्रसारित कइर के निर्धारित समय सीमा कर भितरे निष्पादित करेक कर निरदेस देलयं।



## राष्ट्रीय जतरा महोत्सव 31 से मोरहाबादी में, पोस्टर होलक लॉन्च



**रांची।** राष्ट्रीय जतरा महोत्सव कर आयोजन 31 जनवरी आउर 1 फरवरी के रांची केर मोरहाबादी मैदान में होवी। इकर पोस्टर कर बिमोचन खिजरी बिधायक राजेश कच्छप, राष्ट्रीय जतरा महोत्सव केर अध्यछ नरेश पहान आउर पदधारीमन 10 जनवरी के करलयं। खिजरी बिधायक राजेश कच्छप कहलयं कि राष्ट्रीय जतरा महोत्सव केर सउब पदधारी बधाई कर पात्र हयं, जे अनुसुचित जनजातिमन कर 33 समूहमन के एके मंच में लानेक कर काम करत हयं।

राष्ट्रीय जतरा महोत्सव कर अध्यछ नरेश पहान कहलयं कि राष्ट्रीय जतरा महोत्सव कर तैयारी सुरू कइर देवल जाए हे। झारखंड केर सउब जिला में रहेक वाला आदिवासी समाज केर अदमीमन के राष्ट्रीय जतरा महोत्सव में सामिल होवेक ले आमंत्रित करबयं। राष्ट्रीय जतरा महोत्सव कर कोसाध्यछ सूरज टोप्पो कहलयं कि महोत्सव में जतई भी आदिवासीमन कर बर्ग कर बेसभूसा, खान पान आउर प्रतीक चिन्ह स्टॉल कर माध्यम से देखाल जाई। राष्ट्रीय जतरा महोत्सव केर महासचिव नीलम बिरूली कहलयं कि राष्ट्रीय जतरा महोत्सव केर मंच से गोटा देस दुनिया केर आदिवासी मन के आपन धरोहरमन के बचायेक आउर आपन परंम्परा, संस्कृति के संरछन देवेक कर काम करबयं। ई पोस्टर लॉन्च में सचिव डब्ल्यू मुंडा, अरूण पहान, उपाध्यछ अमित मुंडा, विक्की करमाली, मिथलेश कुमार, अशोक मुंडा, मोहन तिर्की, जोशना केरकेट्टा, राधा हेमरोम, सोनू खलखो, दिप्तराज बेदिया, मानसीन मुंडा, ज्योति हेमरोम, सिकन्दर मुंडा, राहुल तिर्की, मुकेश मुंडा, उमेश पहान संगे आउरोंमन भी मौजूद रहयं।

# सीआईएसएफ जरूरतमंदमन कर बीच कंबल कर करलक बितरन





प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सीआईएसएफ कर महानिरीक्षक (पूर्वी मुख्यालय, रांची) श्रीमती शांथी जी जयदेव स्थानीय ग्रामीमन कर बीच कंबल बितरन करलयं। ई आयोजन सीआईएसएफ एस एचक्यू रांची परिसर में कमांडेंट (द्वितिय आरक्षित वाहिनी, केऔसुब) हरेन्द्र नारायण कर उपस्थिति में होलक। इकर उद्देस आसपास कर छेतर में जरूरतमंद गरीब परिवारमन के सहायता परदान करेक रहे।

कंबल वितरण अभियान से आसपास कर ग्रामीन समुदायमन केर पिछड़ा आउर गरीब ग्रामीमन बर्ग के लाभ मिललक। बगसेस रूप से बुजुर्ग, महिला, छउवामन आउर ऊ परिवारमन के, जे आर्थिक कठिनाइमन कर सामना करत हयं। ई पहल ऊ अदमीमन के सर्दी से राहत देवेक ले करल जाए रहे, जे सर्दि में बिसेस रूप से कठिन परिस्थितिमन कर सामना करत रहयं।

ई पहल कर तहत 80 स्थानीय ग्रामीनमन के कंबल बितरित करल गेलक। ई अवसर में श्रीमती शांथी जी. जयदेव कहलयं कि हमिन समझीला कि हमिन कर ग्रामीन समुदायमन के सर्दि केर महीना में कतई कठिनाइ कर सामना करेक पड़ेला। ई पहल ऊ समस्यामन के कम करेक कर दिसा में एगो छोट सा प्रयास हय। हमिन ई समर्थन ऊ जरूरतमंदमन तक पहुंचायेक में सहजोग करेक वाला बल कर्मिमन आउर स्थानीय समुदाय कर आभार बेक्त करीला।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com